वर्ष 69 अंक 196 पृष्ठ 12
भोपाल, बुधवार 15 अप्रैल, 2026
वैशाख कृष्ण पक्ष 13, विक्रम संवत् 2083
महानगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

"कब्रों पर बहाए गए सबसे कड़वे आंसू उन शब्दों और कर्मों के लिए होते हैं, जो कभी कहे या किए नहीं गए।
- हैरिएट बीचर स्टोव

## नारी शक्ति नेतृत्व का नवयुग



# 'नारी शक्ति वंदन' सम्मेलन

15 अप्रैल, 2026 | रवीन्द्र भवन, भोपाल

मुख्य अतिथि

## डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

"प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33% आरक्षण सुनिश्चित करने वाला **'नारी शक्ति वंदन अधिनियम'** नारी शक्ति के सम्मान, स्वाभिमान और सशक्त भविष्य का ऐतिहासिक संकल्प है। इस युगांतरकारी निर्णय के लिए प्रधानमंत्री जी का हृदय से

**अभिनंदन एवं आभार**"



डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

D-11006/26

**सशक्त नारी, सशक्त देश**

**राज्य स्तरीय नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा**
**(10 -25 अप्रैल 2026)**

डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन: म.प्र. माध्यम/2026

## संक्षिप्त खबरें

### पाइपलाइन बिछी तो कनेक्शन लें :राजपूत

**विसं भोपाल ।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि पीएनजी पाइपलाइन जिन क्षेत्रों में बिछ चुकी है, उस क्षेत्र के उपभोक्ता पीएनजी कनेक्शन जरूर लें। इससे उन्हें गैस सिलेंडर लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। गैस की सतत आपूर्ति होगी। उपभोक्ताओं से आग्रह है कि किसी तरह का भ्रम नहीं पालें। पीएनजी पूरी तरह से सुरक्षित है। राजपूत ने बताया कि प्रदेश में आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिये निरंतर कार्यवाही की जा रही है, अभी तक 2925 स्थानों पर जांच की गई, 4369 एलपीजी सिलेण्डर जब्त किये गए तथा 11 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराई गई। प्रदेश के 753 रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पंप) की जांच कराई गई है। इसमें 1 प्रकरण में एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है।

### जीएमसी में पैरा मेडिकल छात्रों की हड़ताल आज

**नगर संवाददाता, भोपाल।** गांधी मेडिकल कॉलेज में छात्रवृत्ति को लेकर पैरामेडिकल छात्र ने हड़ताल शुरू कर काम से दूरी बना ली है। हड़ताल कर रहे छात्रों ने बताया कि सत्र 2023-24 और 2024-25 के छात्रवृत्ति फॉर्म भरने की अनुमति नहीं मिल रही है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे फीस जमा नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उनकी पढ़ाई पर संकट खड़ा हो गया है। छात्रों ने मंगलवार केवल काम बंद रखा है, लेकिन बुधवार को वह सतपुड़ा भवन का घेराव करेंगे। छात्रों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ, तो अनिश्चितकालीन काम बंद आंदोलन किया जाएगा। सोमवार को भी छात्रों ने कॉलेज के एडमिन ब्लॉक के पास प्रदर्शन किया था, लेकिन कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने मंगलवार से हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया। वहीं जीएमसी प्रबंधन का कहना है कि यह मामला कॉलेज स्तर का नहीं है, बल्कि पैरामेडिकल काउंसिल के नियमों से जुड़ा है। इस संबंध में विभाग को कई बार पत्र भेजे जा चुके हैं और समाधान की कोशिश जारी है।

### एलएचबी रैक के साथ चलेगी भोपाल-जोधपुर



**नगर संवाददाता, भोपाल।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए आईसीएफ रैकों को एलएचबी रैकों के साथ यात्री सुविधाओं को विस्तारित किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट जोधपुर-भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस को आधुनिक एलएचबी रैक से संचालित करने का निर्णय लिया गया है। जानकारी अनुसार गाड़ी संख्या 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस अपने प्रारम्भिक स्टेशन जोधपुर से 14 अप्रैल से एलएचबी कोच के साथ चलेगी। जबकि गाड़ी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस अपने प्रारम्भिक स्टेशन भोपाल से 15 अप्रैल से एलएचबी कोच के साथ चलेगी। इस ट्रेन में 1 वातानुकूलित द्वितीय, 3 वातानुकूलित तृतीय, 2 वातानुकूलित तृतीय इकॉनमी, 7 स्लीपर, 4 सामान्य श्रेणी, 1 एसएलआरडी एवं 1 जनरेटर कार सहित कुल 19 एलएचबी कोच रहेंगे। एलएचबी कोच आधुनिक तकनीक से निर्मित होते हैं, जो अधिक सुरक्षित, आरामदायक एवं उच्च गति क्षमता वाले होते हैं। इन कोचों में बेहतर सस्पेंशन, उन्नत ब्रेकिंग सिस्टम एवं यात्रियों के लिए सुविधाजनक होते हैं।

# भाजपा कोरग्रुप बोला-दिल्ली कहेगी तो राज्यसभा की तीसरी सीट पर भी लड़ेंगे

## सीएम निवास में हुई नए कोरग्रुप की पहली बैठक, मंत्रियों को कार्यकर्ताओं से जोड़ने पर जोर

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश भाजपा कोरग्रुप ने तय किया है कि यदि पार्टी हाईकमान का निर्देश होगा, तो मध्यप्रदेश से राज्यसभा की तीसरी सीट पर पार्टी प्रत्याशी उतारेगी। खाली हो रही सीटों पर भी दिल्ली के निर्देश पर नाम तय किए जाएंगे। इसी तरह सरकार और संगठन के कामों को भी जमीनी स्तर तक उतारने के लिए पहले से ज्यादा प्रयास किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री निवास पर मंगलवार को भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में राज्यसभा चुनाव के अलावा सामान्य नागरिक संहिता(यूसीसी) और नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर मंथन किया गया। भाजपा के शीर्ष नेताओं की मौजूदगी में एक बार फिर से दोहराया गया कि पार्टी के छोटे कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा महत्व दिया जाना चाहिए। सरकार के मंत्रियों द्वारा अपने जिलों के प्रवास के दौरान ज्यादा से ज्यादा छोटे कार्यकर्ताओं को समय देना चाहिए।

बैठक में राज्यसभा की खाली हो रही तीन सीटों को लेकर भी नेताओं के बीच चर्चा की गई। नेताओं ने कितनी सीटों पर पार्टी प्रत्याशी खड़े करने है, इस पर निर्णय पूरी तरह से दिल्ली पर छोड़ दिया गया। नेताओं ने कहा कि यदि दिल्ली कहेंगी, तो तीसरी सीट पर भी प्रत्याशी को मैदान में उतारा जाएगा और उसके बाद ही तय करेंगे कि तीनों उम्मीदवार किस तरह से चुनाव जीतेंगे। बैठक में मध्यप्रदेश में यूसीसी लागू करने को लेकर समिति गठन करने और उसे लेकर राज्य में वातावरण निर्मित कराने को लेकर भी नेताओं ने अपनी -अपनी राय दी। उन्होंने कहा कि इस काम में पार्टी के छोटे से छोटे कार्यकर्ता को लगाया जाए, जो क्षेत्र में इसकी उपलब्धियों के साथ-साथ विपक्ष द्वारा किए जा रहे गलत प्रचार के बारे में जानकारी देंगे। इसी तरह नारी शक्ति वंदन अधिनियम को जन-जन पहुंचाने के लिए बड़े से लेकर छोटे कार्यकर्ताओं को भी जोड़ने की बात कही गई।



### राजनीतिक नियुक्तियों पर हुई बातचीत

कोरग्रुप की बैठक में निगम मंडलों सहित अन्य नियुक्तियों को लेकर चर्चा की गई, जिस पर सीएम ने कहा कि इस पर उनकी ओर से तैयारी पूरी है। उचित समय पर सूची जारी की जाएगी। इसके बाद इस विषय पर ज्यादा चर्चा नहीं हो सकी। बैठक में सरकार के भावी निर्णयों को लेकर भी नेताओं के सामने सीएम ने अपना पक्ष रखा, जिसे सभी से स्वीकार किया।

### इन विषयों पर भी चर्चा

कोरग्रुप ने पार्टी के स्थापना दिवस कार्यक्रम एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग- 2026 को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने बताया कि मंडल स्तर पर प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हो चुके हैं एवं अब जिले और प्रदेश स्तर पर प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाएंगे। बैठक में आमजन के हित में राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यों पर भी बातचीत हुई।

### ये रहे मौजूद

बैठक में बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिवप्रकाश के अलावा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, व राजेन्द्र शुक्ल, सांसद विष्णुदत्त शर्मा, मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, राकेश सिंह, और संपतिया उइके, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, अरविंद भदौरिया एवं भाजपा की प्रदेश महामंत्री व सांसद श्रीमती लता वानखेड़े उपस्थित रहीं।

# 21 वीं सदी का सबसे बड़ा निर्णय होगा वंदन अधिनियम: मुख्यमंत्री

## नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में हुए शामिल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लागू होने से नारी शक्ति का तेजी से सशक्तिकरण होगा। प्रधानमंत्री मोदी महिलाओं के हित में लगातार निर्णय लेकर महिलाओं को अधिकार देने के साथ उन्हें सशक्त बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह 21वीं शताब्दी का सबसे बड़ा निर्णय होगा। मुख्यमंत्री मंगलवार को इंदौर में में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास और प्रगति के पथ पर अग्रसर है। वर्ष 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों का पालन करते हुए मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति दिलाकर उनके हित में नया इतिहास लिखा, तो वहीं अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनाया। डॉ. यादव ने कहा कि यह दुर्भाग्य का विषय है कि विपक्षी दल वंदेमातरम् का अपमान कर रहे हैं। इसी प्रकार से राम मंदिर के समय भी समाज को बांटने की कोशिश हुई थी। जब सुप्रीम कोर्ट ने तीन तलाक को खत्म कर दिया, तब भी विपक्षी दल की सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को पलट दिया। विधायक मालिनी गौड़ ने कहा कि जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। पंचायत राज संस्थाओं में आधे स्थानों पर महिलाओं को आरक्षण देने के लिए प्रदेश सरकार धन्यवाद की पात्र है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पास हो जाने के बाद महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। कार्यक्रम में कला, संस्कृति, उद्यम, साहित्य आदि क्षेत्रों की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

### महिलाओं ने संभाली जिम्मेदारी

इस कार्यक्रम को पूरी तरह से महिलाओं द्वारा आयोजित किया गया। मंच पर कई वर्गों में कार्य कर रही नारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ मंच साझा किया। इस मंत्री, सांसद, विधायक और अधिकारी सब दर्शक दीर्घा में बैठे। कार्यक्रम में महिला स्व-सहायता समूह द्वारा विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न स्टॉलों पर जाकर महिलाओं द्वारा उत्पादित सामग्री का अवलोकन किया।

### राज्य स्तरीय कार्यक्रम आज

मध्यप्रदेश में 10 अप्रैल से प्रारम्भ हुए नारी शक्ति वंदन पखवाड़े के तहत 15 अप्रैल को भोपाल के रवीन्द्र भवन में राच्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम होगा। इस दौरान महिला नेतृत्व की यात्राच्च विषय पर एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जो महिला शक्ति के इतिहास और भविष्य की संभावनाओं को दर्शाएगी। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव शामिल होंगे और शासन व्यवस्था में महिलाओं की प्रत्यक्ष भागीदारी सुनिश्चित करने और नीति-निर्माण की प्रक्रियाओं में उनकी भूमिका को सुदृढ़ करने पर विशेष विमर्श करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस अवसर पर प्रदेश की महिलाओं को संबोधित भी करेंगे और सरकार के उस संकल्प को दोहराएंगे, जिसके तहत मध्यप्रदेश की लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं की आवाज और अधिक मुखर होगी।

# यूसीसी के बहाने नागरिकों पर कंट्रोल करना चाहती है भाजपा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी और उनकी सरकार समान नागरिक संहिता की आड़ में नागरिकों पर कंट्रोल करना चाहती है।



उन्होंने कहा कि बाबासाहेब हमेशा सभी वर्गों के लिए समानता की बात करते थे, वहीं भाजपा सरकार यूसीसी लाने जा रही है। अंबेडकर जंयती पर महूं पहुंचे सिंघार ने पत्रकारों से कहा कि भाजपा को यह बताना चाहिए कि यूसीसी में दलित और आदिवासियों के अधिकारों को कितना सुरक्षित रखा जाएगा। उन्होंने कहा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने कभी किसी दलित या आदिवासी को सरसंघचालक नहीं बनाया। इसका जवाब संघ के स्वयं सेवकों, भाजपा और सरकार के मंत्रियों को भी देना चाहिए। सिंघार ने कहा किआज लड़ाई समानता और संविधान की है इसलिए सभी को बाबासाहेब के विचारों को आत्मसात करना चाहिए तभी ये लड़ाई जीती जा सकती है। बाबासाहेब की जयंती पूरे देश में एक चेतना के रूप में मनाई जाती है। उनके विचारों पर लोग चलते हैं।

### एक माह के अंदर पद भरे भाजपा सरकार : पटवारी

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने महूं पहुंचकर बाबा साहब की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इस मौके पर पटवारी ने कहा कि बाबा साहब के विचार लोकतंत्र की मजबूती, समान अधिकार, सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा के लिए हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे। हर वर्ग की भागीदारी और समानता का मार्ग ही बाबा साहब का सच्चा सपना था। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा वास्तव में बाबा साहब के आदर्शो पर चलना चाहती है तो सरकार को एसी, एसटी और ओबीसी वर्ग के बैकलॉग के पदों को एक माह के अंदर भरना चाहिए।

### बाबा साहब को किया राज्यपाल ने याद



**विसं भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल मंगलवार को डॉ. बी.आर. अम्बेडकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माता के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। लोकभवन के बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल के पीएस डॉ. नवनीत मोहन कोठारी भी मौजूद थे। इस अवसर पर लोकभवन के अधिकारी-कर्मचारियों ने भी भारत के पहले विधि एवं न्याय मंत्री डॉ. अम्बेडकर को आदरांजलि अर्पित की।

# भाजपा दफ्तर से मिलेगी कार्यकर्ताओं को उपचार के लिए आर्थिक सहायता

**पार्टी कार्यालय में हरदिन बैठेंगे चिकित्सक, जल्द जिलों में भी शुरू होगी व्यवस्था**

**विसं, भोपाल।** मध्यप्रदेश भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं और उनके माध्यम से आने वाले आमजन को चिकित्सा उपचार के लिए आर्थिक मदद उपलब्ध कराएगी। पार्टी दफ्तर में विशेष व्यवस्था की गई है। प्रदेश भाजपा ने मंगलवार को सेवा प्रकल्प का शुभारंभ किया है। जिसे भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा संचालित किया जाएगा। यह प्रकोष्ठ पार्टी दफ्तर में आने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं या उनकी अनुशंसा पर पहुंचने वाले आमजन के उपचार के लिए आर्थिक सहायता पहुंचाने का काम करेगा। इसके लिए दफ्तर में विशेषज्ञ चिकित्सक भी बारी -बारी से अपनी सेवाएं देंगे, जो मरीजों का परीक्षण भी करेंगे और उन्हें कहां उपचार कराना है, इसके लिए उन्हें भेजने की व्यवस्था भी की जाएगी। साथ ही यहां आने वाले मरीजों के प्रकरण मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता प्रकोष्ठ में भेजने का काम भी यह प्रकोष्ठ करेगा। आवश्यक बजट उपलब्ध करा दिया जाएगा।

### मरीजों का भी करेंगे परीक्षण

संकल्प प्रकोष्ठ द्वारा अब प्रतिदिन एक विशेषज्ञ चिकित्सक को पार्टी दफ्तर में बैठाया जाएगा, जिनके द्वारा पार्टी दफ्तर में आने वाले कार्यकर्ताओं या उनके रिकमंड द्वारा आने वाले आम जनता का परीक्षण करेंगे। बताया गया है कि चिकित्सा प्रकोष्ठ जल्द ही जिलों के पार्टी दफ्तरों में भी चिकित्सकों की व्यवस्था करेंगे।

### सेवा प्रकल्प का होगा विस्तार : हेमंत खंडेलवाल

प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने शुभारंभ अवसर पर कहा कि चिकित्सा प्रकोष्ठ के इस नवाचार का विस्तार किया जाएगा। पार्टी ने इस प्रकल्प के जरिए कार्यकर्ताओं और उन के परिजनों की सेवा का संकल्प लिया है। जनता की सेवा भी हमारा संकल्प लिया है। जनता की सेवा ही हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा प्रकोष्ठ संगठन, सरकार और समाज के बीच एक सेतु का कार्य करेगा। पार्टी कार्यकर्ताओं को अब स्वास्थ्य सेवाओं और जरुरतमंदो के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रुप में विकसित किया जाएगा।

### त्वरित सहायता मिलेगी

चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विशाल ने कहा कि इस प्रकल्प के माध्यम से जरुरतमंद पार्टी कार्यकर्ताओं को त्वरित चिकित्सीय सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर रक्तदान और सेवाटीम को भी सक्रिय किया जाएगा तथा पात्र हितग्राहियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग किया जाएगा।

### हाइवे किनारे अस्पताल खोलने पर 30 प्रतिशत अनुदान

सेवा प्रकल्प के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सड़क हादसों में घायलों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराने के लिए सरकार नई योजना ला रही है। उन्होंने कहा कि यदि हाईवे को किनारे अस्पताल खोला जाता है, तो उसके लिए सरकार द्वारा 30 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। सीएम ने कहा कि भाजपा का चिकित्सा प्रकोष्ठ गांव-गांव में आंखों की जांच के शिविर लगाएगा और जरुरमंदों को मुफ्त में चश्मे उपलब्ध कराए जाएंगे।

### पदाधिकारियों की अनुशंसा जरूरी

बताया गया है कि सेवा प्रकल्प के इस नवाचार के लिए यह जरुरी होगा कि कार्यकर्ता को अपने आवेदन के साथ संबंधित जिला पदाधिकारी या फिर वहां के स्थानीय जनप्रतिनिधि की अनुशंसा करानी होगी। इसके लिए पार्टी ने अपने सभी जिलाध्यक्षों, पदाधिकारियों और विधायकों से कहा कि वे अपने क्षेत्र के मरीजों के उपचार के लिए संवेदनशीलता दिखाते हुए उनके आवेदन को तत्काल प्रभाव से अनुमोदित कराए।

# माशिमं की 10-12वीं परीक्षा के रिजल्ट आज, 22 दिन में बचा सकेंगे साल

**जागरण, भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश अपने इतिहास में पहली बार महज 40 दिन के भीतर 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षाओं का रिजल्ट जारी कर रहा है। पिछले महीने 6 और 7 मार्च को हाईस्कूल और हायर सेकंडरी की परीक्षा खत्म हुई थी। छात्र-छात्राओं ने इंतजार शुरू भी नहीं किया था कि रिजल्ट घोषित हो जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सुबह 11 बजे ऑनलाइन रिजल्ट घोषित करेंगे। रिजल्ट जारी होते ही विभिन्न वेबसाइट, पोर्टल व मोबाइल ऐप पर परीक्षार्थी अपना रिजल्ट व स्कोरकार्ड देख सकेंगे। रिजल्ट की घोषणा के साथ ही इन परीक्षाओं में शामिल हुए 16 लाख से ज्यादा छात्र-छात्राओं को साल भर की गई अपनी मेहनत नजर आने लगी है। मगर किसी को भी घबराने, हताश या निराश होने की जरूरत कतई नहीं है। मंडल ने रिकॉर्ड समय में रिजल्ट जारी करने के साथ ही छात्रहित में एक और फैसला किया है। अब कोई भी परीक्षार्थी फेल नहीं होगा और न ही किसी को सप्लीमेंट्री मिलेगी, बल्कि महज 7 दिन के अंदर फार्म भरकर रुके हुए सारे विषयों की परीक्षा देकर छात्र अपना साल बचा सकते हैं। फेल या सप्लीमेंट्री वाले परीक्षार्थियों के साथ ही पास हो चुके परीक्षार्थी श्रेणी सुधार के लिए भी इस दूसरी परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। माशिमं इस बार अपना ही रिकॉर्ड तोड़ रहा है। मई-जून में ही रिजल्ट घोषित किए जाते थे। मगर पहली बार दो साल पहले 2024 में बोर्ड ने परीक्षाओं के रिजल्ट 23 अप्रैल को घोषित कर दिए थे। इस बार वह रिकॉर्ड भी टूट रहा है। हाईस्कूल (10वीं) की परीक्षाएं इस बार 10 फरवरी से 6 मार्च तथा हायर सेकंडरी (12वीं) परीक्षा 10 फरवरी से 7 मार्च तक आयोजित की गई थी।

### पहली बार इंतजार के पहले रिजल्ट, सीएम करेंगे जारी

# मंत्री विजयवर्गीय की शिकायत लेकर कांग्रेस पहुंची आयोग

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस ने सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की सदस्यता को शून्य करने के लिए निर्वाचन आयोग से मांग की है। इस संबंध में प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद द्विवेदी ने मुख्य चुनाव आयुक्त को लिखित शिकायत भेजी है। इस संबंध में कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा कि विजयवर्गीय ने स्वयं रतलाम में स्वीकार किया कि उन पर 38 प्रकरण दर्ज है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए नायक ने कहा कि पिछले दिनों मध्यप्रदेश सरकार के कैलाश विजयवर्गीय ने रतलाम प्रवास के दौरान स्वयं स्वीकार किया है कि उनके खिलाफ पश्चिम बंगाल में 35 से ज्यादा मुकदमे दर्ज है, जिस पर उनके खिलाफ वॉरंट निकला हुआ है। जिसकी वजह से वे पश्चिम बंगाल चुनाव कराने नहीं जा रहे है। नायक ने कहा कि विजयवर्गीय द्वारा स्वयं इस बात को स्वीकार किया गया है। लेकिन उन्होंने अपने निर्वाचन के समय फॉर्म में उक्त मुकदमों की जानकारी नहीं दी है। उन्होंने कहा कि जिस आधार पर विधायक मुकेश मल्होत्रा के खिलाफ कोर्ट ने फैसला दिया है, उसी आधार पर विजयवर्गीय के खिलाफ भी एक्शन होना चाहिए और उनके चुनाव को शून्य घोषित किया जाना चाहिए। अधिवक्ता द्विवेदी ने निर्वाचन आयोग से तथ्यों के आधार पर इस संबंध में शिकायत की है, इसलिए विजयवर्गीय के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए।

# अंबेडकर जयंती पर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने संभाला पदभार

### बैठक में अफसरों को दिए निर्देश



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मंगलवार को राजधानी के नवागत कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने पदभार संभाल लिया। अंबेडकर जयंती पर वे दोपहर बाद कलेक्ट्रेट पहुंचे और पदभार ग्राहण करने के बाद अफसरों का परिचय लिया। इसके बाद उन्होंने अफसरों से चर्चा करते हुए उन्हें निर्देश दिए। प्रियंक मिश्रा 2013 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और वे अब तक धार जिले के कलेक्टर के रूप में पदस्थ थे। इससे पहले सोमवार सुबह भोपाल के कलेक्टर रहे कौशलेंद्र विक्रम सिंह रिलीव हो गए। जाने से पहले उन्होंने अपना चार्ज एडीएम सुमित पांडे को सौंपा था।

**नए कलेक्टर के सामने होंगी कई चुनौतियां:** पदभार संभालने के बाद कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। कलेक्टर ने कहा कि इस दौरान शासन के जो भी दिशा-निर्देश मिलेंगे, उनका समय पर पालन कराने पर उनका फोकस रहेगा। नए कलेक्टर के सामने भोपाल में कई चुनौतियां रहेंगी। सबसे बड़ी चुनौती बड़े तालाब के कैचमेंट एरिया में रसूखदारों के अतिक्रमण हटवाना होगा, क्योंकि अब तक प्रशासन की कार्रवाई केवल गिने चुने छोटे-मोटे अतिक्रमणकारियों पर हुई है और कैचमेंट एरिया में बने रसूखदारों के बंगले, रेस्टोरेंट, फार्म हाउस पर बुलडोजर नहीं चला है। इसके अलावा एक मई से होने जा रही जनगणना कराना, जल गंगा संवर्धन अभियान और जनसुनवाई में आने वाली शिकायतों का तत्काल निराकरण भी कलेक्टर के लिए चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि राजधानी में अन्य जिलों की अपेक्षा राजनैतिक दवाब अधिक रहता है।

**व्यवस्था** अब केरल-तमिलनाडु जाकर स्टडी कर सकता है विभाग

# एमपी में फिट नहीं छग का शराब मॉडल, सरकार को रिपोर्ट सौंपने की तैयारी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** आबकारी विभाग भले ही प्रदेश की सभी 3553 शराब दुकानों की समय पर नीलामी न कर सका हो, मगर इसके बाद भी प्रदेश की वर्तमान व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं होगा। आबकारी नीति में बदलाव की आहट के बीच फिलहाल यह साफहो गया है कि प्रदेश में छत्तीसगढ़ मॉडल के तहत सरकारी शराब दुकानें नहीं खुलेंगी। राच्य सरकार की आबकारी नीति के लिए गठित कैबिनेट कमेटी में एक मंत्री ने नीलाम न होने वाली शराब दुकानों को छत्तीसगढ़ की तर्ज पर निगम-मंडल के जरिए चलाने की सलाह दी थी। मगर प्रदेश के आबकारी विभाग के अफसर छत्तीसगढ़ के मॉडल से संतुष्ट नहीं है और इसे प्रदेश के नजरिए से अनफिट बताकर नकार दिया है।

**इस कारण फिट नहीं है मॉडल:** केबिनेट बैठक के बाद आबकारी की एक टीम छत्तीसगढ़ जाकर वहां की आबकारी नीति का अध्ययन भी कर आई है। इस टीम ने अपनी रिपोर्ट भी विभाग को सौंप दी है। विभाग के जिम्मेदारों का मानना है कि जो मॉडल छत्तीसगढ़ में चल रहा है, वह मध्यप्रदेश की भौगोलिक और व्यापारिक स्थिति के अनुकूल नहीं है और इसे लागू करने में कई तकनीकी और आर्थिक परेशानियां आएंगी। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने का मानना है कि अगर छत्तीसगढ़ मॉडल को मध्यप्रदेश में लागू किया जाता है तो प्रदेश में एक हाइब्रिड मॉडल बन जाएगा। एमपी में अब लगभग 96 प्रतिशत दुकानों की नीलामी हो चुकी है और ठेकेदारों को दुकानें सौंपी जा चुकी हैं। अगर सरकार बची हुई दुकानों को छत्तीसगढ़ मॉडल पर चलाएगी तो अपने ही ठेकेदारों के सामने प्रतिद्वंद्वी बन जाएगी, जिन्होंने करोड़ों की बोली लगाकर वाइन शॉप खरीदी हैं। ऐसी स्थिति में सरकारी और निजी दुकानों के बीच खींचतान शुरू हो जाएगी, जिसका सीधा असर न केवल रेवेन्यू पर पड़ेगा बल्कि सरकार के खिलाफ ठेकेदार विरोध करते हुए कोर्ट तक जा सकते हैं।



### छत्तीसगढ़ मॉडल के खारिज होने की इनसाइड स्टोरी

छत्तीसगढ़ मॉडल को खारिज करने के पीछे एक बड़ी वजह वहां का विवादास्पद इतिहास और बुनियादी ढांचे की कमी भी है। पड़ोसी राच्य में सरकारी निगम-मंडल के जरिए शराब बेचने का एक बड़ा घोटाला भी सामने आया था, जिसमें राजनेताओं और नौकरशाहों की संलिप्तता पाई गई थी। प्रदेश सरकार ऐसे जोखिम से भी बचना चाहती है। इसके अलावा, यदि सरकार इस वित्त वर्ष में इस मॉडल को अपनाने का फैसला करती भी है, तो दुकानों के लिए जमीन, कर्मचारियों की नियुक्ति और शराब परिवहन के लिए ट्रांसपोर्टर्स के साथ अनुबंध करने में ही लंबा वक्त लग जाएगा। संभव है कि इस मॉडल को अपनाने में अक्टूबर आ जाए, इतने समय तक शेष बची शराब दुकानों को बगैर नीलामी के रखना भी घाटे का सौदा होगा।

### केरल, तमिलनाडु मॉडल का भी अध्ययन कराने की तैयारी

इस मामले को लेकर आबकारी विभाग का कोई भी अधिकारी खुलकर बात नहीं कर रहा है क्योंकि इस मामले में अंतिम फैसला सरकार को ही लेना है। सूत्रों के अनुसार आबकारी विभाग अपनी विस्तृत रिपोर्ट जल्द ही शासन को सौंपने की तैयारी में है। छत्तीसगढ़ मॉडल पर सहमति बनी नहीं है, ऐसे में सरकार अन्य विकल्पों पर भी विचार कर सकती है। अब तमिलनाडु और केरल जैसे राच्यों की आबकारी नीतियों का अध्ययन भी कराया जा सकता है क्योंकि इन दोनों राच्यों में शराब के कारोबार पर पूरी तरह से सरकार का कंट्रोल है। ऐसे में स्टडी रिपोर्ट के बाद इतना तय है कि फिलहाल मध्यप्रदेश में शराब दुकानें नीलामी और ई-टेंडर की हालिया परिपाटी से ही चलेंगी और विभाग के रेवेन्यू का खजाना निजी ठेकेदारों से ही भरा जाएगा। सरकारी तंत्र अभी इतनी बड़ी व्यावसायिक जिम्मेदारी उठाने के लिए खुद को पूरी तरह तैयार नहीं पा रहा है।

वर्ष 69 अंक 196 पृष्ठ 12
भोपाल, बुधवार 15 अप्रैल, 2026
वैशाख कृष्ण पक्ष 13, विक्रम संवत् 2083
महानगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

प्रकृति केवल मूक प्राणी बनाती है; सामाजिक व्यवस्था उन्हें मूर्ख बना देती है।
- बाल्ज़ाक

## परिसीमन और महिला आरक्षण को जल्द लागू करने की तैयारी, संसद में पेश होगा संविधान संशोधन बिल

# लोकसभा सीटें 545 से बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्र सरकार भारतीय लोकतांत्रिक ढांचे में बड़े बदलाव की दिशा में आगे बढ़ती दिख रही है। संविधान का 131वां संशोधन विधेयक, 2026 के जरिए लोकसभा और विधानसभाओं में सीटों के पुनर्समायोजन, निर्वाचन क्षेत्रों के नए परिसीमन और महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण को जल्द लागू करने का रास्ता साफ करने की कोशिश की गई है। इसके तहत लोकसभा की सीटें 850 तक करने का प्रस्ताव है। इसके लिए लोकसभा में गुरुवार को बिल पेश होने वाला है।

यह प्रस्ताव महज सीटों की संख्या बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि जनसंख्या की संवैधानिक परिभाषा बदलने, परिसीमन पर लगी पुरानी रोक हटाने और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में भी नए ढांचे को लागू करने का व्यापक प्रयास है। सरकार के मुताबिक, 1971 की जनगणना के आधार पर लंबे समय से जमी हुई सीट व्यवस्था अब देश की मौजूदा जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं को नहीं दर्शाती।

बीते दशकों में शहरीकरण, आंतरिक माइग्रेशन, आबादी का असमान विस्तार और नए सामाजिक-राजनीतिक संतुलन ने प्रतिनिधित्व के सवाल को और अहम बना दिया है। ऐसे में यह विधेयक लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व को अधिक संतुलित और समावेशी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विधेयक का सबसे बड़ा और राजनीतिक रूप से सबसे असरदार प्रावधान लोकसभा की सदस्य संख्या में वृद्धि से जुड़ा है। संविधान के अनुच्छेद 81 में संशोधन का प्रस्ताव रखते हुए यह व्यवस्था की जा रही है कि राज्यों के क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों से सीधे चुने जाने वाले सदस्यों की संख्या 815 से अधिक नहीं होगी।




### राज्यों पर अलग अलग प्रभाव

- **उत्तर प्रदेश:** 80 से बढ़कर 120 सीटें (लगभग 40 सीटों की वृद्धि)
- **महाराष्ट्र:** 48 से बढ़कर 72 सीटें, जिनमें 24 महिलाओं के लिए आरक्षित
- **बिहार:** 40 से बढ़कर लगभग 60 सीटें, जिनमें 20 महिला सीटें
- **मध्य प्रदेश:** करीब 15 महिला आरक्षित सीटों का इजाफा
- **तमिलनाडु:** 20 महिला सीटें
- **दिल्ली:** 4 महिला सीटें
- **झारखंड:** 7 महिला सीटें

### परिसीमन आयोग का किया जाएगा गठन

विधेयक में परिसीमन प्रक्रिया के लिए अनुच्छेद 82 और 170 में मौजूद प्रावधान हटाने का प्रस्ताव है, जिसके कारण 2026 के बाद होने वाली पहली जनगणना के आंकड़े प्रकाशित होने तक सीटों का नया पुनर्समायोजन नहीं किया जा सकता था। इस रोक को हटाकर सरकार नवीनतम प्रकाशित जनगणना के आधार पर परिसीमन का रास्ता खोलना चाहती है। इसके लिए नए परिसीमन आयोग का गठन किया जाएगा।
विधेयक में जनसंख्या की परिभाषा भी बदली जा रही है। 'जनसंख्या' का अर्थ अब उस जनगणना से होगा जिसे संसद कानून द्वारा निर्धारित करे और जिसके प्रासंगिक आंकड़े प्रकाशित हो चुके हों। इससे भविष्य में परिसीमन और सीट आवंटन लचीला होगा।

### इन बिलों में होगा बदलाव

- **संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 (बिल107):** लोकसभा सीटों को 850 तक बढ़ाने का प्रस्ताव। राज्यों के लिए 815 और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 35 सीटें तय की जा सकती हैं। साथ ही 'जनसंख्या' की परिभाषा में बदलाव कर 2011 की जनगणना को आधार बनाने की बात कही गई है।
- **परिसीमन (संशोधन) विधेयक, 2026:** नई जनगणना के आधार पर सीटों का पुनर्वितरण होगा। परिसीमन आयोग का गठन किया जाएगा।
- **केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 (बिल109):** दिल्ली, पुडुचेरी और जम्मू-कश्मीर में नए परिसीमन नियम लागू करने और महिला आरक्षण (अनुच्छेद 334ए) के अनुरूप बदलाव होंगे। पुडुचेरी में नामांकित सदस्यों संख्या 5 करने का प्रस्ताव है, जिनमें 2 महिलाएं होंगी।

### कांग्रेस ने 15 को बुलाई 'सर्वदलीय' बैठक

मल्लिकार्जुन खड़गे ने घोषणा की है कि महिला आरक्षण कानून के क्रियान्वयन पर चर्चा के लिए 15 अप्रैल को सर्वदलीय बैठक बुलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस कानून के व्यापक राष्ट्रीय प्रभाव को देखते हुए सभी राजनीतिक दलों और हितधारकों के बीच विस्तृत चर्चा जरूरी है। खड़गे ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह इस मुद्दे पर सभी दलों के साथ व्यापक विचार-विमर्श करने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा, 'अगर केंद्र सभी पार्टियों को बुलाकर चर्चा करे, तो हम अपने सुझाव देने को तैयार हैं।

**खड़गे बोले- व्यापक चर्चा जरूरी**

## ऑफ बीट

### विरोध: ऑफिस में पांच घंटे तक सोई महिला



*चीन के शांगच्यू शहर में एक महिला कर्मचारी ने कम सैलरी के विरोध में ऑफिस में 5 घंटे तक सोकर प्रदर्शन किया। यह मामला अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। महिला अपनी सैलरी से असंतुष्ट थी। उसका कहना था कि 'जितना पैसा मिलेगा, उतना ही काम करूंगी।' इसी नाराजगी में उसने ऑफिस समय के दौरान अपने डेस्क पर करीब 5 घंटे तक सोने का फैसला किया। यह उसका विरोध जताने का तरीका था। जब बॉस ने उसे ऑफिस में सोते हुए देखा, तो वे नाराज हो गए। महिला को कड़ी फटकार लगाई गई और दोबारा ऐसा करने पर नौकरी से निकालने की चेतावनी दी गई। महिला ने रोते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया।*

### आईपीएल में आज

**बेंगलुरु बनाम लखनऊ**
समय : शाम 7.30 बजे से
प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर
**परिणाम: चेन्नई ने कोलकाता को 32 रनों से हराया।**

**महाराष्ट्र में नई एसओपी**

### दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक कामकाज रहेगा बंद

**मुंबई, जेएनएन।** भीषण गर्मी और हीटवेव के खतरे को देखते हुए महाराष्ट्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के आउटडोर कामगारों की सुरक्षा के लिए सख्त स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) लागू कर दी है। आपदा प्रबंधन मंत्री गिरीश महाजन ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि ऑरेंज और रेड अलर्ट के दौरान दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक काम पूरी तरह बंद रहेगा। नई व्यवस्था के तहत काम के समय में बदलाव किया गया है। यह सुबह 6 बजे से 11 बजे तक और शाम को 4 बजे से 8 बजे तक होगा।

**अंबेडकर जन्मस्थली पर आयोजित महोत्सव में सीएम की घोषणा**

# अंतरजातीय विवाह करने पर दो लाख रुपए देगी सरकार

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश- प्रदेश में संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलकर सरकारें काम कर रही हैं। बाबा साहब के कहे अनुसार महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की पहल की जा रही है, जिससे राज्यसभा और लोकसभा में भी महिलाओं का प्रतिनिधित्व मजबूत होगा। सीएम ने कहा कि अंतरजातीय विवाह करने वाले बच्चों को सरकार 2 लाख रुपए देगी। मुख्यमंत्री मंगलवार को महू में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली स्मारक पर आयोजित दो दिवसीय महोत्सव को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब एक ऐसे युग दृष्टा थे, जिन्होंने एक हजार साल की गुलामी की कठिनाइयों को दूर करने और समाज के अंदर समानता के भाव को विकसित करने के लिए लड़ाई लड़ी थी। उन्होंने बहनों को पिता की संपत्ति में अधिकार दिलाने, तलाक के समय मुआवजा और मातृत्व अवकाश दिलाने के लिए सराहनीय कार्य किया। उन्होंने हमें माताओं-बहनों के लिए समान काम-समान वेतन का दूरदृष्टि पूर्ण विचार दिया। न्यूनतम मजदूरी, कंपनी लॉ और महिला श्रमिकों को अधिकार हमें बाबा साहेब की ही देन है।

डॉ. यादव ने कहा कि बाबा साहेब के जीवन से जुड़े सभी 5 पड़ावों को हमारी सरकार ने पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया है। जातिगत असमानता को खत्म करने के लिए अंतर्जातीय विवाह करने पर नवदम्पत्तियों को हमारी सरकार प्रोत्साहन राशि के रूप में 2 लाख रुपए दे रही है। अनुसूचित जाति-जनजाति के कल्याण के लिए सरकार ने सालाना बजट का एक तिहाई हिस्सा इन्हें समर्पित किया है।



सीएम ने बाबा साहेब की जन्मस्थली महू में आमलोगों के साथ भोजन ग्रहण किया।

### सीएम ने किया मूल उद्देशियका का वाचन

महू जाने से पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अन्य विशिष्टजनों के साथ भोपाल के बोर्ड ऑफिस चौराहे पर पहुंचे और बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर सीएम ने भारतीय संविधान की मूल उद्देशियका का वाचन किया।

## पेट्रोल 18 व डीजल 35 रु. हो सकता है महंगा



**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बड़ी बढ़ोतरी की आशंका जताई जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पेट्रोल 18 और डीजल 35 रुपए प्रति लीटर तक महंगा हो सकता है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बावजूद देश में फिलहाल ईंधन के दाम स्थिर हैं, जिससे तेल कंपनियों पर भारी दबाव पड़ रहा है। विदेशी ब्रोकरेज फर्म मैक्यूरी ग्रुप की रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम बंगाल सहित 5 राज्यों में चुनाव खत्म होने के बाद तेल कंपनियां कीमतों में बढ़ोतरी कर सकती हैं। फिलहाल राजनीतिक कारणों से दाम स्थिर हैं।

### कंपनियों का नुकसान

- पेट्रोल पर करीब 18 प्रति रुपए प्रति लीटर का घाटा
- डीजल पर करीब 35 प्रति रुपए प्रति लीटर का घाटा
- पहले कंपनियां रोजाना 2,400 करोड़ रुपए तक का नुकसान झेल रही थीं
- एक्साइज ड्यूटी में 10 रुपए की कटौती के बाद नुकसान घटकर 1,600 करोड़ रुपए रह गया है।

**होर्मुज संकट: ईरान का मिसाइल वीडियो, अमेरिका नाकेबंदी पर अड़ा**

# कल से शुरू हो सकता है बातचीत का नया दौर



**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर तनाव तेजी से बढ़ गया है। ईरान ने एक वीडियो जारी कर मिसाइल दागने की तस्वीरें साझा कीं और चेतावनी दी कि 'यह सिर्फ ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है।' यह वीडियो मुंबई स्थित ईरानी कॉन्सुलेट के जरिए साझा किया गया।

तनाव के बीच अमेरिका और ईरान के बीच गुरुवार से बातचीत का नया दौर शुरू होने की संभावना है। अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से आई जानकारी के अनुसार, इस वार्ता की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। इसे क्षेत्रीय शांति की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

गुरुवार को दोनों देशों के बीच नई कूटनीतिक वार्ता आयोजित हो सकती है। बैठक में दोनों पक्षों के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल होंगे। हालांकि, स्थान और एजेंडा अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है। इस बातचीत का मकसद दोनों देशों के बीच लंबे समय से बने कूटनीतिक गतिरोध को खत्म करना और विवादित मुद्दों पर सहमति बनाना है।

- **होर्मुज पर टकराव:** अमेरिका ने उन जहाजों की नाकाबंदी शुरू की है, जो ईरान को टोल दे रहे है। ईरान का कहना है कि बिना टोल कोई जहाज गुजर नहीं सकता।
- **15 से ज्यादा वॉरशिप तैनात:** अमेरिका ने नाकेबंदी लागू करने के लिए यूएसएस अब्राहम लिंकन सहित कई युद्धपोत तैनात किए।
- **ईरान को भारी नुकसान:** ईरान का दावा है कि अमेरिका और इजराइल के हमलों से करीब 270 अरब डॉलर (करीब 25 लाख करोड़ रुपए) का नुकसान हुआ है।

**40 मिनट फोन पर बातचीत**

### होर्मुज पर ट्रंप मोदी एकमत, बोले- खुला रहना बेहद जरूरी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच 40 मिनट तक फोन पर बातचीत हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने ईरान जंग पर चर्चा की और इस बात पर जोर दिया कि होर्मुज खुला रहना चाहिए। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा-मुझे मेरे दोस्त राष्ट्रपति ट्रंप का फोन आया। हमने दोनों देशों के बीच अलग-अलग क्षेत्रों में हुए काम और प्रगति पर बात की। हमने यह भी कहा कि आगे चलकर भारत-अमेरिका के रिश्ते मजबूत करेंगे। अमेरिका-ईरान सीजफायर के बाद दोनों नेताओं के बीच पहली बातचीत थी। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने बताया कि पीएम मोदी ने ट्रंप से कहा, भारत के लोग आपको पसंद करते हैं। ट्रंप ने कहा, हम सभी आपसे प्यार करते हैं। गोर ने कहा, होर्मुज की घेराबंदी के मुद्दे पर चर्चा हुई। उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले कुछ दिनों और हफ्तों में भारत और अमेरिका के बीच ऊर्जा से जुड़े बड़े समझौते होने की उम्मीद है। गोर ने कहा, भारत और अमेरिका के रिश्ते मजबूत हैं।



# बिहार में भाजपा के पहले सीएम होंगे सम्राट

**पटना, जेएनएन।** बिहार की राजनीति में बड़ा बदलाव करते हुए सम्राट चौधरी को राज्य का नया मुख्यमंत्री चुना गया है। वे नीतीश कुमार की जगह लेंगे। सम्राट ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल सैयद अता हसनैन से मुलाकात की और सरकार बनाने का दावा पेश किया। उनका शपथ ग्रहण 15 अप्रैल को सुबह 11 बजे होगा। यह पहली बार होगा जब बिहार में भाजपा का मुख्यमंत्री बनेगा। पटना के विधानसभा परिसर में हुई एनडीए विधायक दल की बैठक में सम्राट चौधरी को सर्वसम्मति से नेता चुना गया। खास बात यह रही कि इस प्रस्ताव के प्रस्तावक खुद नीतीश कुमार बने। उन्होंने सम्राट को माला पहनाकर बधाई दी, जबकि सम्राट ने उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इससे पहले नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। वे सम्राट चौधरी और विजय चौधरी के साथ राजभवन पहुंचे और अपना इस्तीफा सौंपा।

**शपथ ग्रहण आज सुबह 11 बजे**



मैंने नीतीश जी से राजनीति सीखी है। उनके साथ काम किया है और उनके 'समृद्ध बिहार' के विजन को आगे बढ़ाऊंगा।

### ऐसे बदली सत्ता की तस्वीर

- **सुबह 9 बजे:** जदयू के वरिष्ठ नेता सीएम आवास पहुंचे।
- **सुबह 11 बजे:** नीतीश कैबिनेट की आखिरी बैठक।
- **दोपहर 3.15 बजे:** नीतीश ने राजभवन में इस्तीफा दिया।
- **शाम 4 बजे:** सम्राट भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए।
- **शाम 6 बजे:** सम्राट ने सरकार बनाने का दावा पेश किया।

### सम्राट का सफर

सम्राट चौधरी का जन्म मुंगेर जिले के तारापुर के पास लखनपुर गांव में हुआ। उनके पिता शकुनी चौधरी भी एक प्रमुख क्षेत्रीय नेता रहे हैं। उन्होंने 1990 में लालू यादव की पार्टी राजद से राजनीति की शुरुआत की। 1999 में राबड़ी देवी सरकार में कृषि मंत्री बने (हालांकि विवाद के कारण इस्तीफा देना पड़ा)।

- 2014 में सम्राट चौधरी ने राजद छोड़कर जदयू ज्वाइन की।
- 2017 में वे भाजपा में शामिल हुए।
- 2023 में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बने।
- 2024 में उपमुख्यमंत्री बने।

## इटली ने इजराइल से रक्षा सहयोग किया सीमित

जॉर्जिया मेलोनी की सरकार ने इजराइल के साथ रक्षा सहयोग समझौते के स्वतः नवीनीकरण पर रोक लगा दी है। अब इटली इजराइल के साथ सैन्य प्रशिक्षण सहयोग भी सीमित करेगा। यह फैसला हालिया संघर्षों के मद्देनजर लिया गया।

- फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सभी पक्षों से संयम बरतने और बातचीत शुरू करने की अपील की।
- कतर ने साफ कहा है कि होर्मुज की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा।



### नहीं चलेगा जंगल का कानून: चीन

शी जिनपिंग ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव पर चिंता जताई। उन्होंने कहा, 'दुनिया को 'जंगल के कानून' से नहीं चलाया जा सकता, जहां ताकतवर अपनी मर्जी थोपे। नियम सभी पर बराबर लागू होने चाहिए।'

# छग: वेदांता पावर प्लांट में विस्फोट, 12 की मौत

**सक्ती (छत्तीसगढ़), जेएनएन।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में मंगलवार दोपहर वेदांता पावर प्लांट में भीषण बॉयलर ब्लास्ट हो गया। इस दर्दनाक हादसे में 12 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 30 से 40 मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए हैं। पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर ने घटना की पुष्टि की है।

घटना डभरा थाना क्षेत्र के सिंघीतराई स्थित पावर प्लांट में दोपहर करीब 2 बजे हुई। धमाके के बाद प्लांट में अफरा-तफरी मच गई और कई मजदूर मौके पर ही झुलस गए। 3 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई और 18 घायलों को रायगढ़ के अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान 6 और मजदूरों ने दम तोड़ दिया। 12 मजदूरों की हालत गंभीर है, जो करीब 80 फीसदी तक झुलसे हैं। घायलों का इलाज रायगढ़ के जिंदल फोर्टिस अस्पताल में चल रहा है। हादसे के बाद प्लांट के बाहर मजदूरों के परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजन घायलों से मिलने की मांग कर रहे हैं। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशासन ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। राहत और बचाव कार्य जारी है। घायलों के इलाज के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।



प्रधानमंत्री कार्यालय ने पीएमएनआरएफ से मृतकों के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार रुपए मुआवजे की घोषणा की गई है। जबकि राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को 5 लाख और घायलों को 59 हजार रुपए देने का ऐलान किया है।

**विरासत का विवाद** — देश में तेजी से बढ़ती संपत्ति के साथ सामने आ रहे हैं विरासत पर कानूनी विवाद

# संपत्ति बंटवारे के विवाद में उलझे अमीर परिवार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत में तेजी से बढ़ती संपत्ति के साथ एक नई चुनौती भी सामने आ रही है। यह विरासत को लेकर कानूनी विवाद की समस्या है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर समय रहते सही योजना नहीं बनाई गई, तो वर्षों की कमाई परिवारिक झगड़ों और कोर्ट केस में उलझ सकती है।

भारत में अब 1687 लोग 1000 करोड़ रुपए से अधिक संपत्ति के मालिक हैं। 2025 में 103 आईपीओ के जरिए 1.75 लाख करोड़ रुपए जुटाए गए। इसके बावजूद, ज्यादातर परिवारों में सक्सेशन प्लानिंग (विरासत योजना) की कमी है। वैश्विक अध्ययन के मुताबिक, अगर सही योजना न हो तो 70 फीसदी संपत्ति दूसरी पीढ़ी तक खत्म हो जाती है और 90 फीसदी तीसरी पीढ़ी तक खत्म हो जाती है।

भारत में भले अभी एस्टेट ड्यूटी नहीं है, लेकिन संपत्ति बेचने पर कैपिटल गेन टैक्स लगता है और किराये पर इनकम टैक्स लागू है। कई वारिस होने पर टैक्स जटिल हो जाता है। इसलिए टैक्स-एफिशिएंट प्लानिंग जरूरी मानी जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत के सबसे अमीर 1 फीसदी लोगों की 60 फीसदी संपत्ति रियल एस्टेट और सोने में निवेशित है। इसलिए विरासत योजना में रियल एस्टेट सबसे केंद्रीय भूमिका निभाता है।विशेषज्ञों का मानना है कि सिर्फ संपत्ति बनाना काफी नहीं, उसे सही तरीके से आगे ट्रांसफर करना भी उतना ही जरूरी है। इसके लिए प्रोफेशनल मैनेजमेंट, नियमित समीक्षा और अगली पीढ़ी को वित्तीय समझ देना जरूरी है।

**65%**

### सिविल केस जमीन-जायदाद से जुड़े

एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 65 फीसदी से अधिक सिविल केस जमीन और संपत्ति विवादों से जुड़े हैं। यह विवाद सिर्फ कानूनी नहीं, बल्कि परिवारों में लंबे समय तक चलने वाले भावनात्मक टकराव भी पैदा करते हैं।



### समस्या की जड़: अनकही उम्मीदें और अस्पष्ट अधिकार

- भारत में संपत्ति महज आर्थिक नहीं, बल्कि भावनात्मक भी होती है।
- परिवारों में अक्सर वसीयत स्पष्ट नहीं होती
- अधिकारों को लेकर भ्रम रहता है

*परिणाम: भाई-बहनों और रिश्तेदारों के बीच विवाद*

### समाधान: फैमिली ट्रस्ट और स्ट्रक्चर्ड प्लानिंग

फैमिली ट्रस्ट इस समस्या का प्रभावी समाधान बनकर उभर रहा है। संपत्ति को ट्रस्ट में डालकर मालिकाना और प्रबंधन अलग किया जा सकता है। इससे पीढ़ियों के बीच संपत्ति बिखरने से बचती है। हालांकि, एक रिपोर्ट के अनुसार केवल 19 फीसदी भारतीय परिवार ही ऐसे स्ट्रक्चर अपनाते हैं।

### 'रिंग-फेंसिंग' है जरूरी

कई परिवारों की संपत्ति बिजनेस व पर्सनल एसेट्स में मिली-जुली होती है। बिजनेस के नुकसान का असर संपत्ति पर पड़ता है। इसका समाधान कानूनी रूप से संपत्ति को अलग (रिंग-फेंस) करना है।

## संक्षिप्त खबरें

### रैली में शामिल दो लोगों के मोबाइल हुए चोरी

**जागरण, भोपाल।** एमपी नगर थाना क्षेत्र में बाबा साहब अंबेडकर की 135 वीं जयंती पर रैली शामिल दो लोगों के मोबाइल चोरी हो गई। घटना बोर्ड ऑफिस चौराहे की है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 42 वर्षीय विवेक राय आनंद नगर में रहते है। मंगलवार को वह बाबा साहेब की जयंती कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। जहां बोर्ड ऑफिस चौराहे के पास पहुंचते ही दोपहर 12 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने चुपके से उनके जेब में रखा में मोबाइल चोरी कर लिया। इसके दो घंटे बाद भेल निवासी 43 वर्षीय मोहन कुमार का भी इसी कार्यक्रम में मोबाइल चोरी हो गया। पुलिस के अनुसार मोबाइल चोरी करने वाला एक ही व्यक्ति है। जिसकी तलाश जारी है। चोरी किए गए मोबाइल की कीमत 10 से 15 हजार रूपए आंकी जा रही है। पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

### शहर में 12 मई को मिस यूनिवर्स का ग्रैंड फिनाले



**जागरण, भोपाल।** एमपी की युवतियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने के उद्देश्य से 'मिस यूनिवर्स मध्यप्रदेश 2026' और 'मिस टीन मध्यप्रदेश 2026' का आयोजन किया जा रहा है। दोनों प्रतियोगिताओं का ग्रैंड फिनाले 12 मई 2026 को भोपाल में आयोजित होगा। स्टेट डायरेक्टर डॉ. शेफाली शर्मा ने बताया कि इस बार दोनों प्रतिष्ठित ब्यूटी पेजेंट्स को एक ही मंच पर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया है कि 'मिस यूनिवर्स मध्यप्रदेश 2026' की विजेता 'मिस यूनिवर्स इंडिया 2026' में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी, जबकि 'मिस टीन मध्यप्रदेश 2026' की विजेता 'मिस टीन इंडिया' के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंच सकेगी। ग्रैंड फिनाले में 'मिस यूनिवर्स इंडिया 2025' की विजेता मानिका विश्वकर्मा बतौर जज शामिल होंगी। आयोजन की थीम टू पेजेंट्स, वन प्लेटफॉर्म, इनफिनिट पॉसिबिलिटीज रखी गई है, प्रतियोगिता के लिए ऑडिशन भोपाल, इंदौर और रीवा में आयोजित किए जाएंगे। चयनित प्रतिभागियों को फैशन और ब्यूटी इंडस्ट्री के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### जेल से बाहर आए बदमाश पर चाकू से किया हमला

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** तीन दिन पहले जेल से बाहर आए बदमाश पर दो बदमाशों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घटना के वक्त वह घर बाहर बैठकर मोबाइल पर रील देख रहा था। पुरानी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया गया है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। चूनाभट्टी पुलिस के मुताबिक, 32 वर्षीय सोनू मैना बाबा नगर में रहता है। वह कार वाशिंग का काम करता है। तीन दिन पहले ही वह जेल से जेल से बाहर आया था। उसके खिलाफ 151 के तहत कार्रवाई की गई थी। सोमवार रात करीब साढ़े 9 बजे सोनू अपने घर के बाहर बाइक पर बैठकर मोबाइल पर रील देख रहा था। तभी बाइक पर सवार होकर दीपक घावरी और विनोद खरे आए। दोनों ने उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इससे सोनू लहूलुहान होकर वहीं गिर गया। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजनों ने घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उसका इलाज जारी है। चूनाभट्टी थाना प्रभारी धर्मेंद्र मौर्य का कहना है कि दोनों पक्षों में लंबे से समय रंजिश चल रही है। वे मौका लगते ही एक-दूसरे पर हमला कर रहे हैं। दोनों के आपराधिक रिकार्ड हैं।



छायाः एचसी वर्मा



**भोपाल में धूमधाम से मनी डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती, बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण, कई जगहों पर निकाली गई रैली**

# भोपाल में गूंजा संविधान और समता का संदेश

**जागरण, भोपाल।** भारत रत्न और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मंगलवार को राजधानी भोपाल में विविध सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक आयोजनों के साथ श्रद्धा और उत्साह से मनाई गई। शहर के बोर्ड ऑफिस चौराहा, पंचशील नगर, बरखेड़ा स्थित अंबेडकर भवन से लेकर कोलार, शिवाजी नगर तक दिनभर कार्यक्रमों की श्रृंखला चलती रही। इस बीच जगहों पर रैली, डांस व ड्राइंग प्रतियोगिताएं और विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। बरखेड़ा स्थित अंबेडकर भवन में भेल एससी-एसटी एम्प्लॉईज वेलफेयर एसोसिएशन (भेल-सेवा) द्वारा सुबह 8 बजे बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद विशाल रैली निकाली गई, जो कमला नेहरू उद्यान होते हुए अंबेडकर उद्यान पहुंची। रैली में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। अंबेडकर प्रतिभा परीक्षा 2026 के आधार पर 20 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्कॉलरशिप और पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके साथ ही समाजसेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए सावित्रीबाई फुले, बिरसा मुंडा और अंबेडकर शिक्षा रत्न पुरस्कार भी वितरित किए गए।

### व्याख्यान में ऐतिहासिक पहलुओं पर चर्चा

शिवाजी नगर स्थित विश्व संवाद केंद्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और डॉ. अंबेडकर विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें मुख्य वक्ता अशोक पांडेय और मुख्य अतिथि प्रकाश बरतुनिया रहे। व्याख्यान में अंबेडकर और संघ के संबंधों से जुड़े ऐतिहासिक पहलुओं पर चर्चा की गई।

### कोलार में कांग्रेस का माल्यार्पण कार्यक्रम

कोलार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा राजवीर बुद्ध विहार, अंबेडकर चौक (ओम नगर) में सुबह 10 बजे बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल सिंह राठौड़, पूर्व सरपंच मंगल सिंह यादव समेत कई जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### जिला कांग्रेस कमेटी ने भी किया नमन

जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल शहर द्वारा लिली टॉकीज़ चौराहा और बोर्ड ऑफिस चौराहा स्थित प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर बाबा साहब को श्रद्धांजलि दी गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना ने कहा कि डॉ. अंबेडकर सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के प्रबल समर्थक थे, जिनके विचार आज भी देश को न्याय, समता और बंधुत्व की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। पूरे शहर में आयोजित कार्यक्रमों में सामाजिक समरसता, शिक्षा और बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया।

## आनंदित और शांतिपूर्ण जीवन की कुंजी है ध्यानः मां आनंद असीमा

**भोपाल।** समर्थ गुरु धारा के स्वामी प्रेम लोहरी, मां सुनीता एवं स्वामी आलोक अंतस द्वारा सुरभि एनक्लेव, अवधपुरी में आयोजित विशेष ध्यान सत्र में आचार्य मां आनंद असीमा ने आनंदित और शांतिपूर्ण जीवन के लिए ध्यान अनिवार्य है विषय पर सारगर्भित प्रवचन दिया।

सत्र के दौरान उन्होंने प्रतिभागियों के साथ फोरम शैली में संवाद करते हुए ध्यान के महत्व को सरल और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया। मां आनंद असीमा ने बताया कि आधुनिक अध्ययनों के अनुसार मनुष्य के लगभग 70 से 80 प्रतिशत विचार नकारात्मक होते हैं, जिनमें से 95 प्रतिशत तक विचार बार-बार दोहराए जाते हैं। यही दोहराव तनाव और चिंता का प्रमुख कारण बनता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस प्रकार अंधकार का कोई अस्तित्व नहीं होता, उसी प्रकार नकारात्मकता भी केवल सकारात्मकता के अभाव का परिणाम है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति अक्सर दुख को पकड़कर रखता है और खुशी पर संदेह करता है,



जबकि ध्यान के माध्यम से व्यक्ति सर्वस्वीकार की अवस्था में पहुंचता है, जिससे जीवन के प्रति उसका दृष्टिकोण सकारात्मक हो जाता है।

आधुनिक सूचना क्रांति के सूचना विस्फोट और भाग- दौड़ भरा जीवन हर व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक तनावों से ग्रस्त कर रहा है। ध्यान का अभ्यास व्यक्ति को इनसे सुरक्षित रखता है। ध्यान सत्र में मां ने नाद ब्रह्म ध्यान के द्वारा प्रतिभागियों को स्वयं के भीतर दिव्य शांति का अनुभव कराया। कार्यक्रम का सफल आयोजन स्वामी प्रेम लोहरी, मां सुनीता और स्वामी आलोक के विशेष सहयोग से संपन्न हुआ।

## न्याय, समानता और मानव अधिकारों के प्रणेता डॉ. अंबेडकरः एड.मदन

**भोपाल।** दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान मे करुणा बुध्द विहार, तुलसी नगर भोपाल मे डॉ बाबासाहेब आंबेडकर जी की 135 वीं जयंती बडे धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में प्रयागराज से पधारे एड गुरु प्रसाद मदन, आंबेडकरी साहित्यिक, प्रमुख अतिथि मान भगवानदास सबनानी दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र के विधायक, विशेष अतिथि भारतीय बौध्द महासभा के ट्रस्टी चेयरमेन डॉ चन्द्रबोधि पाटिल, अतिथि बीएसआई के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष इंजि.धम्मरतन सोमकुंवर, आरपीआई के राष्ट्रीय महासचिव डॉ मोहनलाल पाटिल, बी टी गजभिये राष्ट्रीय सचिव बीएसआई, प्रदेश उपाध्यक्ष वामन जंजाले, प्रदेश महासचिव चिंतामन पगारे उपस्थित थे।



# अब तक 5 लाख लड़कियों को लगा एचपीवी का टीका

### एसीएस की फटकार के बाद सुधरी कई जिलों की स्थिति

**नगर संवाददाता, भोपाल।** किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए चलाए जा रहे एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान में एमपी देश में सबसे आगे है। राज्य में 7 लाख 51 हजार किशोरियों को टीकाकरण के लिए चिन्हित किया गया था, जिनमें से अब तक 5 लाख को टीका लगाया जा चुका है। इस तरह प्रदेश ने अपने लक्ष्य का करीब 66 प्रतिशत हासिल कर लिया है। अगर अन्य राज्यों की बात करें तो मिजोरम में 57 प्रतिशत, गुजरात में 36 प्रतिशत और आंध्र प्रदेश में 33 प्रतिशत ही टीकाकरण हो पाया है। वहीं, पश्चिम बंगाल में अब तक अभियान शुरू नहीं हो सका है। उत्तर प्रदेश में 21 लाख किशोरियों को टीका लगाने का लक्ष्य है, लेकिन अब तक केवल 6 हजार को ही वैक्सीन लगाई जा सकी है।

**कई जिलों ने 90 प्रतिशत से अधिक लक्ष्य हासिल किया:** एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान में जिला स्तर पर भी बेहतर प्रगति देखने को मिल रही है। डिंडोरी और राजगढ़ ने 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया है, जबकि खंडवा 98.47 और बालाघाट 96.50 भी लक्ष्य के बेहद करीब हैं। सागर में 92.86 और खरगोन में 91.11 प्रतिशत टीकाकरण दर्ज किया गया है। भोपाल संभाग के रायसेन में 89.26 और नर्मदापुरम 87.82 में भी अच्छी प्रगति हुई है। कटनी में 83.41 और मुरैना में 82.87 प्रतिशत कवरेज दर्ज किया गया है। खास बात यह है कि सागर जिले में एक सप्ताह में 10,537 टीकाकरण कर तेजी दिखाई गई।

**देश के टॉप स्टेट में शामिल है एमपी:** राज्य स्तर पर एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान का कुल लक्ष्य 8 लाख 3 हजार 684 किशोरियों को टीका लगाने का है। अब तक 2 लाख 8 हजार 873 का टीकाकरण हो चुका है, जो कुल लक्ष्य का लगभग 25.99 प्रतिशत है। राष्ट्रीय स्तर पर एमपी का प्रदर्शन बेहतर है। टॉप स्टेट्स में प्रदेश शामिल है।

हालंकि, शहरी क्षेत्रों के आंकड़े इस प्रदर्शन को कमजोर बना रहे हैं। रिपोर्ट में कई जिले ऐसे भी हैं जहां स्थिति बेहद चिंताजनक है। रीवा 9.59, धार 7.93, शिवपुरी 7.88 और इंदौर 3.96 जैसे जिलों में टीकाकरण 10 प्रतिशत से भी नीचे है। इन जिलों में जागरूकता की कमी, टीकाकरण को लेकर हिचक और अभियान की कमजोर मॉनिटरिंग को संभावित कारण माना जा रहा है।

## छात्रों को गोली मारने वाले मामले में मकान मालिक के खिलाफ केस दर्ज

**किरायेदार की सूचना नहीं देने पर कटारा हिल्स पुलिस ने की कार्रवाई**

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** सेज यूनिवर्सिटी के पास स्थित सनसिटी में हुए गोलीकांड मामले में कटारा हिल्स पुलिस ने मकान मालिक के खिलाफ केस दर्ज किया है। मकान मालिक ने आरोपी दो किराएदार छात्रों की पुलिस को सूचना नहीं दी थी। पुलिस कमिश्नर का आदेश का उल्लंघन करने पर धारा 188 के तहत कार्रवाई की गई है। कटारा हिल्स थाना प्रभारी सुनील दुबे ने बताया कि बीती 4-5 मार्च की रात सेज यूनिवर्सिटी के छात्र वासु गुप्ता और अंशुतेज पाटिल को चार आरोपियों ने गोली मार दी थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर चारों को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें से दो आरोपी अनिकेत शर्मा और ओम तिवारी सनसिटी फेस-वन में रहते थे। इन दोनों किराएदार छात्रों के बारे में मकान मालिक ने पुलिस को सूचना नहीं दी थी। इस आधार पर पुलिस ने मकान मालिक अंकित पटेल निवासी बरखेड़ा खुर्द के खिलाफ केस दर्ज किया है। अंकित सिविल इंजीनियर हैं।

# राजस्थान से जुड़े ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ 7 दिनों में 1.37 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** नशे से मुक्ति के लिए मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस ने अभियान के दौरान पिछले सात दिनों में 1 करोड़ 37 लाख रुपये से अधिक कीमत के नशीले पदार्थ और तस्करी में इस्तेमाल वाहन जब्त किए हैं। इस दौरान पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े गिरोहों के नेटवर्क को भी तोड़ा है। इस अभियान के दौरान सबसे बड़ी कार्रवाई विदिशा में हुई, जहां इंटर स्टेट ड्रग सिंडिकेट के 13 शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है, जो राजस्थान से ब्राउन शुगर की तस्करी कर रहे थे। यह गिरोह आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर पुलिस को चकमा देने की कोशिश कर रहा था। खुलासे के बाद पता चला कि यह गैंग मादक पदार्थों की तस्करी के लिए डेड ड्रॉप तकनीक का उपयोग करता था, जिसमें खरीदार और बेचने वाला एक-दूसरे से मिले बिना ही माल का लेन-देन कर लेते थे और भुगतान के लिए फोन-पे जैसे डिजिटल पेमेंट ऐप माध्यमों का सहारा लेते थे। पुलिस ने इनके पास से मर्सिडीज और अर्टिगा जैसी महंगी कारों समेत ब्राउन शुगर बरामद की है, जिसकी कुल कीमत 1 करोड़ रुपये से च्यादा है।

### पुष्पा की तर्ज पर टैंकर में छिपाकर ले जा रहा था गांजा




इंदौर में क्राइम ब्रांच ने 5 लाख 80 हजार की 57.73 ग्राम एमडी जब्त करने के साथ ही सदर बाजार और तेजाजी नगर थाना पुलिस ने भी लाखों रुपये की एमडी और गांजा जब्त कर तस्करी में उपयोग हो रही बाइक भी जब्त की हैं। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस के तहत केस दर्ज किया गया है। जबलपुर में एक सटीक सूचना पर पुलिस ने जब एक टैंकर ट्रक को रोका तो पुष्पा फिल्म का दृश्य दिखाई दिया। यहां टैंकर ड्राइवर टैंकर में गांजा छिपाकर ले जा रहा था। पुलिस ने 10 लाख के गांजे के साथ टैंकर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। उज्जैन में पुलिस ने एक महिला तस्कर समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर 3 लाख 50 हजार की एमडी ड्रग्स, मंदसौर में 7 लाख का डोडाचूरा भी एक सप्ताह के दौरान जब्त कर आधा दर्जन तस्करों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया है। पीएचक्यू से मिली जानकारी के अनुसार इसके अलावा खरगोन में गांजा, राजगढ़ और सीधी में स्मैक जब्त कर आरोपियों को जेल भेजा गया है, जबकि टीकमगढ़ में गांजे के पौधे नष्ट कर तस्करों को गिरफ्तार किया है।

## अपराध

**प्रोटीन के डिब्बों में पेट्रोल लेकर पहुंचा युवक, 40 फीसदी दुकान खाक**

# शोरूम में 25 लाख की चोरी, 25 मिनट में समेटे जेवरात

### सीसीटीवी में दिखे कुल पांच आरोपी, आशिमा मॉल के सामने, मैपल मॉल मिसरोद की घटना

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** नर्मदापुरम रोड स्थित रत्न हाउस के शोरूम में 25 लाख की चोरी हो गई। सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात 1.27 बजे हेलमेट लगाए एक युवक, महिला और एक बच्चा पहुंचे। शटर उचकाकर बच्चा और महिला शोरूम के अंदर दाखिल हुए। करीब 25 मिनट के दोनों अंदर रहे। उन्होंने यहां से भगवान की मूर्ति, बर्तन, डिस्प्ले में रखे रत्न और डायमंड की पोटली चोरी कर ली। चोरी करने के बाद तीनों आरोपी मौके से भाग निकले। मंगलवार सुबह 8.10 बजे बाइक सवार दो युवक फिर से शोरूम के सामने पहुंचे। हेलमेट लगाए एक युवक हाथ में थैला लेकर शोरूम के अंदर गया। 2 मिनट में शोरूम में आग लगा दी। प्रोटीन के डिब्बों में वह पेट्रोल लेकर आया था। आग लगते ही बम जैसा धमाका हुआ। इसमें आग लगाने वाला भी बाल-बाल बचा। मॉल में वाटर स्प्रिंगलर लगे थे, जिसने आग पर काबू पाया। आग से शोरूम 40 फीसदी जल गया। पांचों आरोपी यहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गए। वह आते-जाते दिखाई दिए हैं। पीड़ित की रिपोर्ट पर मिसरोद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।






**शटर को उचकाकर अंदर हुए दाखिलः** जानकारी के मुताबिक, 41 वर्षीय परेश सोनी पिता वीरेंद्र सोनी कोलार रोड में रहते हैं। उनकी नर्मदापुरम रोड स्थित मैपल मॉल में रत्न हाउस नाम से शोरूम है। परेश ने बताया कि रविवार रात दुकान बंद कर वह घर चले गए थे। सोमवार को दुकान बंद थी। मंगलवार सुबह पहुंचे तो चोरी और आगजनी का खुलासा हुआ। शोरूम 40 फीसदी जल चुका था। अंदर राख और पानी पड़ा था। शटर में ताले डले थे, उसे किसी चीज से उचकाया गया था। अंदर रखे अधिकांश रत्न, आभूषण, डायमंड, भगवान की मूर्ति चोरी हो चुकी थी।

### महिला के हाथ में सफेद रंग का थैला

सीसीटीवी कैमरे से पता लगा कि सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात तीन लोग दिखाई दिए। इसमें एक युवक जोकि हेलमेट पहने था। एक बच्चा और महिला थी। तीनों दुकान की ओर गए। अंदर बच्चा और महिला गए। 25 मिनट बाद दोनों निकले। महिला के हाथ में एक सफेद रंग का थैला था, जिसे लेकर बच्चा और महिला भागते दिखाई दिए। मंगलवार सुबह 8.10 बजे एक युवक दुकान के अंदर आया। वह हेमलेट पहने था। गल्ब्ज पहने था। हाथ में थैला लिए था, जिसमें प्रोटीन के डिब्बे थे। दो मिनट बाद वह बाहर निकला। तभी दुकान के अंदर ब्लास्ट हुआ। उसने पेट्रोल से आग लगा दी थी। सीसीटीवी फुटेज व वीडियो मिसरोद पुलिस को दिए हैं।

## मामूली विवाद पर शराब दुकान के बाहर बदमाशों ने चलाई गोली

**घटना सीसीटीवी में कैद, आरोपी फरार**

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** मामूली विवाद पर शराब दुकान के बाहर बदमाशों ने गोली चला दी। इससे इलाके में दहशत फैल गई। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए। पीड़ित की रिपोर्ट पर जहांगीराबाद थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गोली चलाकर दहशत फैलाने का केस दर्ज किया। मंगलवार को दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, अरविंद लोट नगर निगम में पदस्थ हैं। सोमवार दोपहर वह बरखेड़ी स्थित शराब की दुकान के बगल में नमकीन की दुकान पर बैठा था। इस बीच आसिम उर्फ डमरू और उसका साथी शादाब खान आए। उन्होंने दुकान से कुछ सामान खरीदा। सामान खरीदने के बाद दोनों की अरविंद से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ा तो आसिम ने अपनी कमर से कट्टा निकाला और गोली चला दी। गोली चलते ही इलाके में दहशत फैल गई। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए।

हालांकि गोली किसी को लगी नहीं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शराब की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले, जिसमें आरोपी और घटना दोनों कैद हो गई। फुटेज में आरोपी गोली चलाते दिखाई दिए हैं। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी आसिम उर्फ डमरू निवासी जनता क्वाटर ऐशबाग और शादाब खान निवासी शाहजहांनाबाद मल्टी के खिलाफ केस दर्ज कर मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### गोल्ड में निवेश के नाम 1.45 लाख की ठगी

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** गोल्ड में निवेश के नाम पर रिटायर्ड बाबू के साथ आनलाइन 1.45 लाख की ठगी हो गई। उनके इंस्टाग्राम पर मेसेज आया। वाट्सएप पर कॉल आया था। उन्हें 10-15 दिन में दोगुनी रकम करने का लालच दिया गया था। पीड़ित की रिपोर्ट कोहेफिजा पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोहेफिजा पुलिस के मुताबिक, 69 वर्षीय नरोत्तम कुमार शर्मा फ्लोरा गोयल अपार्टमेंट में रहते हैं। वह शिक्षा विभाग में निज सहायक के पद से रिटायर्ड हैं। उनके सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर मेसेज आया था। इसके बाद वृसएप पर कॉल आया। कॉलर ने बताया कि हम सरकार का अनुमति से ट्रेडिंग करते हैं और 10-15 दिन में पैसा दोगुना करते हैं। हम गोल्ड में ट्रेडिंग करते हैं। 16 दिसंबर 2025 को झांसे में आने के बाद बुजुर्ग ने निवेश करना शुरू कर दिया। अलग-अलग दिनांक को उन्होंने पैसे निवेश किए। इस तरह उन्होंने 1.45 लाख रुपए निवेश किए। जब उन्होंने पैसा वापस मांगा तो आनाकानी करने लगे। ठगी का अहसास होने पर उन्होंने इसकी शिकायत की थी। जांच के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फेसबुक पर दोस्ती कर नीट की छात्रा से किया दुष्कर्म

**जागरण, भोपाल।** एमपी नगर थाना क्षेत्र में नीट की छात्रा से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने फेसबुक के जरिए छात्रा से दोस्ती कर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 21 वर्षीय छात्रा मूल रूप से बैतूल की रहने वाली है। वर्तमान में वह अशोका गार्डन में किराए के मकान में रहती है। पिछले डेढ़ साल से निजी कोचिंग इंस्टीट्यूट से नीट की तैयारी कर रही है। मई 2025 में फेसबुक के जरिए उसकी पहचान मुलताई निवासी संजीव परिहार(30) से हुई। दोनों के बीच हुई बातचीत जल्द ही प्रेम-प्रसंग में बदल गई। इस दौरान युवक ने युवती से शादी करने की बात कही। जिस पर वह राजी हो गई। युवक ने 20 जुलाई 2025 में युवती को अमूल श्री होटल में बुलाया। जहां उसने शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद वह लगातार उसके साथ ज्यादती करता रहा। हाल ही में युवती ने शादी का दबाव बनाया तो वह मुकर गया। इसके बाद उसने फोन उठाना भी बंद कर दिया। बाद में युवती ने परेशान होकर थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# पुराने भोपाल में 300 बिस्तरों का नया अस्पताल 120 करोड़ की लागत, अगस्त में मिलेगी सौगात

**▶▶ पांच मंजिला इमारत का लगभग 90 फीसदी काम पूरा ▶▶ हाईटेक मशीनें और एडवांस इलाज की रहेगी सुविधा**

**नगर संवाददाता, भोपाल।** सुल्तानिया जनाना अस्पताल का हमीदिया परिसर में शिफ्ट होना पुराने भोपाल के लोगों के लिए फायदेमंद साबित होने जा रहा है। पुराने शहर को अब एक के बदले दो अस्पताल मिलने जा रहे हैं। सुल्तानिया जनाना तो अब जहां है वहीं चलता ही रहेगा, लेकिन इसकी पुरानी जगह पर अब एक नया अस्पताल मिल जाएगा। वह भी जिला अस्पताल जैसा, 300 बिस्तरों का सर्व सुविधायुक्त सिविल अस्पताल। यह भोपाल शहर का तीसरा सिविल अस्पताल भी होगा।

राजधानी के करीब 135 साल पुराने सुल्तानिया जनाना को करीब आठ साल पहले हमीदिया अस्पताल परिसर में शिफ्ट किया गया था। पुरानी बिल्डिंग गिराकर यहां स्वास्थ्य विभाग द्वारा पांच मंजिला नया हॉस्पिटल बनाया जा रहा है। इसके लिए बिल्डिंग का काम लगभग 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है। बिल्डिंग निर्माण का काम भवन विकास निगम के पास है और इसकी डेडलाइन अगस्त 2026 है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक बिल्डिंग निर्माण और इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 120 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया गया है। इस अस्पताल में 300 बिस्तर होंगे। जो कि किसी जिला अस्पताल के बराबर हैं, लेकिन अस्पताल का दर्जा सिविल स्तर का होगा। यानी बैरागढ़ और काटजू के बाद शहर का तीसरा सिविल अस्पताल होगा सुल्तानिया। पुराने भोपाल के मरीजों के लिए यह एक और सुविधा होगी, जहां एक ही छत के नीचे कई बीमारियों का इलाज मिल सकेगा।



### 3 ब्लॉक में बंटा रहेगा अस्पताल

अंग्रेजी के आई अक्षर के शेप में बन रही इस बिल्डिंग के ज्यादातर हिस्से में प्राकृतिक रोशनी सीधे जाएगी। छत पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। इलेक्ट्रिक व्हीकल के लिए पार्किंग में चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में ये जिले का पहला ऐसा अस्पताल होगा, जहां ऑपरेशन थिएटर (ओटी) में रोबोटिक सर्जरी होगी। मिनिमल इनवेसिव प्रोसीजर और स्मार्ट मॉनिटरिंग जैसी सुविधाएं पहली बार किसी सरकारी सेटअप में एक ही छत के नीचे मिलेंगी। अस्पताल में ओपीडी, आईपीडी और इमरजेंसी के अलग-अलग ब्लॉक बनाए गए हैं, जिससे गंभीर मरीज, भर्ती मरीज और सिर्फ ओपीडी में दिखाकर लौट जाने वाले मरीज एक-दूसरे से अलग रहेंगे। गंभीर और भर्ती मरीज ओपीडी की भीड़ से बच सकेंगे। इनकी जांच और बिलिंग भी अलग-अलग होगी।

### रोबोटिक सर्जरी के लिए तैयारी

नए अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी से लेकर स्पेशलिटी विंग तैयार होंगी। इनके लिए बिल्डिंग में पहले से प्रावधान किए गए हैं। अधिकारियों के अनुसार सेकेंड फेज के प्रस्ताव को मंजूरी भी मिल गई है। यही कारण है कि भवन के प्लान में बदलाव किए गए, जिससे इन यूनिट के लिए पहले से जगह चयनित की जा सके।

### पहले चरण में ये सुविधाएं शुरू होंगी

- **मेटरनिटी विंग:** अस्पताल शुरू करने के पहले चरण में यहां मेटरनिटी विंग को प्राथमिकता दी गई है। इसलिए प्रसूति प्रतीक्षालय बनाया जा रहा है। जहां डिलीवरी डेट से एक सप्ताह पहले महिलाएं भर्ती हो सकेंगी। जिससे उन्हें हाई रिस्क से बचाया जा सके।
- **पीडियाट्रिक विंग:** गंभीर स्थिति वाले नवजात शिशु के इलाज की व्यवस्था रहेगी। इसके लिए नियोनेटल आईसीयू तैयार किया जा रहा है। सामान्य बच्चों को भर्ती करने के लिए पीडियाट्रिक वार्ड होगा। पीआईसीयू, टीकाकरण केंद्र और प्ले रूम भी रहेगा। इस विंग में 51 बच्चों को रखने की व्यवस्था की जा रही है।
- **जीरियाट्रिक यूनिट:** अस्पताल में बुजुर्गों के लिए जीरियाट्रिक वार्ड और डे-केयर वार्ड भी होंगे। यहां लगाए जाने वाले सभी 10 बेड की हाइट भी एडजस्टेबल होगी, ताकि उन्हें बेड से उठने या बैठने में समस्या न हो।

### दूसरे चरण में यह सुविधाएं

**डर्मेटोलॉजी:** त्वचा, बाल और नाखून से जुड़ी बीमारियों का इलाज किया जाता है।
**न्यूरोलॉजी और न्यूरोसर्जरी:** दिमाग, नसों और रीढ़ की बीमारियों का इलाज और सर्जरी होती है।
**कार्डियोलॉजी:** हृदय और ब्लड प्रेशर से जुड़ी बीमारियों का इलाज किया जाता है।
**एंडोक्रायनोलॉजी:** डायबिटीज, थायरॉइड, मोटापा और हार्मोन संबंधी बीमारियों का इलाज होता है।
**गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी:** पेट, आंत, लिवर और पाचन तंत्र की बीमारियों का इलाज किया जाता है।
**कार्डियक सर्जरी:** हृदय से संबंधित गंभीर बीमारियों और ब्लॉकेज का ऑपरेशन किया जाता है।
**यूरोलॉजी:** किडनी, ब्लैडर और पेशाब की नली से जुड़ी बीमारियों का इलाज होता है।
**कैंसर विभाग:** कैंसर की पहचान, किरणों और सर्जरी से इलाज किया जाता है।

“ भवन निर्माण का काम लगभग पूरा हो गया है। अगस्त तक हैंड ओवर हो जाएगा। पुराने शहर के लोगों के लिए यह बहुत बड़ी सुविधा साबित होगा।
■ **डॉ. मनीष शर्मा**, सीएमएचओ भोपाल

### टीईटी पर शिक्षक संगठनों से सीपीआई की आज फिर चर्चा

**जागरण, भोपाल।** शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता के खिलाफ दो महीने से आंदोलन चला रहे शिक्षकों की मेहनत रंग दिखाने लगी है। राज्य शासन ने इस मामले पर चर्चा करने आंदोलन चला रहे संगठनों के नेताओं को अलग से चर्चा करने बुलाया है। बुधवार को दोपहर में होने वाली इस चर्चा में शासन द्वारा सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका के संबंध में नए सिरे से विचार कर सकता है। वहीं शिक्षक संगठन अभी भी अपने 18 अप्रैल से राजधानी में होने वाले प्रदेश व्यापी प्रदर्शन पर अड़े हुए हैं। इस आंदोलन की तैयारी भी जोरशोर से चल रही है। इसी बीच नवागत लोक शिक्षण आयुक्त अभिषेक सिंह ने एक बार फिर शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों को बुधवार दोपहर 3 बजे चर्चा के लिए बुलाया है। दो दिन पहले उन्होंने राज्य कर्मचारी संघ से जुड़े शिक्षक संगठन और शिक्षक संघ के अध्यक्षों से चर्चा की थी। इस पर आंदोलन करने वाले शिक्षक संगठनों ने नाराजगी जताई थी। सूत्रों का कहना है कि पिछली बैठक में आयुक्त ने टीईटी को लेकर विभाग द्वारा नया आदेश जारी किए जाने के संकेत दिए थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि नए आदेश में टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता और छूट की स्थिति स्पष्ट की जाए।

# फर्म में पार्टनर और कैफे में मैनेजर बनाने के नाम पर मालिक से 3 लाख का गबन

**निवेश के लिए पैसे लेकर भागा आरोपी, दो के खिलाफ केस दर्ज**

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** फर्म में पार्टनर और कैफे में मैनेजर बनाने के नाम पर मालिक से 3 लाख की धोखाधड़ी सामने आई है। कैफे में पैसे निवेश न कर आरोपी भाग निकला। एमपी नगर पुलिस ने आवेदन की जांच के बाद दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। एमपी नगर पुलिस के मुताबिक, मोहित गुप्ता और हर्षल शर्मा एमपी नगर जोन-वन स्थित एक कैफे पार्टनरशिप में चलाते हैं। कैफे चलाने के लिए उन्हें एक अनुभवी मैनेजर की जरूरत थी। वर्ष 2025 में उनकी मुलाकात समीर खान निवासी कैपिटल पेट्रोल पंप के पास से हुई। समीर पूर्व में कैफे चला चुका था। मुलाकात होने पर समीर ने दोनों पार्टनर से शर्त रखी कि मुझे कैफे में 10 प्रतिशत का पार्टनर बनाना होगा और मैनेजर के रूप में मुझे 15 हजार रुपए देने होंगे। साथ ही कैफे का रिनोवेशन करना होगा। दोनों पार्टनर उसकी तीनों शर्तें मान गए। कुछ दिन बाद मोहित ने समीर से बोला कि फर्म में पार्टनरशिप दिखाने के लिए निवेश करो, कागजों में पार्टनरशिप दिखाने केलिए निवेश बताना होगा। समीर ने पैसे नहीं होने हवाला दिया। उसने बोला कि आप मुझे 3 लाख रुपए नकद दे दो, यह रकम मैं आपके खाते में डाल दूंगा, इससे आप मेरी हिस्सेदारी दिखा देना। मोहित इस बात के लिए राजी हो गया।

### वॉशरूम की खिड़की से पैसे दूसरे को दे दिए

रिनोवेशन का काम आमिर नाम के व्यक्ति को दिया। समीर ने बोला कि आमिर से यह पैसे मुझे मैनेजर तालिब के सामने दिलवाना देना, जिससे मेरी हिस्सेदारी भी जाएगी और जब आप मुझे मैनेजर बनाए तो उसे एतराज नहीं होगा। मोहित ने आमिर को तीन लाख रुपए नकद दिए। यह पैसे लेकर समीर कैफे पहुंचा। सीसीटीवी में कैद हुआ कि उसने यह पैसे दिए और वॉशरूम में चला गया। इसके बाद वहां से खिड़की से यह रकम बाहर खड़े किसी अपने व्यक्ति को दे दी। बाद में वह भाग गया।

# मक्का-मदीना में भोपाल के लोगों को क्यों नहीं मिल रही रुबात?

**एनएचआरसी ने सीएस तक को थमाया नोटिस**

**चुप्पी तोड़े हज कमेटी, वक्फ बोर्ड और औकाफे शाही को भी देना होगा जवाब**

### आयोग ने हज यात्रियों के अधिकारों का बताया उल्लंघन

**नगर संवाददाता, भोपाल।** मक्का व मदीना में मौजूद रुबात को लेकर अब हज कमेटी, वक्फ बोर्ड और औकाफे शाही को अपनी चुप्पी तोड़ना पड़ेगी। इस मुद्दे पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इन तीनों को नोटिस जारी कर दिया है। आयोग ने रुबात का फायदा हज यात्रियों को न मिलने पर इसे यात्रियों के अधिकारों का हनन बताया है। मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने इस मामले में संज्ञान लिया है। उन्होंने मप्र शासन के मुख्य सचिव, राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव, विदेश मंत्रालय के सचिव, मप्र वक्फ बोर्ड अध्यक्ष, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय के सचिव को नोटिस की प्रति भेजी है। नोटिस में शिकायत के आधार पर कार्रवाई के लिए भी कहा गया है।

**सबा सुल्तान पर भ्रष्टाचार का आरोप**

जानकारी अनुसार इम्तियाज अली ने इस मामले में एनएचआरसी के सदस्य कानूनगो को शिकायत भेजी थी। कानूनगो का कहना है कि मक्का व मदीना में वक्फ संपत्ति के कुप्रबंधन की शिकायत मिली है। जिसमें लिखा है कि औकाफे शाही की मुतवल्ली सबा सुल्तान और सिंकदर हफीज रुबात के मामले में भ्रष्टाचार कर रहे हैं। इन दोनों की मिलीभगत से भोपाल, रायसेन और सीहोर से हज यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को रुबात का लाभ नहीं मिल रहा। इससे हाजियों को अपनी जेब से हजारों रुपए खर्च करना पड़ रहे हैं। जबकि सबा सुल्तान और सिकंदर हफीज रुबातों से आने वाली कमाई का फायदा उठा रहे हैं, इसके अलावा इन पैसे को भारत में लेकर आ रहे हैं, जो कि फेमा कानून का भी उल्लंघन है। इसलिए उक्त मामले में न सिर्फ एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर दोनों के खिलाफ जांच होनी चाहिए, बल्कि भोपाल के हाजियों को तत्काल रुबात का लाभ भी मिलना चाहिए।

### कार्रवाई के दिए निर्देश

- शिकायत में लगाए गए आरोपों की उच्च स्तरीय जांच हो।
- विदेशी लेन-देन का फॉरेंसिक ऑडिट कराया जाए।
- हज यात्रियों के अधिकारों को बहाल करने के लिए कूटनीतिक प्रयास किए जाएं।

### सीएम ने लिखा पत्र, रिजिजु करेंगे चर्चा

इस मामले में मप्र वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सनव्वर पटेल ने बताया कि रुबात की बहाली के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजिजु को पत्र लिखा है। इस विषय में चर्चा के लिए बुधवार को मैं स्वयं उनसे दिल्ली में मुलाकात करूंगा और रुबात की सुविधा बहाल हो, यह हमारा प्रयास है। पटेल ने यह भी बताया कि 18 अप्रैल से फ्लाइट का सिलसिला शुरू हो रहा है, इसलिए हमारी कोशिश है कि यह मामला जल्द से जल्द सुलझ जाए।

# फर्जी दस्तावेजों से बने शॉप एक्ट लाइसेंस होंगे निरस्त, श्रम विभाग ने शुरू की जांच

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** शॉप एक्ट के तहत लाइसेंस (गुमाश्ता) और दुकान एवं स्थापना पंजीयन की ऑटो-अप्रूवल व्यवस्था का गलत फायदा उठाने वालों के रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस निरस्त होंगे। श्रम विभाग को मिली शिकायतों के बाद इस पर नकेल कसना शुरू हो गया है। श्रम आयुक्त कार्यालय से जारी नए आदेश के मुताबिक अब फर्जी और कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर हासिल किए गए शॉप एक्ट लाइसेंसों को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया जाएगा। विभाग की रैंडम जांच में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि कई आवेदकों ने लाइसेंस पाने के लिए बगैर हस्ताक्षर वाले आवेदन, धुंधले दस्तावेज, दुकान की एडिट की हुई फोटो और गलत पतों का सहारा लिया है।



### इन दस्तावेजों की होगी जांच

नई व्यवस्था के तहत अब श्रम विभाग के अधिकारी और कर्मचारी दुकानों पर जाकर स्वामित्व के प्रमाण जैसे किरायानामा, रजिस्ट्री, पहचान पत्र और दुकान के फोटोग्राफ की बारीकी से जांच करेंगे। इस दौरान अगर दस्तावेज झूठे या कूट रचित पाए जाते हैं तो दुकान या फर्म के पंजीयन को तुरंत रद्द कर दिया जाएगा। इसके अलावा, जिन दुकानों के दस्तावेज अपठनीय या हस्ताक्षर के बगैर हैं, उन्हें पहले कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा और संतोषजनक जवाब न मिलने पर उनके खिलाफ भी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### एसएमएस से मिलेगी सूचना

इस जांच के लिए ऐसी व्यवस्था तैयार की जा रही है, जिससे पंजीयन निरस्त होने पर आवेदक को सीधे एसएमएस के जरिए सूचना मिल सकेगी। इससे आवेदक को अपना पक्ष रखने का भी मौका मिलेगा। गौरतलब है कि प्रदेश में हर साल शॉप एक्ट के तहत लगभग 1.80 लाख ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होते हैं। प्रदेश सरकार ने इस व्यवस्था को आसान बनाने के लिए पिछले साल 12 सितंबर से ऑनलाइन ऑटोमेटिक व्यवस्था लागू की थी। इसके बाद कई आवेदकों ने फर्जी दस्तावेजों और गलत जानकारी के आधार पर लाइसेंस बनवा लिए।

# भोपाल के पेयजल में भी मिला भागीरथपुरा वाला ई-कोलाई बैक्टीरिया, एनजीटी ने मांगा सरकार से जवाब

**11 मई को होगी अगली सुनवाई पेयजल व्यवस्था पर उठा सवाल**

**नगर संवाददाता, भोपाल।** राजधानी के भूजल में जानलेवा ई-कोलाई बैक्टीरिया की पुष्टि हो चुकी है। इसके बाद भी नगर निगम द्वारा अकुशल कर्मचारियों से पानी की जांच कराई जा रही है, जिस पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने सख्त रुख अपनाया है। ट्रिब्यूनल ने भोपाल और इंदौर में पेयजल सुरक्षा और निगरानी में लंबे समय से हो रही विफलताओं पर चिंता जताते हुए राज्य सरकार से विशेषज्ञों की सूची मांगी है। एनजीटी में दायर याचिका के अनुसार, भोपाल नगर निगम पेयजल की जांच जैसे गंभीर कार्य के लिए विशेषज्ञों के बजाय अकुशल और अप्रशिक्षित अस्थाई कर्मचारियों का उपयोग कर रहा है। याचिकाकर्ता का तर्क है कि रसायनों और पानी की गुणवत्ता की जांच केवल प्रशिक्षित विशेषज्ञों द्वारा ही की जानी चाहिए, क्योंकि गलत रिपोर्ट मासूम नागरिकों के जीवन को खतरे में डाल सकती है। दरअसल, इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से मौतें होने के बाद भोपाल में भी नगर निगम द्वारा पेयजल की जांच में ई-कोलाई बैक्टीरिया की पुष्टि हो चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले छह वर्षों में मध्य प्रदेश के प्रमुख शहरों में 5.45 लाख से अधिक लोग दूषित पानी से होने वाली बीमारियों का शिकार हुए हैं। यह आंकड़ा सरकारी मशीनरी की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

### पानी की कमी और सरकारी तंत्र की विफलता

भोपाल में हजारों लोग पिछले 15 दिनों से पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं और मजबूरी में टैंकरों पर निर्भर हैं। आरोप है कि नगर निगम समस्या सुलझाने के बजाय कई क्षेत्रों में जल आपूर्ति बंद कर देता है, जिससे जनता का सरकारी तंत्र पर से विश्वास उठ रहा है। यही स्थिति इंदौर में भी है, जहां पाइपलाइन लीकेज ठीक न होने के कारण 15 कालोनियों के 30 हजार से अधिक लोग पानी के लिए जूझ रहे हैं।

### एक्शन टेकन रिपोर्ट, पेश करे प्रशासन

अधिकरण ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन को 15 जनवरी 2026 के आदेश का पालन करने और तत्काल एक्शन टेकन रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता की मांग है कि पानी की जांच का जिम्मा आईआईटी जैसे संस्थानों को दिया जाए, जिस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से प्रदेश में उपलब्ध विशेषज्ञ संस्थाओं के नाम तलब किए हैं। मामले की अगली सुनवाई 11 मई को होगी।

**नाराजगी** — पुलिस कमिश्नर ने 15 प्वाइंट पर जारी किए निर्देश, थाना प्रभारियों की जिम्मेदारी की तय, मॉनीटरिंग बढ़ाईं

# 50 किमी घूमें, बंद नहीं मिले लोकेशन, 4 ड्रायवरों में बंटेगा काम

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** राजधानी में डॉयल-112 (एफआरवी) की शिकायतें मिल रही थीं। इवेंट कम आने से इसके औचित्य पर सवाल खड़े होने लगे थे। कभी स्टाफ की कमी, तो कभी उपकरण की खराबी का बहाना बनाकर एफआरवी को कमजोर किया जा रहा था। यह देखते हुए पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने 15 प्वाइंट पर निर्देश जारी कर सख्त हिदायत दी है। थाना प्रभारियों को जिम्मेदार बनाते हुए इसका कढ़ाई से पालन करवाने को कहा है। अफसरों ने पुलिस कमिश्नरेट में आने वाली सभी एफआरवी की रोजाना मॉनीटरिंग शुरू कर दी है।




### रनिंग टाइम कम आने लगा

जानकारी के अनुसार लोगों को तुरंत मौके पर राहत पहुंचाने के लिए एफआरवी की शुरूआत की गई। लेकिन देखने में आ रहा था कि यदि एफआरवी एक इवेंट पर पहुंची तो दूसरे का कॉल रिसीव नहीं होता था ऐसा इसलिए था कि इवेंट पर पहुंचने के बाद इस प्वाइंट को बंद नहीं कराया जाता था। ऐसे में दूसरा इवेंट तक तब पास नहीं होता था। स्टाफ की कमी बताकर एफआरवी थाने पर खड़ी रहती थी। इससे इवेंट आना कम हो गए। पहले जहां एक एफआरवी का 50 किमी का रन आता था, अब यह कम चलने लगी। लोगों का भरोसा टूटता देख पुलिस कमिश्नर ने इसे गंभीरता से लिया और बैठक बुलाकर समझाइश के बाद निर्देश जारी किए।

### प्रत्येक थानों की एफआरवी की समीक्षा

देखने में यह भी आया कि एफआरवी ने रात के समय कुछ फिक्स प्वाइंट तय कर लिये थे। जहां यह खड़ी होने लगी। भ्रमण न कर एक ही स्थान पर खड़ी मिली। इसलिए रोजाना चार्ट बनाकर इसकी मॉनीटरिंग चालू की गई है। इसमें ऑफ रोड एफआरवी, इवेंट की संख्या, कितने किमी चली, उपकरण की हालत जैसे एमडीटी, सीयूजी, मोबाइल, जीपीएस की स्थिति, स्टाफ की उपलब्धता आदि की समीक्षा शुरू की गई है। पुलिस कमिश्नरेट में आने वाले प्रत्येक थानों की एफआरवी की समीक्षा की जा रही है। कारण जानकर इसे दुरुस्त किया जा रहा है। लापरवाही करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। शहर में अभी 52 एफआरवी हैं, जो कंट्रोल से इवेंट आने के बाद मौके के लिए रवाना होती हैं। इसमें एक दो पुलिसकर्मी एक चालक रहता है।

### ये दिए निर्देश, जिनका होना है पालन

- एफआरवी को प्राप्त होने वाले प्रत्येक इवेंट पर वाहन अनिवार्य रूप से जाए।
- प्रत्येक एफआरवी वाहन में अनिवार्य रूप से पुलिस कर्मचारी उपस्थित रहना चाहिए।
- इवेंट पर पहुंचने के बाद तत्काल बंद कराया जाए।
- नोडल प्वाइंट के अतिरिक्त एफआरवी अन्य किसी स्थल पर या थाने पर खड़ी न हो।
- एफआरवी वाहन में ड्यूटी कर रहे समस्त कर्मचारी अलर्ट रहें और सोए नहीं।
- वाहन में कार्यरत कर्मचारी का टर्नआउट यूनिफार्म अच्छा हो।
- एफआरवी में उपलब्ध बॉडीवार्न कैमरे को चार्ज रखें एवं अधिक से अधिक उपयोग करें।
- वाहन में तैनात कर्मचारियों द्वारा कंट्रोल रूम के नंबर को ब्लॉक नहीं किया जाए।
- गश्त के लिए 15-15 नोडल पाइंट निर्धारित किए गए हैं, इन पाइंट पर जाना अनिवार्य है।
- प्रत्येक एफआरवी के लिए 4 ड्रायवर निर्धारित किए गए हैं। थाना प्रभारी देखें कि प्रत्येक वाहन में 4 ड्रायवर समय-समय पर अपनी ड्यूटी पर उपस्थित हों।
- एफआरवी को तत्काल इवेंट पर पहुंचना है और हर परिस्थिति में रिस्पांस टाइम कम से कम होना चाहिए।
- तैनात चालकों द्वारा कार्य के प्रति लापरवाही पाए जाने पर तत्काल रिपोर्ट तैयार कर पुलिस उपायुक्त को बताएं और दंडात्मक कार्रवाई करें।
- पुलिस उपायुक्त अपने क्षेत्र की एफआरवी की समीक्षा करें।

# गोरस मोबाइल ऐप से एक क्लिक पर मिलेगी पशुपालन की जानकारी

**मुसं, भोपाल।** दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने और पशुपालकों को संपन्न बनाने के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग गोरस मोबाइल एप लॉन्च करेगा। प्रदेश में 2 करोड़ से अधिक गाय-भैंसे पाली जाती हैं लेकिन पारंपरिक आहार पद्धतियों और पोषण की कमी के कारण पशुओं की उत्पादन क्षमता प्रभावित होती है, जिससे दूध उत्पादन में 20 से 30 प्रतिशत तक की होती है। इसके अलावा पशुओं के गर्भधारण में कठिनाई का सामना भी करना पड़ता है, जिनका समाधान अब पशुपालक घर बैठे एक क्लिक पर प्राप्त कर सकेंगे।

**ऑफ लाइन भी काम करेगा ऐप:** एप पूरी तरह से हिंदी भाषा में विकसित किया गया है जो बिना इंटरनेट के भी काम करेगा। एप में पशु की नस्ल, वजन, दुग्ध उत्पादन और गर्भावस्था की स्थिति की जानकारी दर्ज करते ही संतुलित आहार की सही मात्रा और अनय सुझाव मिलेंगे। इसके अलावा एप गणना करके बताएगा कि आहार में सुधार करने से पशुपालक को कितना अतिरिक्त लाभ होगा। इसमें गिर, साहीवाल, थारपारकर, मुर्रा और भदावरी जैसी नस्लों के लिए अलग-अलग मार्गदर्शन के साथ-साथ 28 से अधिक स्थानीय चारों की विस्तृत जानकारी भी शामिल की गई है। विभाग के प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव के अनुसार यह एप जल्द ही गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध होगा।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## साइबर फ्रॉड पर अंकुश के लिए उपाय जरूरी

अपनी शुरुआत के एक दशक बाद यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई देश की डिजिटल भुगतान व्यवस्था का अनिवार्य अंग बन चुका है। यह तेज गति से मुद्रा हस्तांतरण से लेकर परस्पर संचालन के जरिये विभिन्न प्लेटफॉर्म और संस्थानों के बीच अबाध गति से लेनदेन सुनिश्चित करता है। 45 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ताओं के साथ यह हर माह करीब 22 अरब लेनदेन करता है और मार्च में इस लेनदेन का मूल्य करीब 29.5 लाख करोड़ रुपये रहा। इस प्रकार इसने भारतीयों के लेनदेन के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है। बहरहाल, एक ओर जहां वृद्धि में अब धीमापन आ रहा है वहीं धोखाधड़ी का जोखिम लगातार बढ़ रहा है।

राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार धोखाधड़ी के रिपोर्ट हुए मामले 2021 के 2.6 लाख से बढ़कर 2025 में करीब 28 लाख तक पहुंच गए। इनका सालाना मूल्य 22,000 करोड़ रुपये का स्तर पार कर गया। ध्यान देने वाली बात है कि धोखाधड़ी के 98.5 फीसदी मामले 10,000 रुपये से अधिक मूल्य के थे। इस संदर्भ में हाल ही में रिजर्व बैंक की ओर से जारी परिचर्चा पत्र 'एक्सप्लोरिंग सेफगार्ड्स इन डिजिटल पेमेंट्स टु कर्ब फ्रॉड्स' में यह प्रस्ताव रखा गया है कि उच्च मूल्य के नकदी हस्तांतरण में एक घंटे का विलंब किया जाए। साथ ही, वरिष्ठ नागरिक अगर 50,000 रुपये से अधिक का लेनदेन करें तो किसी विश्वसनीय व्यक्ति द्वारा उसका प्रमाणन किया जाए। यूपीआई जैसी रियल टाइम प्रणाली में एक बार पैसा चला जाने के बाद उसकी वसूली करना मुश्किल होता है। इसीलिएठ बचाव ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है।

उच्च-मूल्य हस्तांतरणों के लिए प्रस्तावित एक घंटे की देरी उपयोगकर्ताओं को लेनदेन पर पुनर्विचार या उसे रद्द करने का एक अवसर दे सकती है, और बैंकों को संदिग्ध गतिविधियों को चिह्नित करने का समय मिल सकता है। सिंगापुर, ब्रिटेन और स्वीडन जैसे देशों के अनुभव से पता चलता है कि ऐसी 'कूलिंग-ऑफ' अवधि धोखाधड़ी को कम कर सकती हैं। यह सब नियमित भुगतानों को महत्त्वपूर्ण रूप से प्रभावित किए बिना हो सकता है।

यद्यपि कुछ ढांचागत दिक्कतें बरकरार हैं। लेनदेन में देरी यूपीआई के त्वरित भुगतान के बुनियादी वायदे के विरुद्ध है। बैंकों को भी अलर्ट और धन वापसी आदि की नई प्रणालियों में निवेश करना होगा। इससे लागत और समन्वय की चुनौतियां बढ़ेंगी। धोखाधड़ी करने वाले उपयोगकर्ताओं को 'व्हाइटलिस्टिंग' के माध्यम से सुरक्षा उपायों को दरकिनार करने के लिए भी मना सकते हैं। 'विश्वसनीय व्यक्ति' द्वारा प्रमाणीकरण भी वास्तविक लेनदेन में देरी कर सकता है। इसलिए इन खामियों को दूर करने में प्रौद्योगिकी महत्त्वपूर्ण होगी।

आर्टिफिशल इंटेलिजेंस आधारित निगरानी, बैंकों के बीच बेहतर डेटा साझा करने और वास्तविक समय में जोखिम का अंकन आदि संदिग्ध रुझानों का पता लेनदेन पूरा होने के पहले लगाने में मदद कर सकते हैं। ऐसे उपाय यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि सुरक्षा उपाय व्यापक न होकर लक्षित हों, जिससे दक्षता बनी रहे और सुरक्षा में सुधार हो। हाल ही में रिजर्व बैंक द्वारा उपभोक्ता-केंद्रित प्रोत्साहन, जैसे कि छोटे मूल्य की धोखाधड़ी के लिए क्षतिपूर्ति तंत्र, जो इस वर्ष जुलाई से लागू होगा, उपभोक्ता विश्वास को भी बढ़ाएगा। खासकर अगर दावों का निपटारा शीघ्रता से किया जाए। अंततः प्रणाली में विश्वास केवल रोकथाम पर नहीं, बल्कि निष्पक्ष और समय पर निवारण पर भी निर्भर करता है। फिर भी, उपयोगकर्ताओं, खासकर संवेदनशील वर्गों के हितों की रक्षा के लिए स्पष्ट सुरक्षा-सीमाएं तय की जा सकती हैं। यद्यपि यह भी महत्त्वपूर्ण होगा कि उपयोगकर्ताओं को ऐसे तंत्र से बाहर निकलने का विकल्प दिया जाए। इस संदर्भ में जागरूकता भी अत्यंत आवश्यक है। यद्यपि रिजर्व बैंक और अन्य एजेंसियों ने प्रयास तेज किए हैं, परंतु धोखाधड़ी का पैमाना और उसका बदलता स्वरूप यह दर्शाता है कि कहीं अधिक सतत और व्यापक डिजिटल साक्षरता पहलों की आवश्यकता है।

प्रसंगवश

## ई-सिगरेट के दुष्प्रभावों पर शोध किए जाएं

*इस बात के प्रमाण 1880 के दशक की शुरुआत में ही मिल गए थे कि धूम्रपान फेफड़ों को नुकसान पहुंचाता है। लेकिन यह साबित करने में कि धूम्रपान फेफड़ों के कैंसर का कारण बनता है, लगभग 100 साल लग गए। तो फिर इलेक्ट्रॉनिक या ई-सिगरेट के बारे में क्या कहा जाए? जो लोग ई-सिगरेट पीते (वेपिंग) हैं, वे गैर-धूम्रपान करने वालों की तुलना में धूम्रपान शुरू करने की अधिक संभावना रखते हैं। लेकिन अभी तक साक्ष्यों से यह स्पष्ट नहीं है कि ई-सिगरेट कैंसर का कारण बनते हैं।*

*हालांकि, हमने 2017 से 2025 के मध्य प्रकाशित सभी सहकर्मी-समीक्षित शोधों की पहचान की, जिनमें वेपिंग के स्वास्थ्य पर प्रभावों का अध्ययन किया गया था, जो संभावित रूप से कैंसर के कारणों की ओर संकेत करते हैं। वेपिंग करने वाले जो धुआं अंदर लेते हैं, उसमें कई प्रकार के रसायन होते हैं, जिनमें निकोटीन और उसके उप-उत्पाद, तथा धातुओं के वाष्पित कण शामिल होते हैं। यह धुआं लगभग उन सभी 'कैंसर पैदा करने वाले गुणों' को दर्शाता है, जिन्हें विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पहचाना है। रक्त और मूत्र के परीक्षणों से यह पुष्टि हुई कि वेपिंग करने वालों के शरीर में ई-सिगरेट से जुड़े रसायन अवशोषित हो रहे हैं, जो कैंसर से संबंधित माने जाते हैं।*

*हमने पाया कि वेपिंग करने वालों के मुंह और फेफड़ों के डीएनए में परिवर्तन हो रहे हैं, जो कैंसरकारी तत्वों के संपर्क का एक और प्रमाण है। इसके अलावा, वेपिंग करने वालों के फेफड़ों और मुंह के ऊतकों में कैंसर से जुड़े बायोमार्कर में भी बदलाव पाए गए। ये बायोमार्कर ऐसे परिवर्तन होते हैं, जो ट्यूमर बनने से पहले कोशिकाओं या अणुओं में दिखाई देते हैं।*

*इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट या ई-सिगरेट, जिन्हे 'वेप्स' कहा जाता है, फेफड़ों में वाष्पित तरल डालने के लिए डिज़ाइन किए गए इलेक्ट्रॉनिक उपकरण होते हैं। कई अलग-अलग प्रकार के वेप्स उपलब्ध हैं और इनका दिखाई देना कठिन हो सकता है। वेप्स में प्रमुख घटक प्रोपिलीन ग्लाइकॉल, वनस्पति ग्लिसरीन या ग्लिसरॉल होता है, और इनमें निकोटीन, स्वाद देने वाले पदार्थ और अन्य रसायन भी होतेहैं। वेप्स में ऐसे हानिकारक रसायन भी हो सकते है, जिन्हे पेक पर सूचीबद्ध न किया गया हो। वेप्स के बारे में सबसे बड़ी गलतफहमी यह है कि वे सिगरेट की तुलना में हानिमुक्त होते हैं। यह सच नही है।*

*नि कोटीन युवा लोगो के मस्तिष्क में सिनैप्सिस बनाने के तरीकेको बदल देता है। इसके प्रभावो में ध्यान केंद्रित करने सीखने और याद रखने की क्षमता में गिरावट और मनोदशा में परिवर्तन शामिल हो सकते हैं।*

*उपलब्ध साक्ष्य दर्शाते हैं कि निकोटीन आधारित वेपिंग से मुंह और फेफड़ों के कैंसर होने की आशंका है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि इससे कितने मामलों में कैंसर होगा। शोधकर्ताओं का कहना है कि अब यह मानना उचित नहीं है कि वेपिंग का कैंसर जोखिम धूम्रपान से कम है। हमारा अध्ययन वेपिंग को कैंसर के कारण के रूप में देखता है।*

*फिर भी, अभी हमारे पास इसका प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं है कि वेपिंग करने वाले लोगों में अपेक्षा से अधिक कैंसर के मामले सामने आ रहे हैं। जैसे धूम्रपान और कैंसर के बीच संबंध स्थापित करने में 100 साल लगे, वेपिंग के मामले में भी दशकों लग सकते हैं। इसके लिए ऐसे लोगों का अध्ययन करना होगा, जो केवल वेपिंग करते हैं। इसलिए सावधानीपूर्वक नियोजित शोधों की आवश्यकता है, ताकि हम कैंसर का समय रहते पता लगा सकें। यदि ऐसे शोधों को अभी से वित्तपोषित करना शुरू किया जाए, तो इससे कई लोगों की जान बचाई जा सकती है।*



नीति और कूटनीति | ईरान अपनी ताकत से अधिक पर दांव लगाना चाहता है, यानी गलत उम्मीद के साथ दांव खेलना

## ईरान को भारी पड़ सकता है गलत दांव

सुशांत सरीन

इक्कीस घंटे की लंबी बातचीत के बावजूद पश्चिम एशिया संकट को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच इस्लामाबाद में हुई वार्ता बेनतीजा खत्म हो गई है और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अमेरिका लौट गए हैं। इस वार्ता की विफलता के बारे में दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी तरफ से बयान दिए हैं। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि 'हमने अपनी सीमा स्पष्ट कर दी है। ईरान ने हमारी शर्तें मानने से इन्कार कर दिया है। हम बहुत ही आसान प्रस्ताव देकर जा रहे हैं कि यही हमारा अंतिम और बेस्ट ऑफर है। हम देखेंगे कि ईरानी इसे स्वीकार करते हैं या नहीं।' दूसरी तरफ ईरान की सरकारी मीडिया ने कहा है कि 'अमेरिका से बातचीत के दौरान ईरान ने बार-बार अपने प्रस्ताव रखे और अमेरिकी पक्ष को वास्तविकता की ओर लाने की कोशिश की। हालांकि, हर स्तर पर अमेरिका की अत्यधिक मांगों ने एक साझा ढांचे तक पहुंचने में अड़चन पैदा की। अमेरिकी रुख में लचीलेपन की कमी के कारण वार्ता बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गई।' जाहिर है, बेनतीजा ही सही, अभी बातचीत का पहला दौर खत्म हुआ है। इसका मतलब यह नहीं कि दोनों देशों के बीच आगे बातचीत नहीं होगी। अभी यह कहना भी जल्दबाजी होगी कि तुरंत दोबारा से उसी भीषणता के साथ युद्ध शुरू हो जाएगा, जिसकी आशंका थी। आगे क्या होता है, यह जानने के लिए शायद एक-दो दिन इंतजार करना चाहिए।

अभी तक जो खबरें आई हैं, उससे यह लगता है कि पहले दौर की बातचीत में कुछ चीजों पर बातचीत आगे बढ़ी है, लेकिन कुछ चीजों पर अब भी उसमें अड़चनें हैं। ये अड़चनें आनी ही थीं, क्योंकि अमेरिका समझता है कि उसने युद्ध जीत लिया है और ईरान को इतने बुरे तरीके से परास्त किया है कि वह अपनी मनमानी शर्तें ईरान पर थोप सकता है। दूसरी तरफ ईरान यह समझता है कि उसने अमेरिकी हमले को झेल लिया है और मजबूती से उभरकर सामने आया है तथा उसने ऐसी रणनीतिक बढ़त हासिल कर ली है कि अमेरिका से अपनी बातें मनवा सकता है। ईरान को लगता है कि अमेरिका युद्धविराम के लिए बहुत ज्यादा उत्सुक है और अगर एक पक्ष समझौते के लिए बहुत ज्यादा उत्सुक हो, तो दूसरे पक्ष को वैसे ही बहुत ज्यादा लाभ (एडवांटेज) मिल जाता है।

किसी भी युद्ध को खत्म करने के लिए दो-तीन बातें जरूरी हैं। पहली, या तो एक पक्ष इतनी मजबूती से विजयी हो गया हो और दूसरा पक्ष पूरी तरह से ढेर हो गया हो कि एक पक्ष दूसरे पक्ष पर अपनी शर्तें थोप सकता है। दूसरी, अगर ऐसा न हो, मगर दोनों पक्षों ने इतने भीषण तरीके से युद्ध लड़ा हो कि दोनों बुरी तरह से तबाह हो गए हों, तो वे थककर समझौता करने के लिए राजी होते हैं। तीसरी बात यह है कि दोनों को अक्ल आ जाए और बीच का कोई रास्ता बन जाए। यहां पर समस्या यह है कि बीच का रास्ता नजर नहीं आ रहा है, क्योंकि ईरान कई ऐसी चीजों की मांग कर रहा है, जो पहले कभी बातचीत की मेज पर नहीं थीं, जैसे होर्मुज जलडमरूमध्य की बात हो, उस क्षेत्र में उसके वर्चस्व की बात हो, या प्रतिबंधों को खत्म करने और मुआवजे की बात हो या भविष्य में ईरान ही नहीं, उसके सहयोगियों के ऊपर भी हमले न करने की गारंटी हो। ये सब ऐसे मुद्दे हैं, जो पहले बातचीत का हिस्सा नहीं थे।



समस्या यह है कि इस युद्ध से पहले अमेरिका और ईरान के बीच जो वार्ता चल रही थी, उसमें कुछ बिंदुओं पर सहमति बन रही थी, फिर भी अमेरिका ने ईरान पर हमला कर दिया। अब जैसी कि खबरें आ रही हैं, हालांकि उनकी अभी पुष्टि नहीं हुई है, अमेरिका चाह रहा है कि जिन बिंदुओं पर युद्ध से पहले सहमति बन रही थी, युद्ध के बाद शुरू हुई वार्ता वहीं से शुरू हो। यह तो अजीब बात लगती है कि जिन चीजों पर हमले से पहले बात हो रही थी, हमले के बाद भी उन्हीं पर वार्ता हो, क्योंकि अमेरिका जो कर सकता था, वह तो उसने करके देख लिया। अब यदि वह लौट कर बातचीत करना चाहता है, तो स्वाभाविक ही ईरान अपनी शर्तों पर उससे बात करना चाहेगा। तो पहले चरण की बातचीत की नाकामी का मूल कारण यह है।

अब देखना होगा कि अगले एक-दो दिनों में दोबारा युद्ध शुरू होता है या दोनों पक्ष दो हफ्ते के युद्धविराम का पालन करते हैं। अगर दोबारा युद्ध शुरू नहीं होता, या होता भी है, तो छोटे-मोटे हमले तक सीमित रहता है और होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर जहाजों की आवाजाही सीमित संख्या में ही सही, जारी रहती है तथा दोनों पक्ष पर्दे के पीछे से बातचीत फिर शुरू करने की कोशिश करते हैं एवं दोनों अपने रुख में लचीलापन लाते हैं, तो बहुत संभव है कि इस संकट का हल हो जाए। यानी दो बातें हैं-पहली कि दोबारा से युद्ध शुरू न हो, वार्ता को फिर से पटरी पर लाया जाए और सभी मुद्दों पर न सही, कुछ मुद्दों पर सहमति बन जाए। दूसरी यह आशंका है कि फिर से युद्ध शुरू हो जाए।

सहमति में दिक्कत यह है कि अमेरिका वहीं से वार्ता शुरू करना चाहता है, जहां उसने युद्ध से पहले बातचीत खत्म की थी, पर ईरान अब नए सिरे से बात करना चाहता है। दूसरी समस्या यह है कि ईरान भी अपनी ताकत से अधिक पर दांव लगाना चाहता है, जिसे अंग्रेजी में कहते हैं-'ओवरप्ले योर हैंड' यानी गलत उम्मीद के साथ अपने दांव पर खेलना। यह ईरान के लिए उल्टा भी पड़ सकता है, क्योंकि अब तक जो युद्ध हुआ है, उसमें ईरान को भारी क्षति उठानी पड़ी है।

अमेरिका समझौते करना तो चाहता है, लेकिन जिन शर्तों पर चाहता है, वे संभव नहीं दिखतीं। अगर अमेरिका दोबारा युद्ध शुरू करता है, तो निश्चित रूप से ईरान को बहुत नुकसान होगा, लेकिन नुकसान सिर्फ ईरान का नहीं होगा, क्योंकि अब भी ईरान के पास कुछ ऐसी क्षमताएं हैं कि खाड़ी क्षेत्र के गैस व तेल इन्फ्रास्ट्रक्चर को तहस-नहस कर सकता है। इसलिए समाधान की राह आसान नहीं है। इसमें एक और खतरा जो नजर आ रहा है, वह यह कि पाकिस्तान, जो अब तक इस युद्ध से बाहर रहा है, वह भी कहीं सऊदी अरब के साथ न हो जाए। अगर ऐसा होता है और पाकिस्तान ईरान के खिलाफ कोई कदम उठाता है, तो आशंका है कि ईरान की मिसाइलें फिर पाकिस्तान के ऊपर भी गिरेंगी। इससे युद्ध का दायरा फैलता चला जाएगा। इसका अंजाम यह होगा कि ईरान इतनी बुरी तरह से तबाह हो जाएगा कि उसके लिए वहां की रियासत को एकजुट रखना मुश्किल हो जाएगा। अगर ऐसा हुआ, तो ईरान तो बर्बाद हो ही जाएगा, बाकी खाड़ी क्षेत्र भी अस्थिर हो जाएगा।

खुला मंच

## सपने में आ गई सरकार

गुरमीत बेदी

आधी रात तक पत्नी से लडने़ के बाद जैसे ही सोने की फुर्सत मिली, सपने में सरकार आ गई। यानी सिर मुंडाते ही ओले पडने़ वाली बात हो गई। लेकिन पत्नी से आए रोज लड़ लड़ कर हम इतने पक्के ढीठ बन चुके हैं कि सरकार से भी हमने दो दो हाथ करने की ठान ली। इससे पहले कि सरकार की ओर से कोई वार्तालाप शुरू होता, अपुन फ्रंटफुट पर आ गए। महंगाई से लेकर गैस सिलेंडर तक, बेरोजगारी से लेकर भ्रष्टाचार तक, वादाखिलाफी से लेकर ईरान, इजरायल, अमरीका मसले पर सरकार की चुप्पी को लेकर हमने शब्दों के मिसाइल छोडने़ शुरू कर दिए। अब सरकार से टक्कर लेना कोई आसान तो होता नहीं। सरकार हमारे हर वार पर पलटवार करती रही। सपने में सरकार से मुठभेड़ और बातचीत साथ साथ चलती रही। सरकार मुस्कुराई, वैसी मुस्कान जैसे किसी अनुभवी अध्यापक को शरारती छात्र का पूरा हिसाब पहले से मालूम हो। बोली- 'लगता है घर में बहस का पूरा अभ्यास करके आए हो।' हमने भी तुरंत चौका जड़ दिया- 'जनाब, घर में लोकतंत्र की ट्रेनिंग लिए बिना देश के लोकतंत्र पर बात करना ठीक नहीं लगता।' सरकार ने चश्मा ठीक किया और बोली- 'महंगाई की बात करते हो, मगर ऑनलाइन सेल आते ही तुम्हारी उंगलियां ऐसे नाचती हैं जैसे अर्थव्यवस्था की धडक़न तुम ही हो।' हमने कहा- 'जनता हूं, संत नहीं, और जेब का दर्द किसी भी विचारधारा से बड़ा होता है।' सरकार बोली- 'भ्रष्टाचार की शिकायत करते हो, और खुद ही नियम तोडक़र काम निकलवा लेते हो।' हमने कहा- 'हमारी चालाकी आपकी व्यवस्था की देन है।' हमने तंज कसते हुए कहा- 'वादों का क्या हुआ?' सरकार ने बिना पलक झपकाए जवाब दिया- 'वादे मौसम की तरह होते हैं, चुनाव के बाद उनका तापमान बदल जाता है।' सरकार ने कहा- 'अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर हमारी चुप्पी पर सवाल उठाते हो, मगर पड़ोसी से झगड़ा हो तो तुम भी चुप्पी साध लेते हो।' हमने कहा- 'पड़ोसी से इसलिए चुप रहते हैं कि कल फिर नमक मांगना होता है, आप तो महासत्ता बनने निकले हैं।' सरकार ने पूछा- 'तुम्हें लगता है हम कुछ नहीं करते?' हमने कहा- 'करते हो, इतना करते हो कि समझ नहीं आता क्या किया।' सरकार ने कहा- 'ईमानदारी की बात करते हो, मगर ट्रैफिक पुलिस को सौ का नोट देकर खुद को समझदार समझते हो।' हमने कहा- 'वो सौ रुपए व्यवस्था का शॉर्टकट है।' सरकार बोली- 'और वही शॉर्टकट लंबी बीमारी बन जाता है।' हमने विषय बदलते हुए कहा- 'जनता को आप क्या समझते हैं?' सरकार ने तुरंत जवाब दिया- 'जनता वही है जो हमें बनाती भी है और गिराती भी।'

वायु प्रदूषण | वातावरण में मानक से ढाई गुना ज्यादा प्रदूषक कण मौजूद

## बच्चों के मानसिक विकास के लिए भी गंभीर खतरा

ज्ञानेद्र रावत

वायु प्रदूषण अब एक गंभीर और जानलेवा समस्या बन चुका है। इसका असर अब हृदय, फेफड़े, सांस, त्वचा, दमा, पाचन तंत्र से जुड़ी बीमारियों तक ही सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह हड्डियों, श्वसन प्रणाली और प्रजनन तंत्र को भी प्रभावित कर रहा है। यह शरीर के हर अंग को प्रभावित कर रहा है और अब यह कैंसर और मेटाबॉलिक विकार को भी पार कर चुका है। इससे मस्तिष्क पर भी गंभीर असर पड़ रहा है, जिससे डिमेंशिया का खतरा बढ़ गया है। कारण यह है कि अब वातावरण में मानक से ढाई गुना ज्यादा प्रदूषक कण मौजूद हैं। यह मानसिक विकार के साथ-साथ बच्चों की बुद्धिमत्ता पर भी असर डाल रहा है।

दुनिया के शोध-अध्ययन प्रमाणित करते हैं कि वायु प्रदूषण बच्चों के मानसिक विकास के लिए गंभीर खतरा है। यह उनकी बुद्धिमत्ता, याददाश्त, एकाग्रता और सीखने की क्षमता को कम कर देता है। प्रदूषित हवा में मौजूद सूक्ष्म कण बच्चों के दिमाग के विकास में बाधा डालते हैं, जिसके परिणामस्वरूप उनकी भाषा, कौशल, मूड नियंत्रण और व्यवहार संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। उच्च वायु प्रदूषण और गंदी हवा में रहने वाले बच्चों के आईक्यू स्कोर में मौजूद प्रदूषक तत्वों के कारण बच्चों के शैक्षणिक प्रदर्शन, उनकी सोचने-समझने की क्षमता और व्यवहार पर नकारात्मक असर डालते हैं। यही नहीं, अत्यधिक सक्रियता, खराब स्मृति और ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई भी पैदा हो सकती है। यह स्थिति अवसाद और चिंता के जोखिम को और बढ़ा देती है। यातायात से संबंधित वायु प्रदूषण इन समस्याओं की बढ़ोतरी में नकारात्मक भूमिका निभाता है।

एनपीजे क्लीन एयर नामक शोध में खुलासा हुआ है कि वायु प्रदूषण के कारण इंसान की सोचने-



समझने की क्षमता, यानी आईक्यू, पर भी असर पड़ रहा है। बर्मिंघम यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने कुल 134 देशों में स्थित 7800 से अधिक शहरों में सेटेलाइट से सूक्ष्म कणों के लांग-लीनियर मॉडल के इस्तेमाल कर गणना की कि वायु प्रदूषण का आईक्यू पर कितना असर हो सकता है।

वैज्ञानिकों ने कहा है कि हवा में मौजूद पीएम 2.5 (सूक्ष्म कण) के कारण पूरी दुनिया की आबादी को 65 अरब आईक्यू अंक का नुकसान हो रहा है। उनके अनुसार, पीएम कण इतने सूक्ष्म होते हैं कि वे शरीर के माध्यम से सीधे मस्तिष्क तक पहुंच रहे हैं। इससे दिमाग में आक्सीडेटिव स्ट्रेस और सूजन पैदा हो रही है। धूल के इन कणों में कैडमियम, मैगनीज और आर्सेनिक जैसी जहरीली धातुएं होती हैं, जो बच्चों के मानसिक विकास के लिए बेहद हानिकारक हैं।

दरअसल, वैज्ञानिकों ने यह शोध 'ईक्यू' को एक संख्या मानकर किया है, जो यह बताती है कि किसी व्यक्ति की सोचने, समझने, तर्क करने और समस्याओं को सुलझाने की क्षमता उसकी उम्र के अन्य लोगों की तुलना में कितनी है। शोध में पाया गया कि हवा में मौजूद पीएम 2.5 के हर एक माइक्रोग्राम के बढ़ने पर आईक्यू स्कोर में गिरावट आई है। वैज्ञानिकों के अनुसार, प्रति व्यक्ति आईक्यू हानि का स्तर उन्नत देशों में ज्यादा है, जहां पीएम 2.5 का स्तर बहुत ज्यादा है।

भारत में अत्यधिक प्रदूषण के कारण आईक्यू का नुकसान 20 अंक तक पहुंच गया है। कम और मध्यम आय वाले देश इस संकट की सबसे ज्यादा मार झेल रहे हैं। इससे बच्चों का विकास सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। यही नहीं, सूक्ष्म कणों के असर से गर्भवती महिलाओं पर भी यह ज्यादा खतरा बन सकता है। गर्भावस्था के दौरान सूक्ष्म कणों का प्रभाव (1 से 6 अंक की हानि) या शराब के सेवन (3 से 7 अंक की हानि) जैसे स्थापित जोखिम कारकों के समान है।

विकासशील देशों पर प्रदूषण का सबसे ज्यादा असर पड़ रहा है। सबसे दुखदायी यह है कि 15 साल से कम उम्र के लगभग 2.02 करोड़ बच्चे इस प्रदूषण के शिकार हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, आज 93 फीसदी बच्चे प्रदूषित हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। वायु प्रदूषण से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याएं अक्सर एयरोसोल से संबंधित होती हैं। एयरोसोल हवा में निलंबित सूक्ष्म ठोस या तरल लवण होते हैं। इनका आकार कुछ नैनोमीटर से लेकर कई माइक्रोमीटर तक हो सकता है। एयरोसोल मानव आंखों को मुश्किल से दिखाई देते हैं। इनमें धुआं, कोहरा और औद्योगिक प्रदूषण कण शामिल होते हैं। ये कण जलवायु, मौसम और शरीर में विषाक्तता से संबंधित प्रतिक्रियाओं को जन्म देते हैं। एयरोसोल रसायनों के कारण श्वसन संबंधी, लीवर, तंत्रिका तंत्र, आंख और त्वचा की समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसके प्रभाव से पौधे और जानवर भी अछूते नहीं रहते।

इसके पीछे मौसम को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। सीपीसीबी के एयर क्वालिटी मानीटरिंग डेटा पर आधारित संस्था क्लाइमेट ट्रेंड्स के विश्लेषण के अनुसार, मौसम की बदलती स्थितियां प्रदूषण के स्तर में 40 फीसदी तक बदलाव ला सकती हैं।

देश के प्रमुख शहरों के विश्लेषण से यह खुलासा हुआ है कि वायु प्रदूषण को केवल उत्सर्जन की समस्या मानना अधूरा दृष्टिकोण है। असल में उत्सर्जन और मौसम के बीच की परस्पर क्रिया ही वायु गुणवत्ता को नियंत्रित करती है। असलियत में, अब वायु प्रदूषण सालभर जारी रहने वाला गंभीर स्वास्थ्य खतरा बन चुका है।

जीवन दर्शन

## शालीनता और आत्मविश्लेषण से गढ़ें अपनी पहचान

आपका व्यवहार आपके बारे में ऐसा क्या कहता है जिससे आपके व्यक्तित्व को और ज्यादा आकर्षक बनने में और निखरने में मदद मिलती हैं। आपके जीवन में छोटे-छोटे बदलाव एक बड़ा परिवर्तन कैसे लाते हैं? आत्मनिरीक्षण क्यों जरूरी है और कैसे सफल और प्रभावशाली लोग दूसरों से अलग बन जाते है। एक अच्छा श्रोता बनने के सरल सूत्र क्या है और प्रशंसा को ग्रहण करने का सही तरीका क्या है, जिससे हम सहज रूप से बिना अहंकार अपने जीवन में आगे बढ़ सकते हैं। आत्मनिरीक्षण ही विकास की पहली सीढ़ी है, अपनी गलतियों को समझना ही व्यक्तित्व सुधार की शुरुआत है। सही आलोचना हमें हमारी कमियों से परिचित कराकर सुधार का रास्ता दिखाती है। व्यवहार में मधुरता, शालीनता और शुद्ध विचार ही मनुष्य के जीवन को सार्थक और प्रभावशाली बनाते है। जब आप प्रशंसित होने पर भी विनम्र बने रहें और सच्चाई के सामने आने पर भी आपके आचरण में स्थिरता और संतुलन हो तो आपका व्यक्तित्व भी परिपक्व बन जाता है।

व्यवहार से समाज में जो छवि बनती है, वही मनुष्य का व्यक्तित्व कहलाती है। जीने को तो लोग किसी भी तरह जीवन बिता लेते हैं, लेकिन जब आचरण में शालीनता और व्यवहार में मधुरता शामिल हो जाती है, तब जीवन सहज और अर्थपूर्ण हो जाता है। अक्सर हम अपने व्यवहार का सही आकलन नहीं कर पाते, लेकिन जब अपनी गलतियों को समझने का प्रयास करते हैं, तो वही आत्मनिरीक्षण बन जाता है। यही आत्मनिरीक्षण व्यक्ति को आगे बढ़ने की दिशा देता है और सफलता की पहली सीढ़ी भी बनता है।आलोचना को लोग नकारात्मक रूप में लेते हैं, जबकि सही अर्थों में वही हमारे व्यक्तित्व का मूल्यांकन करने का अवसर देती है। आलोचना हमारी कमियों को उजागर करती है और उन्हें सुधारने की राह दिखाती है। अपनी आलोचना सुनने की क्षमता विकसित करने वाला व्यक्ति अपनी कमियों को उसी तरह छान पाता है, जैसे फिल्टर पानी को साफ कर देता है। आलोचना से सीख लेकर जब कोई सुधार का प्रयास करता है, तब उसका व्यक्तित्व धीरे-धीरे निखरने लगता है।



इससे हमें यही सीख मिलती है कि परिस्थितियां कैसी भी हों, सच्चाई का साथ नहीं छोड़ना चाहिए, क्योंकि यह व्यक्तित्व में गहराई और विश्वास प्रदान करती है। ऐसे व्यक्ति पर लोग भरोसा करते हैं और उसका सम्मान करते हैं। व्यक्तित्व के विकास के लिए हमें अच्छा श्रोता भी बनना चाहिए। जब हम सामने वाले की बातों को ध्यान से सुनते हैं, तो हमारे भीतर समझ और संवेदनशीलता बढ़ती है। इसी के साथ सोच का नजरिया भी बदलता है।

अच्छा व्यक्तित्व तभी बन पाता है, जब दूसरों की अच्छाइयों को देखने का हमारा नजरिया बदलता है। हमारे हाव-भाव और संकेत भी हमारे विचारों को प्रकट करते हैं, इसलिए समय-समय पर अपने भीतर झांककर स्वयं को सुधारते रहना आवश्यक है। प्रशंसा भी व्यक्तित्व को प्रभावित करती है। यह मन में मधुरता घोलती है, पर उसके भीतर अहंकार का खतरा भी छिपा होता है। इसलिए धैर्यवान और सजग लोग प्रशंसा को विनम्रता के साथ स्वीकार करते हैं और उसे बेहतर कार्य करने की प्रेरणा बना लेते हैं। यही संतुलन किसी के व्यक्तित्व को परिपक्व बनाता है।

**स्वामी अवधेशानंद गिरि**

॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

**आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थो महान् रिपुः!**
**नास्त्युद्यमसमो बन्धुः कृत्वा यं नावसीदति !!**

**भावार्थ**

मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु आलस्य है। मनुष्य का सबसे बड़ा मित्र परिश्रम होता है क्योंकि परिश्रम करने वाला कभी दुखी नहीं रहता।

# बेलों की लड़ाई में 44 वर्षीय शिक्षिका की दर्दनाक मौत, पति भी घायल

## आवारा मवेशियों एवं कुत्तों से लोगों को बढ़ा खतरा जिम्मेदार बने लापरवाह

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत हिरदाराम नगर एवं आस पास के इलाकों में मवेशियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है, आए दिन जहां कुत्तों के काटने से बच्चों से लेकर हर आयु वर्ग के व्यक्तियों में भय है, वहीं सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशी लंबे समय से आम नागरिकों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। जहां पूर्व में बेलों की लड़ाई में संत हिरदाराम नगर के वार्ड 4 में एक 52 वर्षीय महिला जान गंवा चुकी है, और आधा दर्जन महिलाएं बुरी तरह से घायल हो चुकी हैं, वहीं शनिवार देर शाम वार्ड 6 अंतर्गत ग्रीन एकड़ कॉलोनी के समीप पुल के नीचे अपने पति के साथ घर जा रही एक 44 वर्षीय शिक्षिका बेलों की लड़ाई में बुरी तरह से घायल हो गई, उसे इलाज के लिए समीप के अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन सिर में गंभीर चोट होने की वजह से देर रात उसकी मौत हो गई है।

**पति के साथ जा रही थी घर:** संत हिरदाराम नगर के वार्ड 2 सीटीओ में निवास करने वाली मेघा शर्मा उम्र 44 साल, वार्ड 5 के लक्ष्मण नगर स्थित दीपमाला पागारानी संस्कार स्कूल में हिंदी की शिक्षिका थी। कुछ दिनों से उसे बुखार था। स्कूल की डयूटी कर वह शाम 6 बजे अपने पति विवेक शर्मा के साथ लालघाटी स्थित सुदति अस्पताल में डॉक्टर को दिखाने गई। डॉक्टर को दिखाने के बाद वह अपने पति के साथ स्कूटर पर पीछे बैठकर घर लौट रही थी, जैसे ही ग्रीन एकड़ कॉलोनी के बाद पुल के नीचे से गुजरी, वहां कुछ आवारा मवेशी बैठे थे, जिनमें से अचानक दो बैल आपस में भिड़ गए, हालांकि विवेक शर्मा ने इनकी भिड़ंत से खुद को बचाने की बहुत कोशिश की, लेकिन बेल लड़ते-लड़ते उसके स्कूटर से टकरा गए, इससे स्कूटर का बैलेंस बुरी तरह से बिगड़ गया और विवेक शर्मा आगे की तरफ जा गिरे, जबकि पीछे बैठी उनकी पत्नी मेघा शर्मा सिर के बल पर पीछे जा गिरी। उनके सिर से खून बहने लगा। तुरंत ही विवेक शर्मा अपनी पत्नी को सुदति अस्पताल ले गया, जहां इलाज के दौरान रात एक बजे उसने दम तोड़ दिया। विवेक शर्मा आईटी का काम करते हैं, जबकि उसके दो बच्चे एक बेटा एवं बेटी अभी कॉलेज में पढ़ रहे हैं।



संत हिरदाराम नगर में हर गली मोहल्ले में मवेशियों का डेरा।


बेलों की लड़ाई में जान गंवाने वाली मेघा शर्मा।

**बच्चों के सिर से उठा मां का साया:** मृतका मेघा शर्मा के देवर दीपक शर्मा ने बताया कि हमारा परिवार बहुत सुखी व खुश था और दोनो माता पिता कमाते थे, बच्चे बढ़ रहे हैं, लेकिन अचानक इस हाद्से दोनो बच्चों के सिर से मां का साया छिन गया है, और बच्चों सहित पूरे परिवार का रो रोकर बुरा हाल है। इधर जैसे ही इस ह्रदय विदारक घटना की जानकारी दीपमाला पागारानी संस्कार स्कूल में लगी, वहां भी शोक की लहर छा गई। अनेक शिक्षिकाओं ने बताया कि मेघा शर्मा अत्यंत ही विनम्र और हंसमुख स्वभाव की थी, किसी ने सोचा भी नहीं था कि वह इस तरह हम सब के बीच से अचानक चली जाएगी। सभी शिक्षिकाओं में सड़कों पर विचरण कर रहे आवारा मवेशियों के प्रति नगर निगम के नरम रवैसे को लेकर असंतोष भी देखने को मिला।

**जिम्मेदार शांत:** आए दिन कुत्ते काटने एवं बेलों की लड़ाई से लोग शिकार हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार लोग शांत बैठे हैं। आम नागरिकों में नगर निगम अधिकारियों के अलावा निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के प्रति भी गहरा असंतोष है, जो इस तरह की समस्याओं से आम जनता को मुक्ति दिलाने में बुरी तरह से नाकाम रहे हैं।

> यह बहुत ही दुखद घटना है, जिसे लेकर आम जनता में असंतोष व्याप्त है। हमारे स्कूल में इस घटना के बाद गहरा शोक छाया है। नगर निगम को इस मद्दे पर गंभीरता से एक्शन लेना चाहिए।
> **- बसंत चेलानी**, सचिव, संस्कार स्कूल, आरएसएस स्वयं सेवक

> घटना बहुत ही गंभीर है। सीएम ने जगह जगह गौ-शालाएं बनाने के निर्देश दिए हैं। मैं यह मुद्दा नगर निगम परिषद की बैठक में उठाऊंगा और गौ शालाओं का निर्माण जल्द से जल्द हो इसका प्रयास किया जाएगा।
> **- राजेश हिंगोरानी**, एमआईसी सदस्य, नगर निगम

### पूर्व में भी हो चुके हैं हादसे

बेलों की लड़ाई से यह कोई पहला हाद्सा नहीं हुआ है बल्कि इस तरह की पूर्व में भी अनेक घटनाएं हो चुकी हैं। कुछ महीने पहले ही वार्ड 4 में साधु वासवानी स्कूल के समीप से जब एक 54 वर्षीय महिला लीना खूबचंदानी पैदल अपने घर जा रही थी, उसी दौरान दो बेल आपस में भिड़ गए और इस महिला के ऊपर आ गिरे, जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गई, तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। समाज सेवी गोविंदराम धर्मदासरनी की भाभी भी वन ट्री हिल्स क्षेत्र में बेलों की लड़ाई का शिकार हो गई, और एक माह तक अस्पताल में भर्ती थी। इतना ही नहीं चंचल रोड पर कुछ माह पूर्व बेलों की लड़ाई में एक अन्य महिला भी इनकी चपेट में आई तथा उसका भी एक माह तक अस्पताल में इलाज जारी रहा।

# स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पुराने भाजपा कार्यकर्ता सम्मानित

## पार्टी ने जगह-जगह किए कार्यक्रम आयोजित



**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से अपने कार्यकर्ताओं को चुस्त दुरूस्त रखने में भाजपा का कोई तोड़ नहीं। नगर निगम चुनाव में अब जबकि केवल सवा साल का समय रह गया है, पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में संत हिरदाराम नगर में भाजपा का अपने पुराने एवं जुझारू रहे कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने का सिलसिला पिछले कुछ दिनों से जारी है। इसके जरिए वह अपने कार्यकर्ताओं को लगातार सक्रिय बनाए रखना चाहती है। इस दिशा में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बंसल रैनवाल, विनय दादलानी के अलावा मंडल अध्यक्ष कार्यकर्ताओं को सम्मानित कर रहे हैं।

मंडल अध्यक्ष मनीष आगवानी ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आवास संघ के अध्यक्ष रह चुके राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त सुशील वासवानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश जनयानी, पुराने कार्यकर्ता केशव लेखवानी, संतोष रायचंदनी, नव युवक सभा के अध्यक्ष वासुदेव वाधवानी, वयोवृद्ध कार्यकर्ता 94 वर्षीय नारायणदास लालवानी, राजू खूबचंदनी, नंद तनवानी, हरिदास पेसवानी, पूर्व पार्षद संध्या प्रधान, पूर्व संभागीय प्रभारी किशन अच्छानी, राम श्रीचंदानी, अर्जुन मारण, हुकुम माली का शॉल ओढ़ाकर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

**कार्यकर्ता पार्टी की जान**

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राम बंसल रैनवाल ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल में कार्यकर्ताओं का विशेष महत्व होता है। आज अगर भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, तो इसका श्रेय पूरी तरह से कार्यकर्ताओं को जाता है, जिनके कठिन परिश्रम से आज केंद्र एवं 21 राज्यों में भाजपा की सरकार है। उन्होंने इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष राहुल राजपूत, मंडल अध्यक्ष मनीष बागवानी, अभिषेक चौकसे, गुड्डू मेहरा, कमल विधानी, सूरज यादव, शेट्टी चंदनानी, पुरूषोतम गिदवानी, महेश खटवानी, लवीन मनसूखानी, मनोज शेरबग्गान, शिव मिश्रा, राहुल अबोले, किशोर साधवानी, हीरो इसरानी, सुनील विश्वकर्मा, प्रकश मीणा, राजकुमार थवानी, परसराम गीदवानी, हेमंत अग्रवाल, हीरो तनवानी, प्रदीप मेहर, गौरव सोनी, मनोज राय, सोनू रजक सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दशहरा मैदान पर भव्य सिंधी कार्यक्रम आज

# सिंधियत की मिलेगी झलक: वासवानी

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** पिछले तीन दशकों से सिंधी मेला उत्सव समिति हर साल सिंध मेले का आयोजन करती आई है और इस बार भी उसने 2 एवं 3 मई को सुंदर वन नर्सरी में इसका आयोजन किया है, लेकिन इससे पूर्व राजधानी में पहली बार राष्ट्रीय सिंधी भाषा दिवस के उलक्ष्य में 15 अप्रैल को टीटी नगर दशहरा मैदान में भव्य सिंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। दीपमाला पागारानी संस्कार स्कूल संस्थान के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील वासवानी ने बताया कि रात 8 बजे से आयोजित इस समारोह में राजधानी के अतिविशिष्ठ लोग शामिल होंगे, जिसमें अनेक मंत्री, विधायक आदि भी आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 10 अप्रैल 1968 को संविधान की 8वीं अनुसूची में सिंधी भाषा को शामिल किया गया था और हाल ही में देश के उपराष्ट्रपति ने अपने निवास पर देवनागरी सिंधी में संविधान के प्रकाशन पुस्तक का विमोचन भी किया। राजधानी में आयोजित समारोह में सिंधियों के इष्ट देव भगवान झूलेलाल के जीवन पर आधारित एक नाटक की भी प्रस्तुति की जाएगी, साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखा गया है।



इसके अलावा राजधानी भोपाल एवं संत हिरदाराम नगर की कुछ प्रतिभाओं का सम्मान भी होगा, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में सालों से निष्ठापूर्वक दायित्व निभाया है। सुशील वासवानी ने भोपाल, संत हिरदाराम नगर सहित समूची राजधानी में निवास करने वाले सिंधियों से इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है। इस आयोजन में आरएसएस एवं भाजपा विचारधारा वाली संस्था भारत विकास परिषद के प्रमुख कमल प्रेमचंदानी का महत्वपूर्ण योगदान है। भोपाल के दशहरा मैदान पर इस तरह के आयोजन के पीछे मकसद यह है कि इसमें नए, पुराने एवं दूर-दूर निवास करने वाले सभी सिंधियों का समावेश किया जा सके।

# संत कंवरराम ने दिखाया सेवा व भक्ति का मार्ग : इसरानी

## सिंधी समाज ने उत्साह से मनाया 141वां जन्मोत्सव

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** महान संत एवं सिंधी भक्ति गीतों के रचियता अमर शहीद भगत कंवरराम की 141वीं जयंती पूर्ण गरिमा एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। संत नगर के मुख्य मार्ग स्थित संत कंवरराम की प्रतिमा के समक्ष कार्यक्रम रखा गया था। पंचायत के अध्यक्ष माधू चांदवानी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं से सक्रिय रूप से जुड़े समाजसेवी हीरो हिन्दू इसरानी ने कहा कि संत कंवरराम ने नेकी एवं आध्यात्म का मार्ग दिखाया। वे सिंधी भक्ति गीतों के महान रचियता थे, जिनके गीत आज भी पूरे चाह से सुने जाते हैं।

वहीं माधु चादंवानी ने भगत कंवरराम की जयंती पर प्रकाश डाला तथा उनके जीवन से समाज को प्रेरणा लेने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि जब सांप्रदायिकता के बादल मंडरा रहे थे संत हिंदू मुस्लिम एकता के जीवत स्तंभ थे।

मुस्लिम भाई उन्हें कंवर फकीर पुकारते थे, जितनी श्रद्धा से हिंदू भक्त कहते थे। यहां ठाकुर दास मनवानी ने भी संत कंवरराम साहिब के जीवन पर विचार रखे। इस अवसर पर पंचायत कोषाध्यक्ष गुलाब जेठानी ने अमर शहीद व भगत कंवरराम की याद में मधुर गीत प्रस्तुत किया।




कार्यक्रम के आरंभ में भगत कंवरराम साहिब की शाही प्रतिमा पर समस्त श्रद्धालुओं ने मालार्पण कर श्रद्धा के फूल चढाए। कार्यक्रम का संचालन जगदीश आसवानी व आभार नंद दादलानी ने प्रकट किया। इस अवसर पर जेठानंद मंगतानी, माधव पारदासानी, हरीश मेहरचंदानी, लक्ष्मण नाथानी, राम पारदासानी, राकेश शेवानी, प्रभुदास मूलचंदानी, माधू घनशानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# तनिषा लगातार दूसरे साल रही बेस्ट पावर लिफ्टर ऑफ मध्यप्रदेश

**हिदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत हिरदाराम नगर में एक ऐसा परिवार है, जिसमें पति, पत्नी एवं बेटी तीनों ही पावर लिफ्टर हैं और जिला, प्रांत एवं राष्ट्रीय स्तर पर कई उपलब्धियां उनके खाते में हैं। इस बार 11 से 13 अप्रैल को मध्य प्रदेश पावर लिफ्टिंग संगठन द्वारा प्रदेश पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन जबलपुर में किया गया, जिसमें पूरे प्रदेश से लगभग 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें संत नगर की 14 वर्षीय खिलाड़ी तनीषा आसनानी ने 69 किलोग्राम भारवर्ग (यूथ) में कुल 292.5 किलोग्राम वजन उठाकर न केवल प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया, बल्कि लगातार दूसरे वर्ष बेस्ट पावरलिफ्टर ऑफ मध्यप्रदेश रनर अप का खिताब भी अपने नाम किया। इनकी यह उपलब्धि युवा खिलाड़ियों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है, जो मेहनत और अनुशासन के महत्व को उजागर करती है। यह पदक साबित करता है कि दृढ़ निश्चय से कठिनाइयों को हराकर कीर्तिमान स्थापित किए जा सकते हैं। ऐसी सफलताएं उभरती प्रतिभाओं को बड़े सपने देखने और खेल के क्षेत्र में कैरियर बनाने के लिए प्रेरित करती हैं। तनिषा को खेल उसके परिवार से विरासत में मिला है। इस उपलब्धि पर उन्हें सिंधी सेंट्रल पंचायत के संरक्षक प्रकाश मीरचंदानी, ईश्वरदास हिमथानी, अध्यक्ष चंद्रप्रकाश इसरानी, महासचिव सुरेश जसवानी ने बधाई दी है।






# यात्रा निकालकर बाबा साहब को किए श्रद्धा सुमन अर्पित

**जागरण औबेदुल्लागंज।** बाबा साहब भीम राम अंबेडकर की जयंती पर ग्राम पंचायत बमनई, गौतमपुर कॉलोनी, दीवाटिया एवं आसपास के लोगों ने ग्राम बमनई से नगर औबेदुल्लागंज तक यात्रा निकाली और यात्रा के समापन के बाद नगर के अंबेडकर चौराहे पर स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सामूहिक संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**जागरण, औबेदुल्लागंज।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार को भाजपा मंडल औबेदुल्लागंज में कार्यकर्ताओं ने नगर में स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर एकत्रित होकर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर डॉ. नागर ने बाबा साहेब के जीवन संघर्षों को याद करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल एक वर्ग के नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के मार्गदर्शक हैं। उन्होंने भारत को एक ऐसा संविधान दिया जो हर नागरिक को समानता और सम्मान का अधिकार देता है।

## डॉ. अंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम, शिक्षकों की रही बड़ी संख्या में भागीदारी

**जागरण, बैरसिया।** राष्ट्रीय विचार मंच बैरसिया द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में शिक्षकों और समाज के प्रबुद्ध नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। स्वागत भाषण एवं अतिथियों का परिचय पर्वत सिंह राजपूत ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. भीमराव अंबेडकर विवि के पूर्व कुलपति एवं संघ लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य प्रकाश बरतुनिया उपस्थित रहे। अध्यक्षता शिक्षक संघ के प्रांतीय सह संगठन मंत्री राजीव शर्मा ने की।

# सेन महाराज की शोभायात्रा में दिखा आस्था, उत्साह और एकता का संगम

**जागरण, बैरसिया।** संत शिरोमणि सेन महाराज की 726वीं जयंती के पावन अवसर पर सेन समाज ने भव्य चल समारोह एवं आकर्षक शोभायात्रा निकाली। यात्रा में आस्था, उत्साह और एकता का संगम दिखा। ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों और जयकारों के साथ निकली यह शोभायात्रा नगरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रही। शोभायात्रा रेंज चौराहा स्थित माता मंदिर से शुरू हुई। यहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर यात्रा प्रारंभ की। सजे-धजे रथों, झांकियों और भगवा ध्वजों के साथ यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। पूरा वातावरण जय संत शिरोमणि सेन महाराज के जयघोष से गूंज उठा। यात्रा का समापन श्री जगदीश स्वामी सेन समाज मंदिर में हुआ, जहां भव्य आरती और पूजन के बाद विशाल भंडारा हुआ।

कार्यक्रम में सेन समाज के अध्यक्ष अशोक श्रीवास, संरक्षक हीरालाल श्रीवास, लक्ष्मी नारायण देवड़ा, प्रेम सेन रुनाह, कमल सिंह, शांति लाल श्रीवास, रामस्वरूप सेन, मोहर सिंह श्रीवास सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक विष्णु खत्री, पूर्व विधायक भक्तपाल सिंह राठौड़, तीरथ सिंह मीणा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



## सतलापुर थाने में बच्चों को दी सुरक्षा की सीख

**मंडीदीप।** औद्योगिक क्षेत्र थाना सतलापुर परिसर में मंगलवार को एक अनूठी पहल ने बच्चों के भीतर आत्मविश्वास और जागरूकता की नई रोशनी जगा दी। सृजन सेल्फ डिफेंस एंड पर्सनालिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत आयोजित इस शैक्षणिक भ्रमण ने बच्चों को पुलिस व्यवस्था से नजदीक से परिचित कराया और उन्हें सुरक्षा से जुड़े अहम जीवन कौशल सिखाए। कार्यक्रम का आयोजन पुलिस विभाग, नेटलिंक और कृषक सहयोग संस्थान के संयुक्त प्रयास से एएआईएम सभागार के माध्यम से किया जा रहा है। जिला समन्वयक अनिल भवरे ने बताया कि यह पहल पुलिस महानिरीक्षक विनित कपूर के निर्देशन तथा एसपी आशुतोष गुप्ता, एएसपी कमलेश खरपुसे और एसडीओपी शीला सुरणा के मार्गदर्शन में संचालित हो रही है।

## SUDOKU 06

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 6 | | 3 | | | 8 | |
| 8 | | | 9 | | 2 | 4 | | |
| | | 3 | | | 4 | | 7 | 1 |
| | | 7 | 8 | | | 1 | | |
| | | 4 | 7 | | 6 | | | 3 |
| | 9 | | | 4 | | | 6 | |
| 1 | | 2 | | | | 9 | | 7 |
| | 3 | | | | | | 2 | |
| | | 5 | 2 | | 7 | | | 8 |

## SOLUTIONS 05

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 2 | 5 | 6 | 3 | 4 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 3 | 6 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 7 | 4 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 |
| 4 | 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 3 | 4 | 9 | 1 | 7 | 5 | 2 | 8 | 6 |
| 6 | 2 | 5 | 8 | 9 | 4 | 1 | 7 | 3 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष** : आज आपका दिन थोड़ा कमजोर रह सकता है। परिवार में छोटे-छोटे मनमुटाव हो सकते हैं। धन संबंधी मामलों में अजनबियों पर भरोसा करने से बचें। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**वृषभ** : आज का दिन धन के मामले में अनुकूल रहेगा। किसी उम्मीद के काम में आपको सफलता और धन लाभ दोनों मिल सकते हैं।

**मिथुन** : आज का दिन मिश्रित अनुभवों से भरा रहेगा। विपरीत परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखें और भरोसा सोच-समझकर करें। सेहत ठीक रहेगी।

**कर्क** : आज का दिन अप्रत्याशित लाभ और नई संभावनाएं लेकर आएगा। निर्णय लेने की आपकी क्षमता मजबूत रहेगी। कार्यक्षेत्र में किसी से बेवजह विवाद न करें।

**सिंह** : आज नए संपर्क और अवसर आपके लिए लाभ लेकर आएंगे। भाग-दौड़ और जल्दबाजी से बचें। जीवनसाथी के साथ तालमेल बनाए रखने से रिश्तों में स्थिरता आएगी।

**कन्या** : आज का दिन थोड़े चुनौतीपूर्ण हो सकता है। अधूरे कामों को समय से पूरा करने का प्रयास करेंगे। वाहन सुख में वृद्धि होगी।

**तुला** : परोपकार के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। मनोकामना पूरी होने से खुशी का अनुभव होगा। किसी बात को लेकर पिताजी नाराज हो सकते हैं। विवाह संबंधी बाधाएं दूर हो सकती हैं।

**वृश्चिक** : आज का दिन नुकसान और सतर्कता का संकेत देता है। जीवनसाथी से बातचीत में सावधानी रखें। वाद-विवाद और समय पर काम न होने से नुकसान हो सकता है।

**धनु** : आज का दिन मध्यम रूप से फलदायक रहेगा। लेन-देन से जुड़ी समस्याएं हल होंगी। कार्यक्षेत्र में जूनियर्स की मदद लेनी पड़ सकती है।

**मकर** : आज बुद्धि और विवेक से निर्णय लेने का दिन है। खर्च और बचत दोनों पर ध्यान देना आवश्यक है। घर में मेहमान का आगमन हो सकता है।

**कुंभ** : आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। काम में मुश्किलें आ सकती हैं, इसलिए बिना सोचे-समझे कोई कदम न उठाएं।

**मीन** आज का दिन सोच-समझकर काम करने का है। परिवार में पैतृक संपत्ति के वाद-विवाद सुलझ सकते हैं। घर में पूजा-पाठ का आयोजन भी होने की संभावना है।

**आज का पंचांग:** 15 अप्रैल बुधवार 2026। **दिशाशूल** : उत्तर।। **पर्व एवं त्योहार** : प्रदोष व्रत। **भद्रा** : रात्रि 10.2 से 16 को प्रातः 09.27 तक। **विशेष** : पंचक। विक्रम संवत 2083 शके 1948 उत्तरायण, उत्तरगोल, वसंत ऋतु, वैशाख मास कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी 22 घंटे 32 मिनट तक तत्पश्चात चतुर्दशी, पूर्वभाद्रपद नक्षत्र 15 घंटे 23 मिनट तक तत्पश्चात उत्तरभाद्रपद नक्षत्र, ब्रह्म योग 13 घंटे 25 मिनट तक तत्पश्चात ऐंद्र योग, कुंभ में चंद्रमा तत्पश्चात मीन में।

# बजरंग सेना समिति का सुंदरकांड और कई धार्मिक कार्यक्रम संपन्न

## समाज की प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत नगर की प्रमुख सामाजिक व धार्मिक संस्था बजरंग सेना समिति द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों का सिलसिला लगातार जारी है। इस अवसर पर सुंदरकांड व कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम परिवार, श्री हनुमान महाराज, भगवान झूलेलाल महाराज व संत हिरदाराम साहिब के छायाचित्र पर मालार्पण एवं ज्योत प्रज्जवलित समिति अध्यक्ष कमलेश देवानी, पंचायत उपाध्यक्ष भरत आसवानी, गुरदास रामचंदानी, महेश खटवानी, गुलाब जेठानी, माधव पारदासानी, रुप कुमार सोनी, राज बिजोरिया ने की। समिति अध्यक्ष कमलेश देवानी व महेश खटवानी ने बताया कि समाज में उल्लेखनीय सेवाए व गरीब व दीन दुखियों की मदद करने में पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष माधू चांदवानी का सम्मान किया गया। वे पंचायत अध्यक्ष साबूमल रीझवानी के निधन के बाद विश्रामघाट में अंतिम संस्कार के दौरान श्रद्धांजलि देने की भूमिका बबूखी निभाते आ रहे हैं। इसी तरह बोरवन पार्क स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय पगड़ी रस्म हाल में पगड़ी संपन्न करवाने में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है, इसके लिए उनका विशेष सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नरेश ज्ञानचंदानी उपस्थित थे।



**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं SHEEBA KHAN निवासी 2/2, Gali No. 2, Islampura, Huzur, BHOPAL यह घोषणा करती हूं कि पूर्व में मेरा नाम SHABEENA KHAN था बाद में मैंने मेरा नाम बदल कर SHEEBA KHAN कर लिया है। अत: अब वर्तमान में मुझे मेरे इसी नये नाम से जाना एवं पहचाना जावे।
SHEEBA KHAN
7869766338
2/2, Gali No. 2, Islampura, Huzur, BHOPAL

**जाहिर सूचना**
(विक्रय पत्र की मूल प्रति गुम हो जाने बाबत् ग्राम नीलबड़, पटवारी हल्का नीलबड़, तहसील हुजूर, जिला भोपाल)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती राजश्री सेजकर ने एक किता खण्ड क्रं. 42, रजिस्ट्री अनुसार खसरा क्र. 14 कुल रकबा 2.20 हेक्टेयर के अंश भाग पर (नामांतरण उपरांत खसरा क्र. 14/4 रकबा 0.0970 हेक्टेयर) ग्राम नीलबड़, पटवारी हल्का नीलबड़, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, को पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से मो. परवेज खान, मो. उबेज खान, मो. रिज़वान खान द्वारा मुख्तारआम मो. शकील खान से क्रय किया था, जिसका इन्द्राज उप पंजीयक कार्यालय भोपाल में ग्रंथ क्र. 19929 दस्तावेज क्र. 1887 दिनांक 20/10/2003 पर पंजीबद्ध है। उक्त विक्रय पत्र की मूल प्रति कहीं गुम हो गई है, जिसके संबंध में थाना अवधपुरी, भोपाल में सूचना दर्ज करा दी है। यदि उक्त विक्रय पत्र की मूल प्रति किसी भी व्यक्ति, संस्था को मिली हो अथवा मिलती है अथवा किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक के पास भार स्वरूप जमा हो या ऋण सुविधा प्राप्त की हो, तो कृपया मुझे 07 दिन के अन्दर निम्न पते पर सूचित करें।

भवदीय **अनिल मालवीय** अधिवक्ता
कार्यालय -ब्लॉक नं.-3, Sr. MIG-65, सरस्वती नगर, जवाहर चौक, भोपाल मो.-9425009802, 9827438202
समयः प्रातः 10 से 11, शाम : 7 से 9

## मौसम अपडेट

**प्रदेश के चार महानगरों का तापमान**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| भोपाल | 39.6 | 22.6 |
| इंदौर | 39.8 | 19.8 |
| जबलपुर | 39.6 | 20.3 |
| ग्वालियर | 39.5 | 18.7 |

**देश के चार महानगरों का तापमान**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 38.2 | 18.2 |
| मुंबई | 36.0 | 24.9 |
| चेन्नई | 40.5 | 23.8 |
| कोलकाता | 36.0 | 27.5 |

सूर्यास्त 6:41 PM
सूर्योदय 6:01 AM
चन्द्रोदय 3.44 PM
चन्द्रास्त 3:40 AM

### पेंच के पास बाघ के हमले में युवक की मौत, ग्रामीणों ने की आगजनी और तोड़फोड़

# लगातार हो रहे हमलों से फूटा आक्रोश तीन घंटे तक अफसरों को घेरकर रखा

**जागरण, छिंदवाड़ा।** प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले की सीमा पर स्थित पेंच नेशनल पार्क के पास बाघ के हमले में एक युवक की मौत के बाद जमतरा गेट पर हालात तनावपूर्ण हो गए। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने जमतरा गेट पर जमकर तोड़फोड़ करने के बाद आगजनी कर दी। ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम और अफसरों को करीब तीन घंटे तक घेरे रखा। चांद पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, नाहरझिर थोटा निवासी दिनेश सेवतकर पर बाघ ने हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। हमला इतना अचानक हुआ कि युवक को संभलने का मौका तक नहीं मिला। बाघ युवक के शव को खींचकर घने जंगलों (कोर एरिया) के भीतर ले गया। जैसे ही ग्रामीणों को इस बात की भनक लगी, सैकड़ों की संख्या में लोग जमतरा गेट पर एकत्रित हो गए और उनका गुस्सा फूट पड़ा। सूचना मिलते ही एसडीएम प्रभात मिश्रा, एसडीओ अतुल पारधी सहित चांद और चौरई थाने का भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अफसरों की समझाइश के बाद भी देर रात तक हंगामा जारी रहा। बाघ की मौजूदगी के कारण देर रात तक युवक का शव भी बरामद नहीं किया जा सका था।



अविलंब उचित मुआवजा दें। वहीं चौरई एसडीएम प्रभात मिश्रा ने बताया कि सूचना के बाद मौके पर पहुंचे थे। वन्य प्राणी के हमले से एक युवक की मौत से ग्रामीण आक्रोशित थे। ग्रामीणों को समझाइश देने के बाद मामला शांत कराया।

**छह माह में चार घटनाओं से फूटा आक्रोश :** मालूम हो कि पिछले 6 महीने के भीतर पेंच के बफर और कोर एरिया में बाघ के हमले की यह चौथी बड़ी घटना है। लगातार घटनाओं से ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। किशनपुर, नाहरझिर और थोटा माल जैसे क्षेत्रों में लगातार हो रही मौतों से ग्रामीण दहशत में हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन के सामने तीन मुख्य मांगें रखी हैं। हमलावर बाघ को तत्काल पकड़ा जाए, आबादी वाले क्षेत्रों में फेंसिंग (तारबंदी) की जाए और मृतक के परिवार को

एसटीआर में खाया था आदिवासी का आधा शरीर बीते सप्ताह नर्मदापुरम जिले में स्थित सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के चूरना परिक्षेत्र में महुआ बीनने जंगल गए 50 साल के आदिवासी सुधराम चौहान को बाघ ने अपना शिकार बनाया था। सुधराम जंगल में महुआ बीनने गए थे। इसी दौरान बाघ ने उस पर हमला किया था। ग्रामीण को मारने के बाद उसके बाघ ने उसके हाथ और पैर खा लिए और शव के पास ही बैठा रहा। परिजनों को उसकी डेडबॉडी टुकड़ों में ले जानी पड़ी थी।

### गुना विधायक पन्नालाल का कलेक्टर पर फिर तंज

# सांसद बाद में बनना, पहले यहां भी कुछ करके दिखाओ





**जागरण, गुना।** प्रदेश के गुना भाजपा विधायक ने फिर एक बार कलेक्टर किशोर कन्याल की कार्यप्रणाली को लेकर कटाक्ष किया है। शहर के शुभ विदाई गार्डन में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के कार्यक्रम में मंच से कलेक्टर को सीधे संबोधित करते हुए विधायक पन्नालाल शाक्य ने कहा कि आपकी कार्यक्षमता को लेकर लोग आपकी तारीफों के कसीदे पढ़ रहे हैं। लोग कह रहे हैं कि आप सांसद बनो, लेकिन मेरा कहना है कि सांसद बाद में बनना, पहले गुना के लिए कुछ धरातल पर करके दिखा दो। विधायक ने कलेक्टर को कुशल प्रशासक बताते हुए कहा कि आपके पास दिल्ली, भोपाल और स्थानीय स्तर से कई फोन आएंगे, लेकिन आपको अपनी प्रशासनिक क्षमता को उजागर कर यहां परिणाम देने होंगे। विधायक यहीं नहीं रुके उन्होंने भीम आर्मी को भी नसीहत देते हुए विवादित बयान दे डाला। उन्होंने संगठन के अस्तित्व पर सवाल उठाते हुए कहा कि अलग से आर्मी बनाने की क्या आवश्यकता है? उन्होंने तंज कसते हुए कहा, यदि आप वास्तव में इतने ही बड़े शूरवीर और योद्धा हैं, तो अपनी ताकत दिखाने के लिए देश की मुख्यधारा अग्निवीर योजना में भर्ती हों। ऐसी अलग सेनाएं बनाकर क्या आप देश में गृहयुद्ध जैसी स्थिति पैदा करना चाहते हैं? विधायक के इन खुले बयानों के बाद राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है और उनके कलेक्टर के सांसद बनने वाले तंज को लेकर लोग तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं।

## जेल में बंद कैदी की संदिग्ध मौत, लगाया हत्या का आरोप

**जागरण,हरदा।** जिला जेल में हत्या के मामले में बंद कैदी नागेश मलाजपुरे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जेल प्रशासन के अनुसार रात करीब 9.30 बजे तबीयत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इधर, सिटी कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मंगलवार सुबह मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में वीडियोग्राफी के साथ शव का पोस्टमार्टम कराया गया। नागेश की मौत के मामले में परिजनों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि नागेश की जेल में मारपीट कर हत्या की गई है और उन्होंने निष्पक्ष जांच की मांग की है। मृतक के पिता ने आरोप लगाया कि उनके बेटे के साथ जेल में मारपीट की गई, जिससे उसकी मौत हुई। उन्होंने बताया कि नागेश उनका इकलौता बेटा था और उसके दो छोटे बच्चे हैं। पिता के अनुसार, गुरुवार को नागेश की मां उससे जेल में मिलने गई थी और उसने किसी प्रकार की परेशानी नहीं बताई थी। शनिवार को फोन पर बातचीत में भी वह स्वस्थ था, लेकिन सोमवार रात अचानक तबीयत बिगड़ने की सूचना मिली और अस्पताल पहुंचने तक उसकी मौत हो चुकी थी।



## धामनोद में चलते कंटेनर में आग चालक-क्लीनर ने कूदकर बचाई जान



**जागरण, धामनोद।** मंगलवार शाम को धामनोद थाना क्षेत्र में कपड़ों से भरे कंटेनर में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना एबी रोड स्थित फ्रूडी होटल चौराहे के पास, खाटू श्याम मंदिर के समीप हुई, जहां देखते ही देखते कंटेनर आग की लपटों में घिर गया। आग की वजह से एबी रोड पर कुछ समय यातायात बाधित रहा। खलघाट से इंदौर जाने वाले मार्ग पर जाम की स्थिति बन गई, जबकि इंदौर से खलघाट की ओर यातायात सामान्य रहा। पुलिस ने मौके पर यातायात को डायवर्ट कर एक लेन से आवागमन चालू करवाया। जानकारी के अनुसार, कंटेनर गुजरात के सूरत से कपड़े लेकर उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर की ओर जा रहा था। रास्ते में अचानक वाहन से धुआं उठता दिखाई दिया। चालक कुछ समझ पाता, उससे पहले ही आग तेजी से फैल गई और कंटेनर के केबिन को अपनी चपेट में ले लिया। चालक और क्लीनर ने तुरंत वाहन से कूदकर जान बचाई। प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह वाहन की वायरिंग में शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। टीम के मौके पर पहुंचने के बाद एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक कंटेनर का केबिन और आगे का हिस्सा पूरी तरह जल चुका था। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## महू घूमने आया जोड़ा युवक को बंधक बनाकर युवती से गैंगरेप

**जागरण, महू।** प्रदेश के महू में घूमने आये जोड़े के साथ गंभीर वारदात हुई। आरोपियों ने बडगोंदा थाना क्षेत्र के बेरछा जंगल में युवती के साथ आए युवक को बंधक बना लिया और युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना के दौरान युवती के साथ मौजूद उसके मित्र के साथ आरोपियों ने मारपीट भी की। पुलिस के अनुसार दोपहर करीब 2 बजे युवती अपने मित्र के साथ महू घूमने आई थी। दोनों बड़गोंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले लगनचा भेरू के दर्शन किए। इसके बाद वहां से निकल कर बेरछा के जंगल में गए और वहां बैठे हुए थे। इसी दौरान दो युवक वहां पहुंचे और अचानक युवक को पकड़कर लाठी-डंडों से मारपीट की। इसके बाद युवती को पकड़ा और दुष्कर्म करने लगे। इसी दौरान युवक जान बचाकर वहां से दूर भागा और 112 पर फोन कर घटना की जानकारी दी। 112 से मामले की जानकारी बडगोंदा थाने पर दी। जानकारी मिलते ही बड़गोंदा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। घटना के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना स्थल पर पहुंचते ही पुलिस ने पूरा जंगल खंगालते हुए आरोपितों की तलाश की पर आरोपित नहीं मिले। पुलिस ने युवती का मेडिकल परीक्षण कराया।

# गांजा तस्करों की कार पलटी, पुलिस से भाग रहे आरोपी कुएं में गिरे, 3 की मौत

### शहडोल के जैतपुर का मामला, अन्य आरोपियों की तलाश जारी



**जागरण, शहडोल।** प्रदेश के शहडोल जिले में पुलिस से भाग रहे गांजा तस्करों की कार अनियंत्रित होकर पलट गई। गिरफ्तारी से बचने आरोपियों ने कार से उतरकर दौड़ लगा दी लेकिन इनमें से कुछ कुएं में गिर गए। कुएं से पुलिस को तीन लोगों के शव मिले हैं। कार में छह लोग सवार थे। अन्य की तलाश की जा रही है। वारदात देर रात जैतपुर थाने के कमता तिराहे के पास हुई। मंगलवार सुबह पुलिस टीम ने कुएं से तीन शव बरामद किए। इसके बाद गांव में सनसनी फैल गई। मृतकों की पहचान शहडोल निवासी तनुज शुक्ला और बुढार थाना क्षेत्र के टिकुरी टोला निवासी सचिन सिंह बघेल व रोहित शर्मा के रूप में हुई है। प्रारंभिक तौर पर तीनों के गांजा तस्करी से जुड़े होने की बात सामने आई है। मालूम हो कि जैतपुर से कमता की ओर जा रही एक संदिग्ध कार को डायल 112 में तैनात पुलिस टीम ने रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखते ही कार सवार युवक तेज रफ्तार में भागने लगे और कमता तिराहे के पास वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। कार पलटने के बाद तीनों आरोपी वाहन से कूदकर भागे, जिनका पुलिस ने पीछा किया। बताया जा रहा है कि घटनास्थल से करीब 100 मीटर दूर अंधेरे में भागते समय तीनों एक गहरे कुएं में गिर गए। रात में स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी। मंगलवार सुबह पुलिस टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कर तीनों शवों को बाहर निकाला गया। मौके पर थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा, एसडीओपी सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस के अनुसार घटनास्थल से मिली कार से करीब 6 किलो गांजा बरामद किया है। पूरे मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी गई है और जांच जारी है। फिलहाल पुलिस पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जांच में जुटी है।

## तौल में देरी होने से किसानों ने किया डेढ़ घंटे चक्काजाम



**जागरण अशोकनगर।** जिले में समर्थन मूल्य पर चना-मसूर की खरीदी शुरू हो गई है लेकिन प्रशासन के ढुलमुल रवैये से समर्थन मूल्य पर उपज बेचने आए किसानों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है इससे आए दिन नाराज किसान चक्काजाम कर रहे हैं। मंगलवार को कोलुआ रोड पर किसानों ने करीब डेढ़ घंटे चक्काजाम किया। वजह तौल में देरी होने को बताया गया। हालांकि एसडीएम और कृषि उपसंचालक का कहना था कि बारकोड न आने के कारण तौल में देरी हुई जबकि किसानों का कहना था कि वह तीन-चार दिनों से लाइन में लगे हुए हैं। समर्थन मूल्य पर खरीदी करने वाले अधिकारी-कर्मचारी देर से आते हैं इससे सभी किसानों की तौल नहीं हो पाती है। जब काफ देर तक तौल शुरू नहीं हुई तो किसानों ने कोलुआ रोड पर स्थित कुड़ीघाट के पास सड़क पर ट्रेक्टर-ट्राली खड़े कर दिए और चक्काजाम कर नारेबाजी की। किसानों ने बताया कि शाम को जल्दी तौल बंद कर दी जाती है जबकि अन्य खरीदी केन्द्रों पर देर रात तक तुलाई जारी रहती है, इसलिए यहां भी तुलाई रात तक चलनी चाहिए सुबह भी समय पर तौल शुरू नहीं होती है क्योंकि समिति प्रबंधक देर से आता है। चक्काजाम की सूचना मिलने के बाद देहात थाना प्रभारी भुवनेश शर्मा, कृषि उपसंचालक अमित भदौरिया, एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी मौके पर पहुंचे।

### अंबेडकर जयंती रैली के दौरान बोलेरो हटाने को लेकर सीधी में बवाल

# नकाबपोशों ने घर और थाने में घुस किया हमला, पुलिसकर्मियों समेत छह घायल



**जागरण, सीधी।** अंबेडकर जयंती रैली के दौरान एक बोलेरो वाहन हटाने को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक हो गया। सीधी जिला मुख्यालय से करीब 50 किमी दूर अमिलिया में मंगलवार को विवाद के बाद नकाबपोशों की भीड़ ने एक महिला मनी शुक्ला के घर में घुसकर हमला किया। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने थाने पर धावा बोला। इस घटना में एक ही परिवार के चार सदस्य और दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। घटना की जानकारी लगते ही कलेक्टर विकास मिश्रा और एसपी संतोष कोरी मौके पर पहुंच गए। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए अमिलिया, बहरी और कमजी थाना पुलिस बल सहित पुलिस लाइन से भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया है। अमिलिया बाजार को पूरी तरह से बंद कर दिया है और थाना परिसर सहित चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात है। आने-जाने वाले लोगों की वीडियोग्राफी की जा रही है और पुलिस नकाब पहनकर हमला करने वालों को चिह्नित कर रही है।

**थाने में हमला करने पहुंची 200 लोगों की भीड़ :** मालूम हो कि रैली के दौरान रास्ते में खड़ी बोलेरो हटाने को लेकर कहासुनी हुई थी। इसी दौरान गाड़ी में तोड़फोड़ हुई और मनी शुक्ला के विरोध के बाद मामला हिंसा में बदल गया। विवाद बढ़ने पर करीब 50 नकाबपोश हमलावर महिला के घर में घुसे और पथराव करते हुए मारपीट की। हमले में मनी शुक्ला गंभीर रूप से घायल हुए, जबकि 80 वर्षीय रमाकांत शुक्ला, 40 वर्षीय अर्चना शुक्ला और 22 वर्षीय दिव्यांश शुक्ला को भी चोटें आईं। इसके साथ ही एक महिला और युवक के सिर पर पत्थर लगने से खून बहा। दोपहर बाद करीब 200 लोगों की भीड़ ने अमिलिया थाने पर हमला कर दिया। भीड़ थाने में घुसी और थाना प्रभारी राकेश बेस व स्टाफ के साथ हाथापाई की। इस दौरान पुलिसकर्मी रामचरित्र पांडे और सतीश तिवारी घायल हुए हैं। उपद्रवियों ने थाना परिसर में पथराव कर कार्यालय और विवेचक कक्ष में तोड़फोड़ कर दी, जिससे कक्ष के कांच टूट गए और वहां रखी सामग्री भी क्षतिग्रस्त हो गई।

## पथरी का इलाज कराने आए युवक की दूसरी किडनी काटी, मौत

**जागरण, सतना।** पथरी का इलाज करवाने पहुंचे युवक की मौत के बाद सतना में हंगामा मच गया। परिवार का आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान डॉक्टर ने युवक की दूसरी किडनी पर भी कट लगा दिया। इससे युवक की हालत बिगड़ी तो टांका लगाकर उसे रीवा रेफर कर दिया, जहां उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने कोलगवां थाना के पास सोमवार रात को शव रखकर हाईवे जाम किया। पुलिस ने समझाइश देकर जाम खुलवाया। इसके बाद परिजन पाठक हॉस्पिटल के बाहर शव रखकर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन के दौरान स्थिति तनावपूर्ण हो गई। अस्पताल की ओर जाने से रोकने पर महिलाओं की सीएसपी देवेन्द्र सिंह से बहस और झड़प हो गई। हालात संभालने मौके पर तीन थानों की पुलिस बुलानी पड़ी। इस दौरान परिजनों ने 20 करोड़ रुपए मुआवजे की भी मांग की।



# देवरी विधायक पटैरिया की बेटी ने युवक को जूतों से पीटा


### युवक ने थाने में की शिकायत, वीडियो भी आया सामने

**जागरण, सागर।** प्रदेश के सागर जिले के देवरी से भाजपा विधायक बृजबिहारी पटैरिया की बेटी प्रियंका पर एक युवक ने आरोप लगाया है कि उन्होंने उसे बैंक से बाहर बुलवाकर जूते से उसकी पिटाई कर दी। घटना का वीडियो वायरल भी हुआ है, जिसमें विधायक की बेटी गाड़ी से उतरकर युवक को मार रही है। इस संबंध में युवक ने गौरझामर थाना में आवेदन देकर शिकायत की है। यह घटना सोमवार की बताई गई है जिसका वीडियो मंगलवार को वायरल हुआ है। हालांकि वीडियो की सत्यता की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही होगी। मामले में युवक राजेश शर्मा ने गौरझामर थाने में आवेदन दिया है। इसमें बताया है कि वह विनीत पटैरिया अध्यक्ष जनपद पंचायत देवरी के साथ रहता है। किसी काम से सेन्ट्रल बैंक गौरझामर आया था तभी अनिल जैन सिनेमा वाले निवासी देवरी के लड़के द्वारा कहा गया कि पापा बाहर बुला रहे हैं। बैंक से बाहर आया तो देखा कि प्रियंका पटैरिया अपनी सफेद गाड़ी में बैठी हुई थीं। उन्होंने मुझे बुलाया और पास जाते ही उन्होंने बिना कुछ बोले मुझे जूते से मारना शुरू कर दिया। आवेदन में बताया कि जब मैंने अपनी गलती पूछी तो उनके द्वारा कहा गया कि बहुत धरना करवा रहे हो मेरे पापा के खिलाफ और मारती रहीं। राजेश शर्मा ने थाने में आवेदन देकर स्वयं की सुरक्षा की मांग की है। घटना को राजनीतिक द्वेष से प्रेरित बताया है। विनीत पटेरिया विधायक बृजबिहारी पटेरिया के भतीजे हैं। इनके आपस में मतभेद हैं क्योंकि विधायक द्वारा राजनीति में प्रियंका को आगे लाया जा रहा है। इससे विनीत पटेरिया नाराज हैं। साथ ही देवरी नगर पालिका अध्यक्ष चुनाव में विनीत ने नेहा अलकेश जैन का खुला समर्थन किया था। वर्तमान में झुनकू वार्ड देवरी स्थित मुक्ति धाम में जनसहयोग से हो रहे निर्माण कार्य पर भी दोनों पक्षों में ठनी हुई है।

विजनेस प्लस

## पतंजलि अनुसंधान संस्थान लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

**हरिद्वार, जेएनएन।** वैज्ञानिक उत्कृष्टता और नवाचार की अपनी निरंतर यात्रा को आगे बढ़ाते हुए, पतंजलि अनुसंधान संस्थान ने एक बार पुनः राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है। संस्थान को डा. पीडी सेठी नेशनल एचपीटीएलसी अवार्ड 2025 में प्राइवेट इंडस्ट्री कैटेगरी में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पिछले वर्ष भी संस्थान को यह पुरस्कार प्राप्त हुआ था। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार संस्थान को उनके आंवला के बीज तेल पर किए गए उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए मिला, जिसमें इसके शक्तिशाली एंटी-माइक्रोबियल और बायोफिल्म-रोधी गुणों को उजागर किया गया है। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि यह पुरस्कार मात्र एक सम्मान नहीं, पतंजलि के वैज्ञानिकों की वर्षों की मेहनत, समर्पण और वैज्ञानिक सोच का परिणाम है। आगे उन्होंने कहा की यह हर उस वैज्ञानिक के समर्पण की जीत है जो प्रतिदिन विश्व को एक सुगम, सुरक्षित और प्रभावी समाधान प्रदान करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।




## डॉ. भीमराव आंबेडकर को वेकोलि की आदरांजलि



**मुंबई, जेएनएन।** वेकोलि में, बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को आदरांजलि अर्पित की गयी। मुख्यालय में आयोजित समारोह में वेकोलि के निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष, निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री संदीप परांजपे तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे ने डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित कर उनके प्रति आदर व्यक्त किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के कार्य एवं विचारों पर विस्तार से बात की। उन्होंने संविधान में निहित, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे सिद्धांतों को राष्ट्र के विकास में कारगर बताया। डॉ. भीमराव आंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि बाबासाहेब के विचार आज के बदलते परिवेश में भी अत्यंत प्रासंगिक एवं उपयुक्त है।

## पीएम मोदी ने किया एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन

**देहरादून, जेएनएन।** सिर पर ब्रहमकमल टोपी, भाषण में गढ़वाली-कुमाऊंनी के छोटे-छोटे वाक्य और भावनाओं में उत्तराखंड की बेहतरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ये तीन बातें मंगलवार को एक बार फिर से दिखाई दीं। दिल्ली-दून एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन के मौके पर प्रधानमंत्री ने अपने चिर परिचित अंदाज में एक बार फिर साबित किया कि उत्तराखंड की प्रगति से उनका खास वास्ता है।अपने भाषण में प्रधानमंत्री मोदी बहुत खूबसूरती से लोकल कनेक्ट करते हैं। इसी लिए चाहे वेशभूषा हो, भाषा शैली हो या फिर स्थानीय जगहों के नाम का उल्लेख हो, प्रधानमंत्री हर बात का खास ख्याल करते हैं। एक्सप्रेस वे के निर्माण में मां डाटकाली के आशीर्वाद का प्रधानमंत्री ने खास तौर पर जिक्र किया। ये भी जोड़ा कि देहरादून पर मां डाटकाली की कृपा है।



## सीएम योगी ने श्रमिकों की सैलरी बढ़ाई

**गौतमबुद्धनगर, जेएनएन।** नोएडा और गाजियाबाद के श्रमिकों को बड़ी राहत देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गठित उच्च स्तरीय समिति ने न्यूनतम वेतन में अंतरिम वृद्धि का ऐलान किया है। हालिया घटनाक्रमों के बाद की गई विस्तृत समीक्षा के आधार पर सरकार ने संतुलित निर्णय लेते हुए अकुशल, अर्धकुशल और कुशल श्रेणियों में करीब 3000 तक वेतन बढ़ाया है, जिससे गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में 21 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। यह नई दरें 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगी।

# बेटे की 40 लाख उधारी के लिए माता-पिता को बंधक बनाया, आरोपी बोले-किडनी निकालकर बेच देंगे

### इंदौर का मामला, पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार



**जागरण, इंदौर ।** प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में एक बेटे की उधारी की सजा बुजुर्ग माता-पिता को भुगतनी पड़ रही है। मामला हीरा नगर थाना इलाके का है। बेटे को कर्ज देने वालों ने उसके बुजुर्ग मां-बाप को रातभर उनके ही घर में बंधक रखा और धमकी दी कि पैसा नहीं चुकाया तो दोनों की बिहार में किडनी निकलवाकर बेच देंगे। शिकायत के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। टीआई सुशील पटेल के मुताबिक, मारुति नगर के रहने वाले रमेश जोशी के बेटा अंकित जोशी करोड़ों रुपए की लेनदारी के बाद 20 दिन से लापता है। अंकित से 40 लाख रुपए वसूलने अभिषेक, अंकित और गुलशन नाम के तीन युवक बुजुर्ग के घर पहुंचे। आरोपियों ने बुजुर्ग दंपति को बंधक बना लिया, उनके फोन बंद कर दिए। उन्होंने धमकाया कि अगर अंकित नहीं मिला तो तुम दोनों को जबरन बिहार ले जाएंगे। आरोपी रातभर घर में ही डेरा जमाकर बैठ गए और बुजुर्ग दंपती की निगरानी करते रहे। सोमवार सुबह रमेश जोशी ने आरोपियों से ड्यूटी जाने की मिन्नत की। आरोपियों ने इस शर्त पर इजाजत दी कि गुलशन उनके साथ रहेगा। दिनभर पहरेदारी के बाद रात में मेघदूत गार्डन के पास रमेश जोशी ने मौका पाकर गुलशन को चकमा दिया और सीधे हीरा नगर थाने जा पहुंचे। बुजुर्ग की आपबीती सुनते ही टीआई ने तुरंत टीम रवाना की। पुलिस ने घर पर दबिश देकर बुजुर्ग महिला को बदमाशों के चंगुल से छुड़ाया और तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया।

## बाजार पर नजर

### इंडिगो की समर गेट-वे फ्लाइट टिकटों पर 10 प्रतिशत की छूट



**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने अपनी नई 'समर गेटअवे' सेल लॉन्च कर दी है। इस ऑफर के तहत यात्री गर्मियों की छुट्टियां या त्योहारों से पहले की यात्रा प्लान कर सकते हैं और अच्छी बचत कर सकते हैं। सेल 14 अप्रैल 2026 से शुरू हो चुकी है और यह सिर्फ 17 अप्रैल 2026 तक ही चलेगी। इस दौरान 1 जुलाई 2026 से 9 अक्टूबर 2026 तक की यात्रा के लिए टिकट बुक किए जा सकते हैं। कंपनी ने बताया कि इस ऑफर में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों फ्लाइट्स पर 10 प्रतिशत तक की छूट मिल रही है। बस प्रमो कोड 'एसयूएमआर10' इस्तेमाल करना है। यह ऑफर इंडिगो की आधिकारिक वेबसाइट मोबाइल ऐप, एआई असिस्टेंट 6ईएसकेएआई, व्हाट्सएप नंबर (+91 70651 45858) और कुछ चुनिंदा ट्रैवल पार्टनर्स के जरिए उपलब्ध है। फ्लाइट टिकट के अलावा इंडिगो ने अपने एड-ऑन सर्विसेज पर भी अच्छे डिस्काउंट दिए हैं। फास्ट फॉरवर्ड सेवा पर 70 प्रतिशत तक छूट मिल रही है, जिससे एयरपोर्ट पर जल्दी चेक-इन और बोर्डिंग हो जाती है। प्री-पेड एक्स्ट्रा बैगेज पर 50 प्रतिशत तक की बचत हो सकती है। कई घरेलू और अंतरराष्ट्रीय रूट्स पर स्टैंडर्ड सीट सिलेक्शन पर 15 प्रतिशत तक डिस्काउंट है।

### कल शेयर बाजार में तेजी का अनुमान

**मुंबई, जेएनएन।** शेयर बाजार में शानदार तेजी का अनुमान है। उम्मीद की जा रही है कि कच्चे तेल की कमी और सोने-चांदी के भाव में तेजी के साथ ही बुधवार को शेयर बाजार अच्छी तेजी पर दिखेगा। भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को बंद रहा, लेकिन बाकी ग्लोबल और एशियाई बाजार खुले रहे। इस बीच, कुछ ऐसी खबरें आईं, जो शेयर बाजार के निवेशकों को खुश कर देंगी। इस खबर का असर बुधवार को भारतीय शेयर बाजार में खुलते ही दिखाई दे सकता है। एक्सपर्ट्स अनुमान लगा रहे हैं कि जिस हिसाब से मंगलवार को बाकी एशियाई बाजारों में तेजी रही और अब अमेरिकी बाजार में तेजी दिख रही है, उसी हिसाब से निफ्टी बड़े गैप-अप के साथ खुल सकता है। सिर्फ शेयर ही नहीं, बल्कि सोना-चांदी के ईटीएफ खरीदारों के लिए भी शानदार तेजी का अनुमान है, क्योंकि एमसीएक्स पर शाम के कारोबार के दौरान सोने-चांदी के भाव में शानदार उछाल रहा। आइए जानते हैं बुधवार को क्यों अच्छी तेजी आ सकती है।

# आज लांच होगी विनफास्ट की ईवी 7 सीटर वीएफ एमपीवी7

**नई दिल्ली, जेएनएन।** इलेक्ट्रिक गाड़ियों का बाजार गर्म है, कंपनियां एक के बाद एक नए मॉडलों को पेश करने में लगी हैं। इसी बीच वियतनाम की वाहन निर्माता कंपनी विनफास्ट भी अपनी नई 7-सीटर इलेक्ट्रिक कार वीएफ एमपीवी7 को लॉन्च करने के लिए तैयार है। कंपनी इस कार को आज आधिकारिक तौर पर बिक्री के लिए लॉन्च करेगी। हालांकि ग्लोबल मार्केट में ये कार पहले से ही मौजूद है लेकिन कंपनी का दावा है कि, इसमें इंडियन कस्टमर्स को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। विनफास्ट ने भारत में इस एमपीवी की प्री-बुकिंग 2 अप्रैल से शुरू कर दी थी। जिसे ग्राहक कंपनी के ऑफिशियल वेबसाइट और अधिकृत डीलरशिप के जरिए 21,000 रुपये का टोकन अमाउंट जमा कर बुक कर सकते हैं। यह कंपनी का भारतीय बाजार में तीसरी कार है। इससे पहले वीएफ6 और वीएफ7 को यहां के बाजार में पेश किया गया था। लॉन्च के समय इसे सिर्फ 7-सीटर लेआउट में पेश किया जाएगा। साथ ही कंपनी इस मॉडल का एक फ्लीट वर्जन भी लाने की तैयारी में है, जिसे इस साल के अंत तक लॉन्च किया जा सकता है।

### कैसी है नई वीएफ एमपीवी7

डिजाइन की बात करें तो इस कार में एलईडी हेडलैम्प, कनेक्टेड टेललैम्प और 19-इंच के अलॉय व्हील्स दिए जा रहे हैं। कंपनी के सिग्नेचर लाइटिंग एलिमेंट्स इसे अलग पहचान देंगे। इसकी लंबाई 4,740




मिमी और व्हीलबेस 2,840 मिमी है, जो इसे एक बड़ा और स्पेशियस एमपीवी बनाता है। चौड़ाई 1,872 मिमी और ऊंचाई 1,734 मिमी रखी गई है। साइज में ये कार टोयोटा इनोवा से भी लंबी है। इसे 6 कलर ऑप्शन में पेश किया जाएगा। इंटीरियर में दो थीम ऑप्शन ब्लैक और ब्राउन मिलेंगे। फीचर्स की बात करें तो इसमें 10.1-इंच टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, टाईप-ए और टाईप-सी चार्जिंग पोर्ट दिए जा सकते हैं। ड्राइवर सीट हाइट एडजस्टेबल होगी और स्टीयरिंग में टिल्ट और टेलिस्कोपिक एडजस्टमेंट मिल सकता है। इसके अलावा लेदरेट अपहोल्स्ट्री, एम्बिएंट लाइटिंग और कीलेस एंट्री जैसे फीचर्स भी देखने को मिलेंगे। इसके केबिन में एक गौर करने वाली बात ये भी है कि, इसमें आपको स्टीयरिंग व्हील के नीचे ड्राइवर डिस्प्ले (इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर) नहीं दिखेगा।

**500 किमी रेंज**

### बैटरी और परफॉर्मेंस

विनफास्ट वीएफ एमपीवी 7 में फ्रंट-व्हील ड्राइव इलेक्ट्रिक मोटर दी जाएगी, जो 201 बीएचपी की पावर और 280 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। यह कार 0 से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार 10 सेकंड से कम समय में पकड़ सकती है। इसमें 60 केडब्ल्यूएच का बैटरी पैक दिया जाएगा, जो एक बार चार्ज करने पर 500 किमी से ज्यादा की रेंज दे सकता है। साथ ही इसमें फास्ट चार्जिंग सपोर्ट भी मिलेगा।

### कीमत हो सकती है 22 लाख

हालांकि लॉन्च से पहले इसकी कीमत के बारे में कुछ भी कहना थोड़ा मुश्किल है लेकिन जानकारों का मानना है कि, कंपनी इस 7-सीटर इलेक्ट्रिक कार को करीब 22 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) के आसपास लॉन्च कर सकती है। अगर ऐसा होता है तो यह एमपीवी अपने सेगमेंट में एक मजबूत विकल्प बनकर उभर सकती है। भारतीय बाजार में इसका मुकाबला किआ कारेंस ईवी और बीवाईडी ईमैक्स 7 जैसी इलेक्ट्रिक कारों से होगा।

# जंग का असर: बढ़ रहा है आम आदमी का खर्च, रसोई, कपड़े, घरेलू उपकरण हुए महंगे

## पैकेट्स हुए छोटे, तेल 7%, वाशिंग मशीन, फ्रिज, एलईडी 15% तक महंगे हुए

**मुंबई, जेएनएन।** ईरान समेत पूरे पश्चिम एशिया में तनाव से जो हालात पैदा हुए हैं, उसके चलते आम भारतीयों का घरेलू खर्च बढ़ रहा है। रसोई से लेकर कपड़े और घरेलू उपकरणों तक, हर चीज या तो महंगी हो गई है या उनके दाम बढ़ने की आशंका गहरा रही है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने एक साथ कई मोर्चों पर दबाव बनाया है। ईवाई इंडिया का विश्लेषण कहता है कि यह असर अगले दो साल तक बना रह सकता है। खाने के तेल के दाम 7 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ गए हैं। भारत जरूरत का 57 प्रतिशत खाद्य तेल आयात करता है। इनमें पाम ऑयल, सोयाबीन और सूरजमुखी तेल शामिल है। इस बीच पैकेजिंग, ढुलाई और कच्चे माल की लागत बढ़ने से साबुन, पेस्ट, बिस्किट जैसे एमफएमसीजी प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनियां या तो दाम बढ़ाएंगी या पैकेट छोटे करेंगी। इसे 'श्रिंकफ्लेशन' कहा जाता है। पेंट, टेक्सटाइल और पर्सनल केयर कंपनियां भी लागत बढ़ने का हवाला देकर कीमतें बढ़ाने की तैयारी में हैं।



### कपड़ा-पेंट इस साल दाम 5% बढ़ेंगे

क्रूड के दाम बढ़ने से प्लास्टिक की उत्पादन लागत करीब 50 प्रतिशत बढ़ गई है। टेक्सटाइल सेक्टर में पॉलिएस्टर, नायलॉन और कलर-केमिकल्स 20-25 प्रतिशत महंगे हो गए हैं। भारत के कपड़ा उत्पादन में 60 प्रतिशत हिस्सा सिंथेटिक फाइबर का है। ईवाई की रिपोर्ट के मुताबिक, इसके चलते 1 अप्रैल से शुरू वित्त वर्ष 2026-27 में कपड़े और पेंट के दाम 2-5 प्रतिशत तक बढ़ने की संभावना हैं।

### कंज्यूमर ड्यूरेबल्स : लागत 10-15 प्रतिशत तक बढ़ी

घरेलू उपकरणों की मैन्युफैक्चरिंग लागत 10-15 प्रतिशत तक बढ़ चुकी है। इसका 70 प्रतिशत हिस्सा कंपनियां पहले ही ग्राहकों पर डाल चुकी हैं। आम आदमी के उपयोग की वॉशिंग मशीन, फ्रिज, पंखे और एलईडी सब के दाम बढ़े हैं। अब भीषण गर्मी की आशंका से वोल्टास और ब्लू स्टार जैसी एसी कंपनियों के शेयर चढ़ने लगे हैं क्योंकि इनकी बिक्री तेजी से बढ़ने का अनुमान लगाया जा रहा है।

### पेट्रोकेमिल डेरिवेटिव की किल्लत होने से एफएमसीजी प्रोडक्ट्स की सप्लाई बाधित



पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के वैश्विक संकट पर ईरान और अमेरिका के बीच इस्लामाबाद में बातचीत विफल होने से कच्चे तेल की आपूर्ति घटी है। इसके चलते सोमवार को क्रूड आईल के दाम 8 प्रतिशत से ज्यादा बढ़कर 104 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर निकल गए। इससे सर्फैक्टेंट और पेट्रोकेमिकल डेरिवेटिव की किल्लत हो गई। नतीजतन शैंपू, साबुन जैसे उत्पादों की आपूर्ति बाधित हुई है। ऐसे में कंपनियां दाम बढ़ाने से बचने के लिए इनके पैकेट छोटे कर रही हैं।

# गोल्ड ईटीएफ में निवेश 6 गुना बढ़ा एक साल में दिया 64 प्रतिशत रिटर्न

## निवेशक भी 69 लाख से बढ़कर 1.24 करोड़ हुए

**नई दिल्ली, जेएनएन।** 2026 की पहली तिमाही (जनवरी-मार्च) में गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (गोल्ड ईटीएफ) में निवेशकों ने 31,561 करोड़ रुपए का निवेश किया है। ये दिसंबर 2025 तिमाही के मुकाबले 36 प्रतिशत ज्यादा है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में गोल्ड ईटीएफ में 23,132 करोड़ रुपए का निवेश आया था। यह पिछले साल की जनवरी-मार्च तिमाही के मुकाबले करीब 6 गुना ज्यादा निवेश आया है। साल 2025 की पहली तिमाही में यह निवेश मात्र 5,654 करोड़ रुपए था। जियोपॉलिटिकल तनाव और बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच निवेशक अब सुरक्षित संपत्ति के रूप में सोने पर ज्यादा भरोसा जता रहे हैं। गोल्ड ईटीएफ में 1 साल में 64 प्रतिशत तक का रिटर्न मिला है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि जनवरी में पोर्टफोलियो रीबैलेंसिंग और सोने की बढ़ती कीमतों के कारण निवेश का फ्लो बहुत ज्यादा रहा, जिसने पूरी तिमाही के आंकड़े को मजबूत बना दिया। गोल्ड ईटीएफ में सिर्फ पैसा ही नहीं बढ़ा, बल्कि निवेशकों की रुचि भी बढ़ी है। मार्च 2025 में फोलियो (इन्वेस्टर अकाउंट) की संख्या 69.69 लाख थी, जो मार्च 2026 तक बढ़कर 1.24 करोड़ हो गई है। यानी एक साल में 54.28 लाख नए खाते जुड़े हैं।

**क्यों पसंद आ रहा है डिजिटल गोल्ड-** मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया की सीनियर एनालिस्ट नेहल मेश्राम का कहना है कि गोल्ड ईटीएफ निवेशकों को फिजीकल रखने की झंझट के बिना निवेश का पारदर्शी और आसान तरीका देते हैं। यह बाजार की अनिश्चितता के समय पोर्टफोलियो को सुरक्षा प्रदान करता है।




### क्या होता है गोल्ड ईटीएफ?

एक्सचेंज ट्रेडेड फंड सोने के गिरते-चढ़ते भावों पर बेस्ड होते हैं। गोल्ड ईटीएफ की खरीद-बिक्री शेयर की ही तरह बीएसई और एनएसई पर की जा सकती है। हालांकि, इसमें आपको सोना नहीं मिलता। आप जब इससे निकलना चाहें तब आपको उस समय के सोने के भाव के बराबर पैसा मिल जाएगा। गोल्ड ईटीएफ खरीदने के लिए आपको अपने ब्रोकर के माध्यम से डीमैट अकाउंट खोलना होता है। इसमें एनएसई पर उपलब्ध गोल्ड ईटीएफ के यूनिट आप खरीद सकते हैं और उसके बराबर की राशि आपके डीमैट अकाउंट से जुड़े बैंक अकाउंट से कट जाएगी। आपके डीमैट अकाउंट में ऑर्डर लगाने के दो दिन बाद गोल्ड ईटीएफ आपके अकाउंट में डिपॉजिट हो जाते हैं। ट्रेडिंग खाते के जरिए ही गोल्ड ईटीएफ को बेचा जाता है।

**सोने में सीमित निवेश फायदेमंद**

एक्सपर्ट के अनुसार, भले ही आपको सोने में निवेश करना पसंद हो तब भी आपको इसमें सीमित निवेश ही करना चाहिए। कुल पोर्टफोलियो का सिर्फ 10 से 15 प्रतिशत ही सोने में निवेश करना चाहिए। किसी संकट के दौर में सोने में निवेश आपके पोर्टफोलियो को स्थिरता दे सकता।

# संकट में सरकार ने उठाए बड़े कदम फिर भी नहीं थम रही पैनिक बुकिंग!

**नई दिल्ली, जेएनएन।** होर्मुज स्ट्रेट में आई रुकावट के चलते पैदा हुए एलपीजी संकट से निपटने के लिए सरकार ने कई बड़े कदम उठाए हैं। एक ओर जहां घरेलू प्रोडक्शन बढ़ाया गया है, तो वहीं 5 किलो वाले छुटकू सिलेंडरों की सप्लाई भी तेज की गई है। इसके बाद भी घबराहट में सिलेंडर बुकिंग किए जाने के आंकड़ों में कमी आती नहीं दिख रही है। रिपोर्ट्स की मानें, तो हर दिन करीब 90 लाख के आस-पास एलपीजी बुकिंग की जा रही है, जो कि आम दिनों में करीब 50 लाख और फेस्टिव सीजन के मौकों पर 70 लाख तक पहुंच जाती थी। ऐसा तब है जबकि सरकार लगातार लोगों से पैनिक सिलेंडर बुकिंग न करने की अपील कर रही है। न सिर्फ एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई पर सरकार का जोर है, बल्कि पाइप्ड नेचुरल गैस यानी पीएनजी कनेक्शनों के विस्तार में भी देश में तेजी लाई जा रही है। सिर्फ मार्च से अब तक 4,24,000 से अधिक नए पीएनजी कनेक्शन चालू किए गए हैं। अब तक 30,000 से ज्यादा उपभोक्ताओं ने अपने पीएनजी कनेक्शन के बाद अपने पास पहले से मौजूद एलपीजी कनेक्शन सरेंडर किए हैं।



### छुटकू सिलेंडर की सप्लाई तेज

घरेलू एलपीजी सप्लाई सुचारू रखने के लिए सरकार ने 5 किलोग्राम वाले छुटकू एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति बढ़ा दी है। एक रिपोर्ट अनुसार सरकार के इस कदम से एलपीजी की किल्लत दूर करने में काफी मदद मिल रही है। इसमें बताया गया कि बीते 23 मार्च से अब तक 13 लाख से अधिक 5 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर बेचे जा चुके हैं।

# अमेरिका की होर्मुज पर नाकेबंदी से टूट सकती है ईरानी अर्थव्यवस्था की कमर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका के साथ युद्ध में ईरान लगातार डटा हुआ नजर आ रहा है, लेकिन पाकिस्तान में शांति वार्ता फेल होने के बाद डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लिए गए होर्मुज नाकाबंदी के फैसले से उसकी ट्रेड लाइफलाइन संकट में नजर आ रही है। रिपोर्ट की मानें, तो अमेरिकी होमुर्ज नाकेबंदी के चलते ईरान को हर रोज 435 मिलियन डॉलर (करीब 4000 करोड़ रुपये से ज्यादा) का नुकसान उठाना पड़ सकता है, जो ईरानी अर्थव्यवस्था पर बड़ा अटैक साबित हो सकता है। बीते सप्ताह इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच 21 घंटे चली शांति वार्ता बेनतीजा साबित हुई थी और अमेरिकी उप-राष्ट्रपति जेडी वैंस ने इसे ईरान के लिए बुरी खबर करार दिया था। इसके बाद डोनाल्ड ट्रंप के तेवर और सख्त हो गए और उन्होंने 13 अप्रैल सोमवार से ईरान बंदरगाहों की नाकाबंदी का ऐलान कर दिया।

**एक्सपर्ट ने पेश की ये तस्वीर :** विदेश नीति संस्थान एफडीडी के सीनियर फेलो मियाद मालेकी का कहना है कि अमेरिका के इस कदम का ईरान पर आर्थिक प्रभाव तत्काल और गंभीर हो सकता है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि ईरान के सालाना व्यापार का करीब 90 फीसदी से अधिक हिस्सा फारस की खाड़ी से होकर गुजरता है और इसकी वैल्यू लगभग 109.7 अरब डॉलर है। इस कुल निर्यात से होने वाली इनकम का 80 प्रतिशत और देश के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग एक चौथाई हिस्सा तेल और गैस से आता है।



### रातोरात बंद हो जाएगी इनकम

मालेकी ने इसे ईरान की ट्रेड लाइफलाइन पर बड़ा संकट करार दिया है। उन्होंने कहा है कि ईरान रोज करीब 15 लाख बैरल कच्चे तेल का निर्यात कर रहा है, जिससे उसे प्रतिदिन लगभग 139 मिलियन डॉलर की इनकम हो रही है। अमेरिकी नाकाबंदी से यह रातोंरात बंद हो जाएगी। उन्होंने एक और डराने वाली बात बताते हुए कहा कि कच्चे तेल के निर्यात का 92 प्रतिशत हिस्सा संभालने वाला खार्ग द्वीप भी प्रभावित क्षेत्र में स्थित है।


खंड-। ई-निविदा

**आमंत्रण सूचना**

**मध्यप्रदेश शासन**

**कार्यालय - कार्यालय पर्यावरण वानिकी वनमंडल, भोपाल मध्यप्रदेश**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 03/ई-टेंडरिंग/2026-27 दिनांक 10.04.2026

1. कार्यालय पर्यावरण वानिकी वनमंडल भोपाल द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|
| 1 | कार्यालय पर्यावरण वानिकी वनमंडल, भोपाल के अंतर्गत बड़े साइज के मिश्रित प्रजाति के पौधा क्रय (6 फीट से 8 फीट) | 500/- |

2. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्यारेमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है।
3. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का आनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरेमेंट पोर्टल पर दिनांक 10.04.2026 शाम 06 बजे से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते हैं।
4. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी।
5. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं।
6. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल : https://www.mptenders.gov.in/

जी-11548/26

पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार

वनमंडलाधिकारी,
पर्यावरण वानिकी वनमंडल
भोपाल


# आईटी सेक्टर का बुरा दौर खत्म ग्रोथ की राह पर लौटी कंपनियां

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मिडिल ईस्ट में जारी तनाव से भारतीय घरेलू बाजार समेत वैश्विक बाजारों में दबाव देखने को मिल रहा है। वहीं, एक नई रिपोर्ट में देश की आईटी सर्विसेज सेक्टर को लेकर सकारात्मक बातें कहीं गई है। वीएनपी परिवास के अनुसार, आईटी सेक्टर धीरे-धीरे सुधार के रास्ते पर दिख रहा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि ग्रोथ को लेकर स्थिति पहले से ज्यादा साफ हो रही है। साथ ही सेक्टर के बुनियादी हालात भी बेहतर नजर आ रहे हैं। हालांकि निवेशकों अभी भी सतर्क होकर निवेश की प्लानिंग बना रहे हैं। रिपोर्ट में कंपनियों की कमाई में भी आगे चलकर बढ़ोतरी दिखने की बात कही गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को अपनाने की रफ्तार तेजी से बढ़ रही है जिससे आईटी सेक्टर में नई गति देखने को मिल रही है। साथ ही कई कंपनियां वैश्विक आईटी कंपनियों से हाथ मिला रही है जिससे पूरे सेक्टर को सपोर्ट मिलने की उम्मीद तेज हो गई है। रिपोर्ट में बड़ी आईटी कंपनियों का प्रदर्शन लगभग स्थिर रहने का अनुमान लगाया गया है जबकि चुनिंदा मिडकैप कंपनियां ग्रोथ में आगे निकल सकती हैं। साथ ही रिपोर्ट में बताया गया है कि टेक्नोलॉजी और टेलीकॉम जैसे अहम सेक्टर्स में रिकवरी के शुरुआती संकेत दिख रहे हैं। वहीं, बाकी सेक्टर्स में स्थिति फिलहाल स्टेबल बनी हुई है।



### क्या है ब्रोकरेज की राय

ब्रोकरेज के मुताबिक आने वाले समय में आईटी सेक्टर के हालात धीरे-धीरे बेहतर होते दिख रहे हैं। इसके पीछे की वजह की बात करें तो, कंपनियां नई भर्तियां कर रही है। साथ ही कंपनियों के मैनेजमेंट स्थिर बनी हुई है। साथ ही क्लाउड सेवाओं से लगातार हो रही बढ़ोतरी कमाई में ग्रोथ दिखा रही है। रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2026 की मार्च तिमाही में भारतीय आईटी कंपनियों की रेवेन्यू ग्रोथ थोड़ी धीमी रह सकती है। हालांकि, पिछले साल के कम बेस की वजह से सालाना स्तर पर बेहतर बढ़त दिखने की संभावना है।

## जस्ट डायल का चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 37% घटा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सर्च इंजन कंपनी जस्ट डायल लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 36.54 प्रतिशत की गिरावट के साथ 100 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 157.6 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय 6.23 प्रतिशत बढ़कर 307.24 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 की इसी अवधि में 289.2 करोड़ रुपये थी। कंपनी का नियंत्रण उद्योगपति मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की खुदरा इकाई रिलायंस रिटेल वेंचर्स द्वारा किया जाता है।

## वाहन बिक्री 2.82 करोड़ के पार: सियाम

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश में मोटर वाहनों की थोक बिक्री बीते वित्त वर्ष 2025-26 में सालाना आधार पर 10.4 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 2,82,65,519 इकाई रही। यात्री व वाणिज्यिक वाहन, दोपहिया एवं तिपहिया वाहन सहित सभी खंडों ने गत वित्त वर्ष में अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) की ओर से जारी बयान के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में घरेलू वाहनों की कुल बिक्री 2,56,09,399 इकाई रही थी। सियाम के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा ने यहां पत्रकारों से कहा वित्त वर्ष 2025-26 का समापन शानदार तरीके से किया है। वित्त वर्ष 2025-26 में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 46,43,439 इकाई रही जो 2024-25 के 43,01,848 इकाई के मुकाबले 7.9 प्रतिशत अधिक है। दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री 10.7 प्रतिशत बढ़कर 2,17,05,974 इकाई रही जो वित्त वर्ष 2024-25 में 1,96,07,332 इकाई थी। मोटरसाइकिल की बिक्री वित्त वर्ष 2025-26 में 1,30,64,789 इकाई हो गई, जो 2024-25 में 1,22,52,305 इकाई थी। वहीं स्कूटर की बिक्री 181,17,945 इकाई रही जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह 68,53,214 इकाई थी। वाणिज्यिक वाहन में 10,79,871 इकाई की बिक्री हुई। तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री 12.8 प्रतिशत बढ़कर 8,36,231 इकाई रही जो वित्त वर्ष 2024-25 में 7,41,420 इकाई थी।

## होटल उद्योग 31 अरब डॉलर होने का अनुमान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** घरेलू पर्यटन में वृद्धि के कारण भारत के होटल उद्योग का आकार 2029 तक बढ़कर करीब 31 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। रियल एस्टेट क्षेत्र की सलाहकार सीबीआरई ने यह अनुमान लगाया है। होटल उद्योग का आकार 2024 में लगभग 25 अरब डॉलर था। अपनी नवीनतम रिपोर्ट में सीबीआरई ने कहा कि भारत की सूचीबद्ध होटल कंपनियां 2030 तक 70,000 से अधिक नए कमरे (की) जोड़ सकती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, उद्योग का आकार बढ़कर 2029 तक करीब 31 अरब डॉलर होने का अनुमान है। इस वृद्धि में घरेलू पर्यटन की प्रमुख भूमिका रहेगी, जिसमें 2025 में यात्राओं की संख्या सालाना आधार पर 40 प्रतिशत बढ़कर 4.1 अरब तक पहुंच गई। सीबीआरई के (सीईओ) अंशुमान ने कहा कि आतिथ्य क्षेत्र की यह प्रगति भारत की आर्थिक मजबूती को दर्शाती है, जिसमें बढ़ती आय और बेहतर संपर्क सुविधा से वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे उद्योग अनुभव-आधारित यात्रा की ओर तेजी से बढ़ रहा है और धार्मिक तथा सांस्कृतिक स्थलों पर संगठित मांग को आकर्षित कर रहा है, देश के आतिथ्य क्षेत्र में दीर्घकालिक और मजबूत विस्तार की संभावना है।





**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**

**जोन क्र.-08 यांत्रिक विभाग**

क्र. 179/यां.वि/2026 — **निविदा आमंत्रण सूचना पत्र** — भोपाल, दिनांक 13/4/26

1. निम्नलिखित कार्य म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से आनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in/ पर है।

| S. No. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (राशि रु. लाख में) | निविदा क्रय करने का अंतिम | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_499370_1 | SUPPLY OF CI RCC AND STONE BENCHES AT VARIOUS LOCATIONS OF ZONE 08 ZONE 2025204563 first call | 979720/- | 28.04.2026 | 5.30 PM |

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/
2. Amendments to NIT, if any, would be publish websit https://www.mptenders.gov.in/only, and not in newspaper.

नि.क्र. 69/026/027

पुण्डरीक द्विवेदी
प्र. सहायक यंत्री (सिविल)
जोन क्र.-08, नगर निगम, भोपाल

# सीएसके की जीत में चमका नूर

## मैच 22: खराब फील्डिंग के बावजूद चेन्नई की 32 रन से जीत, केकेआर को पहली जीत का इंतजार

जेएनएन, चेन्नई

स्पिनर नूर अहमद की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल के 22वें मैच में मंगलवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को 32 रन से हरा दिया, जो पांच मैचों में उसकी चौथी हार है। वहीं सीएसके की यह लगातार दूसरी जीत है। संजू सैमसन (48 रन) और आयुष म्हात्रे (38 रन) ने पावरप्ले में चेन्नई को दो विकेट पर 72 रन तक पहुंचा दिया था, जिसकी मदद से टीम ने पांच विकेट पर 192 रन बनाए। वहीं केकेआर जवाब में 20 ओवर में सात विकेट पर 160 रन ही बना सके। 193 के लक्ष्य का बचाव कर रहे सीएसके के फील्डरों ने फील्ड में कई गलतियां की और तीन कैच छोड़े। हालांकि इसका कुछ ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ा। केकेआर ने इस बार अपनी बल्लेबाजी क्रम में बदलाव किया और सुनील नारायण इस सीजन पहली बार सलामी बल्लेबाजी पर आए। हालांकि यह निर्णय भी उनके काम नहीं आया। दूसरे ही ओवर में इनफॉर्म चल रहे फिन ऐलन, कंबोज का शिकार हुए। नारायण को सीएसके कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने कैच छोड़कर जीवनदान भी दिया, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए और अहमद की गेंद पर गुरजपनीत सिंह ने शॉर्ट थर्ड पर उनका बेहतरीन कैच लपका। इसके बाद अगले पांच ओवरों में अजिंक्य रहाणे (28) और अंगकृष रघुवंशी (27) के बीच जरूर 50 रनों की साझेदारी हुई, लेकिन इस दौरान दोनों के कैच भी छूटे। हालांकि इसके बाद सीएसके स्पिनरों ने अपना शिकंजा कसना शुरू किया। पहले अकील हुसैन ने रघुवंशी को चलता किया और फिर नूर ने रहाणे को पवेलियन भेजा। अगली गेंद पर खराब फॉर्म में चल रहे कैमरन ग्रीन गोल्डन डक पर उनका शिकार हुए। उन्हें नूर ने अंदर आती, स्किड होती, नीची रहती गेंद पर क्लीन बोल्ड किया। अगले ही ओवर में नूर ने रिंकू सिंह को भी पवेलियन भेजा। इसके बाद रोवमन पॉवेल (31) और रमनदीप सिंह (35) ने कुछ संघर्ष किया, लेकिन यह नाकाफी था। इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सीएसके की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। मैच के तीसरे ओवर में ही उनके कप्तान गायकवाड़, अनुकूल रॉय की गेंद को स्लॉग स्वीप करने गए और डीप स्क्वेयर लेग पर रोवमन पॉवेल ने कोई गलती नहीं की। हालांकि इसके बाद सैमसन (48) और म्हात्रे (38) के बीच 22 गेंदों पर 47 रनों की तेज साझेदारी हुई और दोनों ने पावरप्ले में टीम का स्कोर 72 रनों तक पहुंचा दिया। पावरप्ले की आखिरी गेंद पर म्हात्रे, वैभव अरोड़ा का शिकार हुए और शॉर्ट गेंद को पुल करने के चक्कर में डीप स्क्वेयर पर लपके गए।


नूर की गेंद पर कैमरन ग्रीन क्लीन बोल्ड



**टर्निंग पॉइंट :** मैच का बड़ा टर्निंग पॉइंट नूर की गेंदबाजी रही। जब केकेआर की टीम लक्ष्य का पीछा कर रही थी और रहाणे क्रीज पर सेट नजर आ रहे थे, तब नूर ने 11वें और 13वें ओवर में मैच का पासा पलट दिया। उन्होंने इन दो ओवर में सात गेंदों में तीन विकेट झटके। नूर ने अपने 4 ओवर के कोटे में मात्र 21 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट झटके।

### स्कोर बोर्ड

**चेन्नई सुपर किंग्सः 192/5 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| संजू सैमसन बो. त्यागी | 48 | 32 | 4 | 3 |
| रुतुराज का. पॉवेल बो. अनुकूल | 7 | 6 | 1 | 0 |
| आयुष का. रमनदीप बो. वैभव | 38 | 17 | 6 | 2 |
| ब्रेविस का. वैभव बो. त्यागी | 41 | 29 | 4 | 2 |
| सरफराज खान बो. नारायण | 23 | 18 | 1 | 2 |
| शिवम दुबे नाबाद | 13 | 12 | 1 | 0 |
| जेमी ओवर्टन नाबाद | 7 | 6 | 1 | 0 |

अतिरिक्तः 15, कुलः 20 ओवर में पांच विकेट पर 192 रन, विकेट पतनः 1-25, 2-72, 3-111, 4-162, 5-171, गेंदबाजीः वैभव अरोड़ा 4-0-55-1, कैमरन ग्रीन 2-0-30-0, अनुकूल रॉय 3-0-21-1, सुनील नारायण 4-0-21-1, वरुण चक्रवर्ती 3-0-26-0, कार्तिक त्यागी 4-0-35-2.

**कोलकाता नाइट राइडर्सः 160/7 (20 ओवर)**


| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ऐलन का. शिवम बो. कंबोज | 1 | 3 | 0 | 0 |
| नारायण का. गुरजपनीत बो. खलील | 24 | 17 | 2 | 2 |
| रहाणे का. रुतुराज बो. नूर | 28 | 22 | 0 | 2 |
| रघुवंशी का. ब्रेविस बो. हुसैन | 27 | 19 | 3 | 1 |
| रिंकू सिंह का. शिवम बो. नूर | 6 | 12 | 0 | 0 |
| कैमरन ग्रीन बो. नूर | 0 | 1 | 0 | 0 |
| रोवमन पॉवेल नाबाद | 31 | 22 | 1 | 2 |
| रमनदीप का. सरफराज बो. कंबोज | 35 | 23 | 4 | 1 |
| अनुकूल रॉय नाबाद | 1 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्तः** 7, **कुलः** 20 ओवर में सात विकेट पर 160 रन, **विकेट पतनः** 1-13, 2-29, 3-79, 4-85, 5-85, 6-90, 7-153, **गेंदबाजीः** खलील अहमद 3.5-0-24-1, अंशुल कंबोज 4-0-32-2, अकील हुसैन 4-0-26-1, नूर अहमद 4-0-21-3, गुरजपनीत सिंह 1.1-0-23-0, जेमी ओवर्टन 3-0-32-0.

आईपीएल में ड्रीम डेब्यू करने वाले हिंगे ने कहा

## 'मैंने कहीं लिखा था कि डेब्यू पर चार या पांच विकेट लूंगा'

राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल 2026 में डेब्यू करते हुए विदर्भ के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रफुल हिंगे ने सनराइजर्स हैदराबाद को धमाकेदार शुरुआत दिलाते हुए अपने पहले ही ओवर में तीन विकेट निकाले। उन्होंने वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरे और लुआन-ड्रे प्रीटोरियस को पवेलियन चलता कर दिया। सीनियर स्तर पर 24 वर्षीय हिंगे का यह केवल दूसरा टी-20 मैच था और उन्होंने ओवर की दूसरी ही गेंद पर सूर्यवंशी को चलता कर दिया। हिंगे ने कहा था कि उन्होंने पिछले साल ही यह सोच लिया था कि जब वह डेब्यू करेंगे तो चार या पांच विकेट लेंगे। मैच के बाद प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड लेने के बाद हिंगे ने कहा, पिछले साल मैंने कहीं पर लिखा था कि जब मैं डेब्यू करूंगा तो चार या पांच विकेट लूंगा। मुझे औरों का नहीं पता, लेकिन मुझे इसमें (मैनिफेस्टेशन) विश्वास है। सूर्यवंशी का विकेट सबसे बढ़िया था, क्योंकि वह फॉर्म में थे। मैंने पहले ही कुछ लोगों से कह रखा था कि मैं उसे पहली ही गेंद पर आउट करूंगा, या तो बाउंसर डालूंगा या किसी और तरह से उसे आउट करूंगा। मैं पहली ही गेंद पर उसका विकेट लेना चाहता था। हिंगे ने कहा, मैंने 13 वर्ष की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू किया था, तब मैं यह भी नहीं जानता था कि लेदर बॉल क्या होती है। मैंने अपने पिता से कहा था कि मैं क्लब से जुड़ना चाहता हूं लेकिन उन्होंने यह कहते हुए मना कर दिया कि मैं अभी काफी छोटा हूं। लेकिन कैसे भी फिर चीजें वहां से शुरू हुईं और मैं लगातार खेलता रहा। यहां पर खड़ा होना एक सुखद एहसास है, मैं इस अवॉर्ड को अपने परिवार को समर्पित करना चाहता हूं।



■ आईपीएल इतिहास में यह पहली बार है, जब किसी पारी के पहले ओवर में तीन विकेट गिरे हों। पुरुष टी-20 क्रिकेट में इससे पहले 19 मौकों पर पहले ओवर में तीन या उससे ज़्यादा विकेट गिरे हैं। हिंगे ने पारी के तीसरे ओवर में चौथा विकेट भी लिया और आईपीएल में पहले तीन ओवर के भीतर चार विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए। इससे पहले सबसे जल्दी चार विकेट लेने का रिकॉर्ड इशांत शर्मा के नाम था। उन्होंने 2011 में कोच्चि टस्कर्स केरल (केटीके) की पारी में 3.1 ओवर में चार विकेट लिए थे।

■ इससे पहले अश्वनी कुमार ही इकलौते भारतीय गेंदबाज थे, जिन्होंने आईपीएल डेब्यू पर चार विकेट लिए थे। अश्वनी ने 2025 में मुंबई के लिए केकेआर के खिलाफ यह कारनामा किया था। साकिब हुसैन ने 24 रन देकर 4 विकेट लिए, जो अश्वनी के बराबर है, जबकि हिंगे ने 34 रन देकर चार विकेट लिए। कुल मिलाकर आईपीएल डेब्यू पर चार या उससे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की संख्या अब छह हो गई है।

■ हिंगे डेब्यू के पहले ओवर में तीन विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने। इससे पहले डिलन ड्रुप्रीज और अमित सिंह ने 2009 में अपने डेब्यू ओवर में दो-दो विकेट लिए थे, जबकि सचिन बेबी ने भी अपने पहले ओवर में दो विकेट लिए थे।

■ साकिब और हिंगे आईपीएल की एक ही पारी में चार-चार विकेट लेने वाली चौथी जोड़ी बने। यह दूसरी भारतीय जोड़ी भी है जिसने एक ही आईपीएल पारी में चार-चार विकेट लिए, इससे पहले 2023 में गुजरात टाइटंस के लिए मोहम्मद शमी और मोहित शर्मा ने हैदराबाद के खिलाफ ऐसा किया था।

■ हैदराबाद के गेंदबाजों ने पहली 18 गेंदों में ही राजस्थान के पहले पांच विकेट गिरा दिए। आईपीएल इतिहास में यह किसी टीम के पहले पांच विकेट गिरने के लिए सबसे कम गेंदें हैं। राजस्थान ने अपने पहले चार विकेट सिर्फ 10 गेंदों में गंवाए, जो एक और आईपीएल रिकॉर्ड है। इससे पहले गेंदबाजों के द्वारा सबसे तेज शुरुआत 2011 में केटीके की पारी के दौरान देखने को मिली थी। तब पहले चार विकेट 11 गेंदों में और पहले पांच विकेट 19 गेंदों में गिरे थे।

### ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| क्लासेन (हैदराबाद) | 224 |
| किशन (हैदराबाद) | 213 |
| वैभव (राजस्थान) | 200 |

### पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 10 |
| अंशुल कंबोज(चेन्नई) | 10 |
| रवि विश्नोई (राजस्थान) | 09 |



### बाउंड्री मीटर

390 छक्के
694 चौके
48 अर्धशतक



सीएसके के नूर अहमद ने केकेआर के खिलाफ तीन विकेट झटके। इसके साथ ही वे आईपीएल इतिहास में सबसे कम मैचों (42 मैच) में 50 विकेट लेने वाले लेफ्ट आर्म स्पिनर बन गए हैं। राशिद खान के बाद नूर दूसरे अफगान गेंदबाज बने, जिन्होंने आईपीएल में 50 विकेट पूरे किए।

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 | 0.889 |
| पंजाब | 4 | 3 | 0 | 7 | 0.637 |
| बेंगलुरु | 4 | 3 | 1 | 6 | 1.148 |
| हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 4 | 0.576 |
| दिल्ली | 4 | 2 | 2 | 4 | 0.322 |
| गुजरात | 4 | 2 | 2 | 4 | - 0.029 |
| लखनऊ | 4 | 2 | 2 | 4 | -0.427 |
| चेन्नई | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.846 |
| मुंबई | 4 | 1 | 3 | 2 | -0.772 |
| कोलकाता | 5 | 0 | 4 | 1 | -1.383 |

## आरसीबी-लखनऊ के मैच में शीर्ष बल्लेबाजों की गेंदबाजों से जंग

दोनों टीमों के बीच मुकाबला आज शाम 7.30 बजे से

जेएनएन, बेंगलुरु

मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ बुधवार को आईपीएल के 23वें मैच में अपने बल्लेबाजों से फिर से धमाकेदार प्रदर्शन की उम्मीद करेगा। आरसीबी अभी छह अंकों के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर हैं और चार अन्य टीमें चार-चार अंकों के साथ उसका पीछा कर रही हैं। बेंगलुरु की टीम शीर्ष पर काबिज राजस्थान से दो अंक और पंजाब से एक अंक पीछे है। लेकिन सच्चाई यह है कि आईपीएल के इस सत्र में आरसीबी के बल्लेबाजों ने गेंदबाजों के मन में जितना खौफ पैदा किया है, उतना कोई अन्य टीम नहीं कर पाई है। इस मैच में एक तरफ लखनऊ की गेंदबाजी है, जिसने अब तक चारों टीमों को 181 से कम के स्कोर पर रोका है, जबकि दूसरी तरफ आरसीबी की बल्लेबाजी है, जिसने पिछले चार मैचों में लगातार 200 से ज्यादा रन बनाए हैं। उनका रन रेट 11.8 है, जो अब तक लीग में सबसे ऊंचा है। दूसरी तरफ लखनऊ की गेंदबाजी ने इस सीजन में अब तक 8.5 की इकॉनमी से रन दिए हैं।



### आरसीबीः 200 बना रहे हैं, तो 200 बनवा भी रहे हैं

आरसीबी की टीम लखनऊ के खिलाफ भी 200+ स्कोर कर लेती है, तो वह लगातार सर्वाधिक 200+ स्कोर के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेगी। लगातार सबसे ज्यादा 200+ स्कोर का रिकॉर्ड हैदराबाद के नाम है, जिन्होंने 2025 और 2026 में 5 बार ऐसा किया। पंजाब ने 2023 में चार और आरसीबी ने 2024 में भी चार बार यह कारनामा किया था। दूसरी तरफ उनकी गेंदबाजी चिंता का विषय रही है, क्योंकि टीम ने अब तक हर मैच में 200+ रन भी दिए हैं।

### आरसीबी की बल्लेबाजी यूनिट का पूरा दम

इस सीजन आरसीबी की बल्लेबाजी एक यूनिट के तौर पर नजर आई है, जहां टॉप 5 के हर बल्लेबाज ने कम से कम एक अर्धशतक लगाया है। फिल सॉल्ट ने सीजन की धीमी शुरुआत के बाद वानखेड़े में मुंबई के खिलाफ 36 गेंदों पर 78 रन बनाकर अपने फॉर्म में वापसी का ऐलान किया। विराट कोहली ने 179 रन के साथ दो अर्धशतक लगाए हैं, सॉल्ट के नाम 132 रन और एक अर्धशतक है, देवदत्त पडिक्कल ने 125 रन के साथ दो अर्धशतक जड़े हैं, रजत पाटीदार 195 रन और दो अर्धशतक के साथ टीम के टॉप स्कोरर हैं, जबकि टिम डेविड ने 133 रन बनाते हुए एक अर्धशतक लगाया है।

## सैमसन आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ, पहली बार जीता अवॉर्ड

**दुबई, जेएनएन।** भारत की टी-20 विश्व कप की जीत के नायक संजू सैमसन को मंगलवार को आईसीसी का मार्च महीने का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना गया। सैमसन को इस प्रतियोगिता के शुरुआती मैचों में अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली थी, लेकिन बाद में जब उन्हें टीम में शामिल किया गया तो उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। सैमसन को यह मासिक सम्मान मिलने का मतलब है कि पिछले पांच महीनों में यह पुरस्कार किसी दूसरे देश के खिलाड़ी ने हासिल किया है। इस श्रेणी में पिछले चार खिलाड़ी साइमन हार्मर (दक्षिण अफ्रीका), मिचेल स्टार्क (ऑस्ट्रेलिया), डैरिल मिचेल (न्यूजीलैंड) और साहिबजादा फरहान (पाकिस्तान) शामिल हैं। सैमसन को पहली बार आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का सम्मान मिला है। न्यूजीलैंड की कप्तान मेली केर ने जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद महिला वर्ग में तीसरी बार यह पुरस्कार हासिल किया। सैमसन ने इस प्रदर्शन को अपने करियर का महत्वपूर्ण दौर करार दिया।



## ब्रिटेन में टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के बाद सूर्यकुमार के भविष्य पर हो सकती है चर्चा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सूर्यकुमार यादव की अगुआई में भारत ने भले ही टी-20 विश्व कप के खिताब का सफल बचाव किया हो, लेकिन उनकी बल्लेबाजी फॉर्म को देखते हुए सवाल उठने लग गए हैं कि क्या उन्हें 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए टीम में शामिल किया जाएगा या नहीं। इस संदर्भ में जून-जुलाई में भारत का इंग्लैंड और आयरलैंड का दौरा कप्तान के लिए महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि उनकी कप्तानी से कहीं अधिक उनकी बल्लेबाजी पर नजर रखी जाएगी। इस दौरे से यह तय हो सकता है कि क्या उन्हें 2028 में होने वाली बड़ी प्रतियोगिताओं तक टीम में बनाए रखा जाएगा या नहीं। वर्ष 2028 में अमेरिका में ओलंपिक और ऑस्ट्रेलिया में होने वाला टी-20 विश्व कप शामिल हैं। सूर्यकुमार अब भी मुख्य कोच गौतम गंभीर की पहली पसंद बने हुए हैं, जिनका कार्यकाल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले 2028 टी-20 विश्व कप तक बढ़ाए जाने की संभावना है। हालांकि यह देखना दिलचस्प होगा कि अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति गंभीर से सहमत होती है या नहीं, क्योंकि ओलंपिक के समय सूर्यकुमार की उम्र लगभग 38 साल हो जाएगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने कहा कि सूर्या अभी टीम की कप्तानी कर रहे हैं। लेकिन उन्हें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि एक बल्लेबाज के रूप में वह अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखें। ब्रिटेन दौरे में वह कप्तानी करेंगे, लेकिन उसके बाद 2028 तक की चर्चा पूरी तरह से प्रदर्शन पर आधारित हो सकती है।



## जडेजा को गेंदबाजी देकर जोखिम नहीं चाहते थेः पराग

**हैदराबाद, जेएनएन।** हैदराबाद के खिलाफ राजस्थान की हार के बाद कप्तान रियान पराग के फैसले ने बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में राजस्थान के कप्तान पराग ने स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा से एक भी ओवर गेंदबाजी नहीं करवाई, जिस पर अब सवाल उठ रहे हैं। मैच के बाद पराग ने खुद स्वीकार किया कि जडेजा को गेंदबाजी न देना एक मोमेंट का फैसला था। उन्होंने कहा कि बीच के ओवरों में इशान किशन शानदार लय में बल्लेबाजी कर रहे थे, इसलिए वे जोखिम नहीं लेना चाहते थे। पराग ने बताया कि उन्होंने उसी रणनीति पर टिके रहना बेहतर समझा और दूसरे गेंदबाजों, खासकर स्पिन विकल्प में बदलाव नहीं किया। हालांकि, पराग का यह फैसला टीम पर भारी पड़ गया।

## मुजरबानी पर 2 साल का प्रतिबंध

**लाहौर, जेएनएन।** पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) ने जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी पर दो साल का प्रतिबंध लगा दिया है, क्योंकि पीएसएल फ्रेंचाइजी के साथ अनुबंध होने के बावजूद उन्होंने आईपीएल में खेलने का विकल्प चुना था। मुजरबानी ने इस्लामाबाद यूनाइटेड के साथ अनुबंध किया था, लेकिन आईपीएल की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें अपनी टीम में शामिल होने की पेशकश की, जिसके बाद उन्होंने पीएसएल से हटने का फैसला किया। टी-20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले मुजरबानी ने अब तक केकेआर के लिए दो मैच खेले हैं और हैदराबाद के खिलाफ चार विकेट लिए थे।

## कार्स बाहर, मदुशंका सनराइजर्स में

**नई दिल्ली, जेएनएन।** श्रीलंका के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका को चोटिल ब्रायडन कार्स की जगह आईपीएल के बाकी मैचों के लिए हैदराबाद टीम में शामिल किया गया है। कार्स को आरसीबी के खिलाफ पहले मैच से पूर्व नेट्स पर अभ्यास के दौरान हाथ में चोट लगी थी। बाएं हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज मदुशंका ने श्रीलंका के लिए एक टेस्ट, 28 वनडे और 19 टी-20 खेलकर कुल 70 विकेट लिए हैं। आईपीएल के अनुसार मदुशंका 75 लाख रुपए में सनराइजर्स से जुड़ेंगे।

## विजडन पुरस्कारों में भारतीयों का दबदबाः दीप्ति महिला और अभिषेक टी-20 के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

जेएनएन, लंदन

भारतीय क्रिकेटरों ने विजडन अल्मनैक 2026 पुरस्कारों में अपना दबदबा बनाते हुए नौ में से सात पुरस्कार अपने नाम किए, जिसमें दीप्ति शर्मा को वर्ष की महिला क्रिकेटर और अभिषेक शर्मा को वर्ष का टी-20 क्रिकेटर चुना गया। शुभमन गिल, मोहम्मद सिराज, रिषभ पंत और रविंद्र जडेजा को पिछले साल इंग्लैंड में हुई टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने के कारण विजडन के वर्ष के पांच क्रिकेटरों में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेटरों के अलावा जिन अन्य देशों के खिलाड़ियों को पुरस्कार के लिए चुना गया उनमें ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क शामिल हैं, जिन्हें विश्व का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुना गया। उनके अलावा इंग्लैंड के बल्लेबाज हसीब हमीद थे को भी चार भारतीय खिलाड़ियों के साथ वर्ष के पांच सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों में भी शामिल किया गया। इन पुरस्कारों का ऐलान अल्मनैक के 163वें संस्करण के प्रकाशन से पहले किया गया।

पांच सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर में चार खिलाड़ी भारतीय



■ दीप्ति को यह सम्मान पिछले साल आईसीसी महिला वनडे विश्व कप में 22 विकेट लेने के लिए दिया गया। इस ऑलराउंडर के शानदार प्रदर्शन से भारतीय महिला टीम ने मुंबई में खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर अपना पहला वैश्विक खिताब जीता था। दीप्ति ने नौ मैचों में तीन अर्धशतकों की मदद से 215 रन भी बनाए थे। दीप्ति प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहीं।

■ अभिषेक ने 2025 के सत्र में शानदार प्रदर्शन किया। इस सत्र में उन्होंने 21 मैचों में 193 के बेहतरीन स्ट्राइक रेट से 859 रन बनाए, जिसमें एक शतक और पांच अर्धशतक शामिल हैं।

■ स्टार्क ने इस साल 11 टेस्ट मैचों में 17.32 की औसत से 55 विकेट लिए। इसमें वेस्टइंडीज के खिलाफ सिर्फ नौ रन देकर छह विकेट लेने का उनका करियर बेस्ट प्रदर्शन भी शामिल रहा।

## ओलंपिक्सः सिद्धांत और जस्टिना सोनवानी ने जीता स्वर्ण पदक

**भोपाल, खेप्र।** सिद्धांत कुशवाहा और जस्टिना सोनवानी 9वें इंजीनियर ओलंपिक्स में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में सोने का तगमा अपने नाम किया। एलएनसीटी में आयोजित प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एथलेटिक्स में 100 मीटर दौड़ में सिद्धांत और प्रिंस कुमार सिंह पहले और दूसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में रेणु ने दूसरा स्थान प्राप्त किया 200 मीटर में नागेश रायकवार और अनुराग मिश्रा क्रमशः पहले व दूसरे स्थान पर रहे। वहीं शॉटपुट में टीनू तिवारी ने स्वर्ण पदक जीता। जस्टिना ने रजत हासिल किया। पुरुष वर्ग में अभय शर्मा पहले और पद्मनाभ गौर दूसरे नंबर पर रहे। शतरंज में महिला वर्ग में यशस्वी चौकसे ने अंकिता कुमारी को हराया। पुरुष वर्ग में अनुज डंडोतिया ने दीपांशु असाती को शिकस्त दी।





# लाल मिर्च का कालीन

यह दृश्य बांग्लादेश के बोगरा जिले में स्थित सारियाकांडी उपजिला का है, जो अपने विशाल मिर्च उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। यहां जमुना नदी के किनारे (चार क्षेत्रों में) हजारों एकड़ भूमि पर मिर्च को धूप में सुखाया जाता है, जो एक लाल कालीन जैसा दिखता है। इन खेतों में कामगार (मुख्य रूप से महिलाएं) चिलचिलाती धूप से बचने के लिए रंग-बिरंगी छतरियों के नीचे बैठकर मिर्च को छांटने का काम करती हैं। कामगार मिर्चों को सुखाते हैं और खराब या टूटी हुई मिर्चों को अलग करते हैं। यह क्षेत्र न केवल मिर्च का उत्पादन करता है, बल्कि यह हजारों स्थानीय लोगों, विशेषकर महिलाओं को मौसमी रोजगार भी प्रदान करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुंबई कॉन्सर्ट में ड्रग ओवरडोज से 2 की मौत

**मुंबई, जेएनएन।** गोरेगांव स्थित नेस्को एग्जीबिशन सेंटर में रविवार की रात आयोजित एक लाइव म्यूजिक कॉन्सर्ट के दौरान संदिग्ध ड्रग ओवरडोज से दो एमबीए छात्रों की मौत हो गई। मृतकों में एक 24 वर्षीय युवती और एक 28 वर्षीय युवक शामिल हैं, जो दक्षिण मुंबई के एक प्रतिष्ठित मैनेजमेंट कॉलेज के छात्र थे। यह घटना शनिवार रात गोरेगांव ईस्ट के नेस्को ग्राउंड में इतालवी टेक्नो जोड़ी के कॉन्सर्ट के दौरान हुई। शुरुआती जांच में एमडीएमए गोलियों के ओवरडोज की आशंका जताई गई है। बताया जा रहा है कि छात्रों ने इवेंट में पहुंचने से पहले और वहां रहने के दौरान ये गोलियां ली थीं। मृतकों के अलावा एक 25 वर्षीय छात्रा की हालत अभी भी गंभीर है और वह आईसीयू में भर्ती है। ये छात्र करीब 15 दोस्तों के समूह के साथ कॉन्सर्ट में आए थे। पुलिस ने इस मामले में अब तक 5 से 6 लोगों को गिरफ्तार किया है।

### सिद्धारमैया ने राजनीतिक सचिव अहमद को हटाया

**बेंगलुरु, जेएनएन।** कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने मंगलवार को राजनीतिक सचिव और एमएलसी नजीर अहमद को तत्काल प्रभाव से उनके पद से हटा दिया है। ये कार्रवाई हाल ही में दावणगेरे दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के दौरान पार्टी-विरोधी गतिविधियों में उनकी कथित संलिप्तता के कारण की गई है। अहमद पर कांग्रेस उम्मीदवार समर्थ शमनूर के खिलाफ काम करने और एसडीपीआई के उम्मीदवार का समर्थन करने का आरोप है। उन्होंने और कुछ अन्य अल्पसंख्यक नेताओं ने पार्टी के टिकट वितरण पर असंतोष जताया था। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस हाईकमान, राज्य प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने अहमद को इस्तीफा देने के लिए कहा था।

### नीरव को जल्द लाया जा सकता है भारत!

**लंदन, जेएनएन।** भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को जल्द भारत लाया जा सकता है, क्योंकि उसके प्रत्यर्पण में एकमात्र कानूनी रुकावट भी खत्म हो सकती है। नीरव मोदी के प्रत्यर्पण के खिलाफ याचिका पर करीब दो हफ्तों में सुनवाई हो सकती है और अगर यह खारिज होती है तो उसे भारत वापस लाया जाएगा। इस बीच उसके मामले की सुनवाई कर रही यूरोपीय मानवाधिकार अदालत ने उसे गुमनामी की इजाजत दे दी है। फ्रांस के स्ट्रासबर्ग स्थित अदालत ने कहा है कि अदालत नीरव मोदी के मामले को गोपनीय रखेगी और इसकी सुनवाई बंद दरवाजों के पीछे की जाएगी।

## विधानसभा चुनाव: भाजपा ने तमिलनाडु में जारी किया घोषणा-पत्र

# महिलाओं को हर माह 2,000 और सालाना तीन एलपीजी सिलेंडर फ्री



**चेन्नई, जेएनएन।** भाजपा ने मंगलवार को तमिल नव वर्ष पर तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा-पत्र जारी कर दिया है। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा द्वारा चेन्नई में जारी इस घोषणा-पत्र में महिलाओं और परिवारों के लिए कई महत्वपूर्ण कल्याणकारी वादे किए गए हैं। भाजपा इस बार तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक (एआईएडीएमके) के नेतृत्व वाले राजग (एनडीए) गठबंधन के साथ चुनाव लड़ रही है।

### महिलाओं के लिए मुख्य घोषणाएं

- **मासिक सहायता:** प्रत्येक घर की महिला मुखिया को हर महीने 2,000 की आर्थिक मदद दी जाएगी।
- **3 फ्री एलपीजी सिलेंडर:** सालाना 3 गैस सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंगे, जो पोंगल, दीपावली और तमिल नव वर्ष के अवसर पर मिलेंगे।
- **ई-स्कूटर सब्सिडी:** पात्र महिलाओं को ई-स्कूटर खरीदने के लिए 25,000 की सब्सिडी प्रदान की जाएगी।
- **ब्याज-मुक्त ऋण:** महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) और महिला नेतृत्व वाली एमएसएमई इकाइयों को 50 लाख तक का ब्याज-मुक्त ऋण देने का वादा।

### अन्य प्रमुख वादे

- **पारिवारिक सहायता:** हर परिवार को महंगाई से राहत के लिए एक बार 10,000 की नकद राशि दी जाएगी।
- **किसानों के लिए:** पीएम-किसान योजना के तहत मिलने वाली राशि में 3,000 की अतिरिक्त राज्य सहायता जोड़कर इसे कुल 9,000 सालाना किया जाएगा।
- **शिक्षा ऋण:** बेरोजगारी के कारण शिक्षा ऋण न चुका पाने वालों के लिए ऋण माफी का प्रस्ताव।
- **सुरक्षा और कानून:** महिलाओं की सुरक्षा के लिए 'जीरो एफआईआर' रिपोर्टिंग और पूरे राज्य में सीसीटीवी निगरानी लागू करने का वादा किया गया है।

### लोकतंत्र को कमजोर कर रहे भाजपा-संघ



**कोलकाता, जेएनएन।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के रायगंज (उत्तरी दिनाजपुर) में एक बड़ी चुनावी रैली के साथ राज्य में कांग्रेस के प्रचार अभियान का शंखनाद किया। करीब 5 साल बाद बंगाल में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने बीजेपी, आरएसएस और टीएमसी पर तीखे हमले किए। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस की विचारधारा संविधान को नष्ट करने और 'वोट चोरी' के जरिए लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने टीएमसी पर युवाओं को रोजगार देने में विफल रहने का आरोप लगाया और दावा किया कि राज्य में बेरोजगारी भत्ता मांगने वाले 84 लाख युवा पंजीकृत हैं। राहुल ने दावा किया कि मोदी का आत्मविश्वास डगमगा गया है और वे उनसे 'आंखें नहीं मिला पा रहे हैं।' रायगंज के बाद राहुल ने मालदा, मुर्शिदाबाद में भी जनसभाएं की। उन्होंने प. बंगाल के लिए 'कांग्रेस की 5 गारंटी' का भी जिक्र किया और लोगों से ज्यादा सीटें जिताने की अपील की।

### बंगाल में किसी हाल में मस्जिद नहीं बनने देंगे



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के प्रचार के दौरान कहा कि यदि भाजपा राज्य की सत्ता में आती है, तो वह किसी भी परिस्थिति में बंगाल की धरती पर बाबरी मस्जिद जैसी किसी संरचना के निर्माण की अनुमति नहीं देगी। शाह ने 'आम जनता उन्नयन पार्टी' के नेता हुमायूं कबीर पर हमला बोला, जो मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद की शैली में एक मस्जिद बनाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हुमायूं कबीर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के 'एजेंट' के रूप में काम कर रहे हैं और यह निर्माण उनकी सहमति से हो रहा है। उन्होंने दोनों नेताओं को 'एक ही सांचे का' बताया। शाह ने स्पष्ट किया कि भाजपा ऐसे किसी व्यक्ति या दल के साथ गठबंधन करने के बजाय 20 साल तक विपक्ष में बैठना पसंद करेगी, जो बंगाल में बाबरी मस्जिद बनाने की बात करता हो। यह बयान बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को होने वाले दो चरणों के मतदान से पहले आया है, जिसके नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे।

## बेटियों से उनके हक के लिए अब और सालों तक इंतजार नहीं: प्रधानमंत्री



पीएम मोदी ने देश की महिलाओं के नाम लिखा पत्र

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की महिलाओं के नाम एक विशेष पत्र लिखकर 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' (महिला आरक्षण) पर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने कहा कि भारत की बेटियों से उनके हक के लिए अब और सालों तक इंतजार करने के लिए नहीं कहा जा सकता, क्योंकि वे विभिन्न क्षेत्रों में पहले ही उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। पीएम ने कहा कि जब महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, तो विधायी संस्थाओं (संसद विधानसभा) में उनकी भागीदारी बढ़ाना जरूरी है, और उन्हें उनके अधिकारों के लिए लंबा इंतजार नहीं कराया जा सकता। इस पत्र में सितंबर 2023 में पारित 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को एक ऐतिहासिक कदम बताया गया है, जो 2026 में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देगा। मोदी ने विश्वास जताया कि संसद इस विधायी प्रक्रिया को आगे बढ़ाकर देश की आधी आबादी को उनका हक दिलाएगी। यह पत्र महिला आरक्षण को जल्द जमीन पर उतारने की सरकार की इच्छाशक्ति को दर्शाता है।

### दिल्ली से देहरादून के बीच 6 नहीं अब 2.5 घंटे का सफर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को देहरादून में दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे (दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर) का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को 2029 के लोकसभा चुनावों से पूरी तरह लागू किया जाना चाहिए। इस एक्सप्रेसवे के शुरू होने से दिल्ली से देहरादून के बीच की यात्रा का समय 6 घंटे से घटकर मात्र 2.5 घंटे रह जाएगा।

## यूके में भारतीय मूल की स्पीच एंड लैंग्वेज थेरेपिस्ट बर्खास्त



**लंदन, जेएनएन।** यूके में एक भारतीय मूल की स्पीच एंड लैंग्वेज थेरेपिस्ट साई कीर्तना श्रीपेरंबुदुरु को अंग्रेजी ठीक से न समझ पाने और आवेदन में गलत जानकारी देने के आरोप में नौकरी से निकाल दिया गया। कारण यह रहा कि वह मरीजों और सहकर्मियों की बात ठीक से समझ नहीं पा रही थीं। यह मामला जून 2024 का हो, लेकिन इसकी जानकारी अब सामने आई है। कीर्तना ने अक्टूबर 2023 में यॉर्क एंड स्कारबरो टीचिंग हॉस्पिटल्स ह।।स्ट्रस्ट जॉइन किया था। जॉइनिंग के कुछ ही समय बाद सहकर्मियों को पता चला कि वह मरीजों और स्टाफ की अंग्रेजी ठीक से समझ नहीं पा रही थीं। स्पीच थेरेपिस्ट होने के बावजूद उन्हें उच्चारण, व्याकरण और बातचीत समझने में समस्या थी। अंततः जून 2024 में उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गईं।

## स्कूलों में घसीटाराम, नाहर जैसे अटपटे नाम बदल सकेंगे बच्चे

### राजस्थान सरकार देगी नए नामों का ऑप्शन, शिक्षा मंत्री बोले- किसी पर कोई दबाव नहीं

जयपुर, जेएनएन। राजस्थान सरकार ने स्कूलों में बच्चों के अटपटे या निरर्थक नामों को बदलने के लिए 'सार्थक नाम अभियान' शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में नाम की वजह से होने वाली हीन भावना को खत्म करना और उनके आत्मवि श्वास को बढ़ाना है। शिक्षा विभाग ने लगभग 2,950 सार्थक और सम्मानजनक नामों की एक सूची तैयार की है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने स्पष्ट किया है कि नाम बदलना अनिवार्य नहीं है और किसी पर भी कोई दबाव नहीं डाला जाएगा। नाम केवल तभी बदला जाएगा जब बच्चे के माता-पिता या अभिभावक इसके लिए अपनी लिखित सहमति देंगे। स्कूलों में शिक्षक उन बच्चों की पहचान करेंगे जिनके नाम असहज (जैसे घसीटाराम, शैतान, नाहर, कजोड़मल आदि) हैं और फिर अभिभावकों के साथ चर्चा कर उन्हें बेहतर विकल्प सुझाएंगे।

**जातिगत शब्दों पर रोक:** आधिकारिक रिकॉर्ड में अपमानजनक या जाति-आधारित शब्दों के उपयोग से बचने के भी निर्देश दिए गए हैं? शिक्षा विभाग के अनुसार, बच्चों के नाम उनकी सामाजिक छवि और मूल्यों का प्रतीक होते हैं, इसलिए सकारात्मक नाम उनके मानसिक विकास के लिए आवश्यक हैं।

## पाकिस्तान में अस्पताल की लापरवाही से 331 बच्चे हुए एचआईवी पॉजिटिव




8 साल के बच्चे की मौत से खुलासा, सिरिंज के दोबारा इस्तेमाल से फैला संक्रमण

**इस्लामाबाद, जेएनएन।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के ताउंसा शहर में सरकारी अस्पताल की भीषण लापरवाही से 331 बच्चे एचआईवी पॉजिटिव पाए गए हैं। इस त्रासदी का खुलासा 8 साल के बच्चे मोहम्मद अमीन की मौत के बाद हुआ। जांच में पाया गया कि ताउंसा के टीएचक्यू अस्पताल में मेडिकल स्टाफ एक ही सिरिंज और दवा की शीशी का इस्तेमाल कई बच्चों पर कर रहा था। विशेषज्ञ बताते हैं कि सुई बदलने के बाद भी सिरिंज की बॉडी में वायरस रह सकता है, जो अगले मरीज को संक्रमित कर देता है। नवंबर 2024 से अक्टूबर 2025 के बीच ताउंसा में कम से कम 331 बच्चे एचआईवी पॉजिटिव मिले हैं। मोहम्मद अमीन की मौत के बाद उसकी 10 साल की बहन असमा भी पॉजिटिव पाई गई। 32 घंटों की गुप्त रिकॉर्डिंग में 10 बार सिरिंज का दोबारा इस्तेमाल होते देखा गया। स्टाफ को 66 बार बिना दस्तानों के इंजेक्शन लगाते और मेडिकल कचरे को खुले में फेंकते पाया गया। यह पाकिस्तान में एचआईवी फैलने का पहला मामला नहीं है। इससे पहले रतोदेरो में 2019-2021 के बीच 1,500 से अधिक मामले सामने आए थे, जिनमें 900 से ज्यादा बच्चे थे। स्थानीय अधिकारियों ने मार्च 2025 में अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट को सस्पेंड किया था, लेकिन जांच से पता चलता है कि असुरक्षित स्वास्थ्य प्रथाएं उसके बाद भी जारी रहीं।

MADHUR CARGO
Packers & Movers
A Unit of Shree Madhur Transport Co.
Contact : 9713068681
OUR SERVICES
24/7 Hours Service
HOUSE HOLD SERVICE
LOADING/UNLOADING
MOVING & SHIFTING
PACKING SERVICE
OFFICE SHIFTING
TRANSPORTATION PAN INDIA
SAFE & ECONOMICAL MOVING SERVICE
B-34, Madhur Plaza Near Gurudwara
Transport Nagar Kokta, Bhopal PIN-462028

## वर्ल्डवाइड: 'धुरंधर' के दोनों पार्ट ने कमाए 3000 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली, जेएनएन।** रणवीर सिंह स्टारर 'धुरंधर' फ्रेंचाइजी ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 3000 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर इतिहास रच दिया है। यह उपलब्धि हासिल करने वाली यह पहली भारतीय फिल्म फ्रेंचाइजी बन गई है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी इन दोनों फिल्मों धुरंधर पार्ट-1 ने दुनियाभर में लगभग 1,307 करोड़ का कलेक्शन किया था। धुरंधर-2 द रिवेंज इसके दूसरे पार्ट ने और भी बड़ी कामयाबी हासिल की और अब तक वर्ल्डवाइड 1,712 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। दोनों भागों को मिलाकर फ्रेंचाइजी का कुल कलेक्शन 3,020 करोड़ के करीब पहुंच गया है।

### बाहुबली और पुष्पा को पछाड़ा

इस सीरीज ने 'बाहुबली' (2,440 करोड़), 'पुष्पा' (2,092 करोड़) जैसी बड़ी फ्रेंचाइजी के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। धुरंधर-2 भारत में किसी एक भाषा (हिंदी) में 1,000 करोड़ नेट का आंकड़ा पार करने वाली पहली फिल्म भी बनी है। वर्तमान में यह भारत की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म सीरीज है। यह फिल्म पाकिस्तान के ल्यारी में भारत के एक गुप्त मिशन 'ऑपरेशन धुरंधर' पर आधारित है, जिसे दर्शकों ने वैश्विक स्तर पर काफी पसंद किया है।

## नोएडा में मजदूर आंदोलन उग्र पुलिस की 15 कंपनियां तैनात




**गौतमबुद्ध नगर (नोएडा), जेएनएन।** वेतन वृद्धि की मांग को लेकर शुरू हुआ फैक्ट्री कर्मचारियों का आंदोलन दूसरे दिन भी उग्र हो गया। सेक्टर-121, 70 और 80 में प्रदर्शनकारियों की भीड़ सड़कों पर उतर आई और पुलिस से झड़प के दौरान कई जगह पथराव किया गया। कुछ स्थानों पर पुलिस वाहनों को भी निशाना बनाया गया। हालांकि पुलिस ने हालात को काबू में कर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ दिया। नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बताया अब तक 300 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। करीब 50 सोशल मीडिया (एक्स) अकाउंट चिन्हित किए गए हैं। जिनसे हिंसा भड़काने की कोशिश हुई।

### पीथमपुर में कर्मचारियों और पुलिस के बीच झूमाझटकी

**जागरण, पीथमपुर।** प्रदेश के पीथमपुर में मदरसन यूनिट 1 के बाहर प्रदर्शन के दौरान पुलिस और कर्मचारियों के बीच झूमाझटकी हुई। कंपनी की यूनिट 1 के बाहर मंगलवार को करीब 500 महिला और पुरुष कर्मचारियों ने हड़ताल शुरू कर दी। श्रमिकों ने महू-नीमच मार्ग जाम करने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उन्हें बलपूर्वक हटा दिया। श्रमिकों का आरोप है कि कंपनी प्रबंधन उनका आर्थिक शोषण कर रहा है और हक की आवाज उठाने वाले कर्मचारियों को नौकरी से निकाल रहा है।

## पिता बेचते थे घोड़ा, बेटे ने उसी के सीरम से बनाई वैक्सीन



आज दुनिया का सबसे बड़ा निर्माता, नेटवर्थ 2.5 लाख करोड़

**नई दिल्ली, जेएनएन।** यह कहानी भारत के 'वैक्सीन किंग' साइरस पूनावाला की है, जिन्होंने अपने पारिवारिक घोड़ों के व्यवसाय को दुनिया के सबसे बड़े वैक्सीन साम्राज्य में बदल दिया। साइरस पूनावाला के पिता, सोली पूनावाला, पुणे में 'पूनावाला स्टड फार्म' चलाते थे और घोड़ों के प्रजनन का काम करते थे। पूनावाला परिवार अपने रिटायर हो चुके घोड़े मुंबई के सरकारी हाफकिन इंस्टीट्यूट को दान कर देता था, जहां घोड़ों के रक्त से सीरम निकालकर वैक्सीन बनाई जाती थी। एक पशु चिकित्सक से मुलाकात के बाद 25 वर्षीय साइरस को विचार आया कि वे खुद अपने घोड़ों के सीरम से वैक्सीन बना सकते हैं। इसी विचार के साथ 1966 में उन्होंने सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) की नींव रखी।

**दुनिया का सबसे बड़ा निर्माता:** आज सीरम इंस्टीट्यूट खुराकों के मामले में दुनिया की सबसे बड़ी वैक्सीन निर्माता कंपनी है, जो हर साल 1.5 अरब से अधिक खुराकें बनाती है। अप्रैल 2026 की रिपोर्टों के अनुसार, साइरस पूनावाला का साम्राज्य लगभग 2.5 लाख करोड़ का है। उनकी वर्तमान अनुमानित संपत्ति लगभग 26.4 बिलियन (करीब 2.46 लाख करोड़) है। कंपनी पोलियो, डिप्थीरिया, टिटनेस और हाल ही में कोरोना की 'कोविशील्ड' जैसी महत्वपूर्ण वैक्सीन का निर्माण करती है। वर्तमान में उनके बेटे अदार पूनावाला कंपनी के सीईओ हैं और इस विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं।

दैनिक जागरण वर्गीकृत

जागरण क्लासीफाइड
डबल धमाका
हमारा वादा, कम में ज्यादा
एक के साथ एक फ्री स्कीम
रनिंग क्लासीफाइड के साथ
भोपाल संस्करण ₹300/-
संपूर्ण म.प्र. संस्करण ₹500/-
विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें
9826065324
डिस्प्ले क्लासीफाइड ₹50/- per sqcm.
Email : advtbhopaljagran@gmail.com

अण्डा
BHOPAL EGG RATE 540/-
Rate Suggested by RS Agro P.I.P.L. and Associated Poultry farmers.

आवश्यकता है
साक्षी ढाबे के पास फार्म पर गाय की देखभाल एवं अन्य कार्य हेतु शाकाहारी सेवक/परिवार की आवश्यकता है। रहने की व्यवस्था है, वेतन कार्य अनुसार।
संपर्क : 9303139085 (14-4)

सलाह
पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है। -व्यवस्थापक

**जलूद में 300 करोड़ की लागत से बने सोलर प्लांट का काम पूरा**

**जागरण, इंदौर।** जलूद में 60 मेगावाट का सोलर पार्क पूरी तरह तैयार हो चुका है। अब नर्मदा जल को इंदौर तक पहुंचाने के लिए सूरज की ऊर्जा से बनी बिजली का उपयोग किया जाएगा। इससे इंदौर को हर माह पांच करोड़ रुपए की बचत होगी। इसका लोकार्पण अगले महीने होने की संभावना है। मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने इस संबंध में मुख्यमंत्री मोहन यादव से चर्चा की है। सीएम के इंदौर दौरे के दौरान भी इस प्रोजेक्ट पर बातचीत हो सकती है।



**शहरी क्षेत्र में घुसे हाथी, विभाग ने खदेड़ा**

**जागरण, अनूपपुर।** जिले के जैतहरी नगर में सोमवार रात तीन हाथियों के घुसने से हड़कंप मच गया। ये हाथी राजेंद्रग्राम वनपरिक्षेत्र से आए थे और नगर परिषद जैतहरी के वार्ड 15 सहित बस स्टैंड के आबादी वाले क्षेत्र में घूमते देखे गए। नगरवासियों ने हाथियों को मुख्य सड़क से गुजरते देख वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और हाथियों को खदेड़कर जंगल की ओर भेजा।

### "ट्वीट ऑफ द डे"



**प्रशांत किशोर**
जनसुराज प्रमुख

ज्ञान की भूमि बिहार को 'चाल, चरित्र और चेहरा' का दावा करने वाली भाजपा की यह पहली सौगात है कि ऐसे व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाया गया है, जिसका चाल, चरित्र और चेहरा तीनों ही चर्चा का विषय होना चाहिए। यह नई भाजपा है, जिसने दिखा दिया है कि अब बिहार को गुजरात से चलाया जाएगा। भाजपा की प्राथमिकता ऐसी स्थिति बनाए रखना है, जिसमें बिहार के युवाओं को कम वेतन पर काम करने के लिए अन्य राज्यों, विशेषकर गुजरात जाना पड़े।

# भोपाल में सीजन का सबसे गर्म दिन नर्मदापुरम में 42 डिग्री पहुंचा पारा

## दो दिन बाद प्रदेश में हीट वेव की चेतावनी, कई जिलों में 39 डिग्री तक चढ़ा तापमान

**नगर संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में गर्मी का दौर अब शुरू हो चुका है। मंगलवार को भोपाल सहित कई जिलों में तेज गर्मी रिकार्ड की गई है। प्रदेश की राजधानी भोपाल में सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। यहां दिन का अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री रहा। इस सीजन में यह अब तक का सबसे गर्म दिन है। इससे पहले इस वर्ष अभी तक इतना पारा नहीं गया। वहीं प्रदेश में सबसे गर्म स्थान नर्मदापुरम रहा, यहां दिन का अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री रहा। मौसम केंद्र भोपाल से मिली जानकारी अनुसार मध्य प्रदेश में गर्मी ने अब तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। सीजन में पहली बार तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 16 और 17 अप्रैल को प्रदेश के कई जिलों में भीषण लू चल सकती है। मंगलवार को नर्मदापुरम प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यहां रात का तापमान भी 25.6 डिग्री रहा। इसके बाद रतलाम में 41.4 डिग्री और खजुराहो-नौगांव में 41 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ।

**आज नया सिस्टम लेकिन राहत नहीं**

15 अप्रैल से एक नया मौसम सिस्टम बन तो रहा है, लेकिन वह काफी कमजोर है। इसका मतलब है कि अब गर्मी से राहत मिलने के आसार कम हैं। मौसम विभाग के अनुसार, अप्रैल का दूसरा पखवाड़ा ऐतिहासिक रूप से सबसे गर्म रहता है। ग्वालियर में तो तापमान 45 और भोपाल में 44 डिग्री तक जाने का रिकॉर्ड रहा है।



**सागर में स्कूलों का टाइम बदला**

सागर जिले में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। दोपहर के समय झुलसाने वाली धूप को देखते हुए मंगलवार को जिला प्रशासन ने स्कूलों के समय में बदलाव किया है। अब नर्सरी से 12वीं तक की कक्षाएं सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगेंगी। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी ने आदेश जारी किया है। इधर, अशोकनगर में भी स्कूलों का समय बदल गया है। अब 12वीं तक के स्कूल सुबह 7:30 बजे से संचालित होंगे।

**सभी जिलों में बढ़ा तापमान**

प्रदेश के 15 शहरों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री या उससे अधिक पहुंच गया। इनमें धार (40.6), बैतूल (40.5), श्योपुर और रायसेन (40.4), शाजापुर, गुना और खरगोन (40.2), छिंदवाड़ा (40.1) शामिल हैं। दमोह, सागर और मलाजखंड में तापमान 40 डिग्री दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल और जबलपुर में 39.6 डिग्री, इंदौर में 39.8 डिग्री और ग्वालियर-उज्जैन में 39.5 डिग्री तापमान रहा। भोपाल में गर्म हवाओं का असर बना है। तापमान 40 डिग्री के करीब पहुंच गया है। नर्मदापुरम में मंगलवार को पारा 42 डिग्री पर पहुंच गया। लोग नर्मदा में नहाने पहुंचे।

**दो दिन यहां लू का अलर्ट**

मौसम विभाग के अनुसार 16 और 17 अप्रैल को रतलाम, झाबुआ, आलीराजपुर, धार, खरगोन, खंडवा, सीधी, सिंगरौली, मंडला और बालाघाट में लू चलने की संभावना है। वहीं भोपाल, इंदौर और उज्जैन में भी गर्म हवाओं का असर बना रहेगा।

### दूसरे व्यक्ति के साथ गई महिला को अमानवीय सजा

# मुंडन कराकर पत्नी के कंधे पर पति को बैठाकर घुमाया



**पति सहित छह पर केस दर्ज चार आरोपियों को किया गिरफ्तार**

**जागरण, झाबुआ।** प्रदेश के झाबुआ में इंसानियत को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला का मुंडन कराकर पति को उसके कंधे पर बैठाकर पूरे गांव में घुमाया गया। महिला का कसूर सिर्फ इतना था कि वह किसी दूसरे व्यक्ति के साथ चली गई थी। इसकी उसे इस तरह की अमानवीय सजा दी गई। हैरत की बात यह रही कि लोग चुपचाप यह तमाशा देखते रहे।

घटना काकनवानी थाना क्षेत्र के एक गांव में 13 अप्रैल को हुई, जिसका वीडियो मंगलवार को सामने आया है। पुलिस ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। अब तक पति सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। महिला पर आरोप था कि वह किसी अन्य व्यक्ति के साथ चली गई थी। इसके बाद परिवार और ग्रामीणों ने मिलकर महिला को प्रताड़ित किया, उसे जबरन पति को कंधे पर बैठाकर गांव में घुमाया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने पीड़िता को तलाश कर सुरक्षा दी है। एएसपी प्रतिपाल सिंह महोबिया ने बताया कि मामले में सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस घटना में करीब 10 लोग शामिल थे। पुलिस ने अब तक चार आरोपियों सूर्या डामोर, दिलीप भूरिया, बाबू भूरिया और शैलेश भूरिया को गिरफ्तार किया है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## कांग्रेस अध्यक्ष चौकसे का वाट्सऐप अकाउंट हैक

**जागरण, इंदौर।** नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष और इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे का वाट्सऐप अकाउंट हैक कर लिया गया। हैकर्स ने उनके कॉन्टैक्ट लिस्ट में मौजूद लोगों को मैसेज भेजकर पैसों की मांग शुरू कर दी। इन मैसेज में 50 हजार से लेकर 52 हजार रुपये तक की मदद मांगी गई। साइबर फ्रॉड की शुरुआत एक संदिग्ध फोन कॉल से हुई। चिंटू चौकसे को पार्सल डिलीवरी के नाम पर कॉल आया, जिसमें उन्हें एक डिलीवरी बॉय से संपर्क करने के लिए कहा। चौकसे ने दिए गए नंबर पर तीन बार कॉल भी किया, लेकिन सामने से कोई जवाब नहीं मिला। इसी के कुछ समय बाद उनका वाट्सएप अकाउंट हैक हो गया। चौकसे ने तत्काल क्राइम ब्रांच के कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई।

## विदेशी यात्री के बैग से खाली कारतूस बरामद

**जागरण, भोपाल।** भोपाल एयरपोर्ट पर रजिस्टर्ड सामान की स्क्रीनिंग के दौरान सुरक्षा कर्मचारियों को विदेशी यात्री के कब्जे से एक खाली कारतूस बरामद हुआ। यात्री मंगलवार दोपहर 12 बजे एयर इंडिया की फ्लाइट से मुंबई जा रहा था। जहां चेक-इन करते समय उसकी ट्रॉली बैग से कारतूस जब्त किया। पूछताछ करने पर यात्री ने खुद को एक वन्यजीव फोटोग्राफर बताया और यहां सतपुड़ा घूमने आया था। बरामद कारतूस के बारे में कोई जानकारी नहीं होने और संबंधित लाइसेंस नहीं दिखाने पर टीम ने उसे गांधी नगर पुलिस को सौंप दिया। जिसके बाद पुलिस ने पूछताछ के बाद यात्री को छोड़ दिया।

# भोपाल गैसकांड का कचरा जलाने वाली कंपनी में अचानक तीन धमाके

## पीथमपुर में एक किमी तक सुनाई दी गूंज, गिरा घरों का सामान

जागरण, पीथमपुर। प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर के सेक्टर-2 में रामकी एनवायरो कंपनी में मंगलवार को तीन धमाके हुए। धमाकों की गूंज लगभग एक किलोमीटर दूर तक सुनाई दी, जिससे आसपास के ग्रामीण इलाकों में दहशत फैल गई। विस्फोटों की तीव्रता इतनी अधिक थी कि कंपनी के निकटवर्ती तारपुरा और बजरंगपुरा गांवों में लोगों ने झटके महसूस किए। ग्रामीणों ने बताया कि धमाकों के कारण उनके घरों में रखे बर्तन और टेलीविजन तक स्टैंड से नीचे गिर गए। सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। सीएसपी रवि सोनेर ने बताया कि हम घटनास्थल की जांच कर रहे हैं। फिलहाल किसी भी व्यक्ति के घायल होने की खबर नहीं है। स्थिति नियंत्रण में है और धमाके के कारणों का पता लगाया जा रहा है। रामकी एनवायरो में ब्लास्ट मामले में थाना प्रभारी ओम प्रकाश अहीर ने बताया कि घटना की सूचना के बाद पुलिस बल मौके पर पहुंचा था। कोई जनहानि की सूचना नहीं है।



**कंपनी ने जलाया था भोपाल गैस कांड का कचरा**

रामकी एनवायरो कंपनी का विवादों से पुराना नाता रहा है। पिछले साल यह कंपनी भोपाल गैस कांड के जहरीले कचरे को जलाने के कारण देशभर में चर्चा का विषय बनी थी। कचरा प्रबंधन और निपटान का कार्य करने वाली इस कंपनी में हुए इन धमाकों ने एक बार फिर औद्योगिक सुरक्षा मानकों पर सवाल खड़े किये हैं। मौके पर पुलिस और तकनीकी विशेषज्ञों की टीम कंपनी के अंदर धमाके के वास्तविक कारणों की पड़ताल में जुटी हुई है। मामले में अब तक कंपनी का कोई पक्ष सामने नहीं आया है।

# अल नीनो के खतरे से बिगड़ सकता है मानसून का मिजाज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रकृति इस साल भारतीय किसानों का कड़ा इम्तिहान लेने के मूड में है। मौसम विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को मानसून का जो पहला पूर्वानुमान जारी किया है, उसने न केवल वैज्ञानिकों बल्कि करोड़ों लोगों की नींद उड़ सकती है। चेतावनी साफ है दी गई है कि इस साल मानसून धोखा दे सकता है। अगर आप सोच रहे हैं कि यह एक साधारण मौसमी बदलाव है। अगले 90 दिनों के भीतर भारत के ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरों की थाली तक इसका




गहरा असर दिखने वाला है। मौसम विभाग के मुताबिक, इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान बारिश 'सामान्य से कम' रहने वाली है। आंकड़ों की बात करें तो कुल बारिश लंबी अवधि के औसत का केवल 92 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वैज्ञानिकों के लिए सबसे ज्यादा चिंता की बात जून नहीं, बल्कि जुलाई के बाद का समय है।

**अल-नीनो क्या है?**

अल नीनो प्रशांत महासागर की एक जटिल मौसमी घटना है, जो तब घटती है जब दक्षिण अमेरिका के तट के पास पूर्वी प्रशांत महासागर की सतह का पानी गर्म हो जाता है। सामान्य परिस्थितियों में ये हवाएं गर्म पानी को पश्चिम की ओर धकेलती हैं, लेकिन अल नीनो के दौरान ये हवाएं कमजोर पड़ जाती हैं, जिससे गर्म पानी वापस पूर्व की ओर बहने लगता है और वायुमंडलीय सर्कुलेशन का संतुलन बिगड़ जाता है। भारतीय मानसून के संदर्भ में बात करें यह मानसूनी हवाओं के सामान्य प्रवाह को बाधित करती है। नमी से भरी हवाओं को भारतीय उपमहाद्वीप से दूर ले जाती है, जिसकी वजह से भारत में बारिश 'सामान्य से कम' होती है, सूखे जैसी स्थिति पैदा होती है।

# रील बनाने का जानलेवा शौक तीन दोस्तों की मौत, 2 घायल

**मऊगंज में नेशनल हाईवे पर बाइक अनियंत्रित होकर खड़े ट्रेलर ट्रक से टकराई**

**जागरण, मऊगंज।** सोशल मीडिया पर रील बनाने का जुनून आज युवाओं के सिर चढ़कर बोल रहा है, लेकिन यह जानलेवा साबित हो रहा है। फिर भी युवा नहीं रुक रहे हैं। ऐसा ही एक मामला मऊगंज जिले से सामने आया है, जहां नेशनल हाईवे पर रील बनाने के चक्कर में हुए भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर घायल हैं। यह दर्दनाक हादसा मंगलवार सुबह 11 बजे मऊगंज थाना क्षेत्र के पन्नी पथरिया के पास नेशनल हाईवे पर हुआ।

प्रत्यक्षदर्शी और पुलिस के अनुसार, एक पल्सर बाइक पर सवार तीन युवक तेज रफ्तार बाइक चलाते हुए मोबाइल से रील बना रहे थे। रील बनाने की धुन में उनका ध्यान सड़क से भटक गया और



उनकी बाइक सड़क किनारे खड़े एक ट्रेलर ट्रक से जा टकराई। इसी दौरान पीछे से आ रही एक अन्य टीवीएस अपाचे बाइक भी असंतुलित होकर टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि पल्सर सवार तीनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान उपलक्ष्य कोल 17 वर्ष, अमरीश कोल 22 वर्ष और हेमराज कोल 17 वर्ष के रूप में हुई है। ये तीनों मृतक बेला थाना लौर क्षेत्र के निवासी हैं। वहीं, दूसरी बाइक पर सवार प्रशांत द्विवेदी 19 वर्ष और प्रदीप द्विवेदी 17 वर्ष, जो चितईपुरवा पिपरा थाना लौर के रहने वाले हैं, गंभीर रूप से घायल हो गए।

## वन आरक्षक की हत्या का मुख्य आरोपी अहमदाबाद से गिरफ्तार

**जागरण, मुरैना।** जिले में वन विभाग के आरक्षक को ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी ट्रैक्टर चालक विनोद कोरी को गुजरात के अहमदाबाद से गिरफ्तार कर लिया है, जिस पर 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। इससे पहले पुलिस ने ट्रैक्टर मालिक पवन तोमर और एक अन्य आरोपी सोनू चौहान को गिरफ्तार कर लिया था। जानकारी के अनुसार दिमनी पुलिस अवैध रेत माफिया के खिलाफ कार्रवाई कर रही थी। इसी दौरान 8 अप्रैल की सुबह रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक विनोद कोरी ने वन आरक्षक हरकेश गुर्जर को जान-बूझकर कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी, घटना के बाद से आरोपी फरार था। एडिशनल एसपी सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपी विनोद कोरी को अहमदाबाद से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर मालिक पवन तोमर स्थानीय स्तर पर एक राजनीतिक दल से भी जुड़ा हुआ है।



**पुलिस ने किया था 10 हजार रुपए का इनाम घोषित**

**देश-विदेश** | भारत पर होगा प्राकृतिक, पर्यावरणीय राजनीतिक असर

# चीन ब्रह्मपुत्र पर बना रहा सबसे बड़ा बांध

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत और चीन के संबंधों में अक्सर ही उतार-चढ़ाव देखा जाता है। हालांकि चीन कुछ न कुछ ऐसा करने से बाज नहीं आता जिससे भारत को परेशानी हो। चीन ने अपने महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट ब्रह्मपुत्र नदी पर बांध बनाने का काम पिछले साल से ही शुरू कर दिया है। तिब्बत से आने वाली इस नदी पर चीन दुनिया का सबसे बड़ा जलविद्युत बांध बना रहा है। चीन का नया बांध तीन गॉर्जेस बांध से भी बड़ा होगा। यह चीन की यांगत्ज़ी नदी पर बना एक जलविद्युत बांध है, जिसने धरती के घूमने की गति को भी धीमा कर दिया था। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार इस बांध की वजह से धरती की घूर्णन गति 0.06 माइक्रोसेकंड प्रतिदिन धीमी हो गई थी। चीन का नया बांध तीन गॉर्जेस बांधसे भी ज्यादा प्रभाव डालेगा क्योंकि इसका आकार और जल भंडारण क्षमता कई गुना ज्यादा होगी।




**दुनिया में सबसे ज्यादा बिजली का होगा उत्पादन**

चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने इसे सदी का प्रोजेक्ट बताया है। यह चीन को 2030 तक कार्बन उत्सर्जन कम करने और 2060 तक नेट-जीरो लक्ष्य हासिल करने में मदद करेगा। बांध की लागत लगभग 1.2 ट्रिलियन युआन होगी और इससे प्रति वर्ष लगभग 300 बिलियन किलोवॉट घंटे बिजली का उत्पादन हो सकेगा।

**भारत पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा**

**जल प्रवाह पर नियंत्रण और जल संकटः** चीन इस बांध के जरिए ब्रह्मपुत्र नदी के जल प्रवाह को नियंत्रित कर सकता है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि चीन, नदी के पानी को रोककर भारत के अरुणाचल प्रदेश, असम और मिजोरम में कृषि, सिंचाई और पेयजल की आपूर्ति को प्रभावित कर सकता है। **बाढ़ का खतराः** ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन के बांध बनाने से अरुणाचल प्रदेश और असम में बाढ़ का खतरा भी मंडराने लगेगा। अरुणाचल प्रदेश और असम में तबाही मचाने वाली बाढ़ आ सकती है। **भू-राजनीतिक खतराः** अगर दोनों देशों में बॉर्डर पर तनाव हुआ, तो चीन, इस बांध का इस्तेमाल भारत पर दबाव बनाने के लिए कर सकता है।







मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त,** संपादक : **राजीव मोहन गुप्त,** स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या. :** 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।